फाइटर का ट्रेलर रिलीज 10



16:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ››016 epaper.rashtriyakhabar.com पौष, शुक्लपक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2080

### विदुर नीति

मानाग्निहोत्रमुत मान मौनं मानेनाधीतमुत मानयज्ञः।
एतानि चत्वार्यभयंकराणि भयं प्रयच्छं त्य तथाकृ तानि॥

मावार्थ : अग्निहोत्र, मौन धारण करना, स्वाध्याय तथा अनुष्ठान इन चार कार्यों को यदि श्रद्धापूर्वक किया जाए तो अभय की प्राप्ति होती है, अन्यथा ये भयदायक होते हैं।



PR 316098 (IPRD)23-24

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 06.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .24 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .32 बजे

## अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन

**मुंबई**: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी प्रदीप शाह का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वह 65 वर्ष की थीं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजेश्वरीबेन को हाल ही में अहमदाबाद अस्पताल में फेफड़े के प्रत्यारोपण के बाद डॉक्टरों ने मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में स्थानांतरित किया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। श्री शाह ने पिछले सप्ताह दक्षिण मुंबई स्थित इस अस्पताल में उनसे मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी उनसे मुलाकात की थी। बहन के निधन के बाद श्री शाह ने अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और वह अहमदाबाद के एक उपनगरीय इलाके में उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने जा सकते हैं।इस बारे में हालांकि अब तक पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है।

## केरल के त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में मोदी करेंगे पूजा

**त्रिशूर**: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केरल के गुरुवायुर शहर में स्थित श्री कृष्ण मंदिर में दर्शन के बाद यहां के निकट त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, श्री मोदी हेलिकॉप्टर से सुबह 08:00 बजे गुरुवायुर पहुंचेंगे और श्रीकृष्ण मंदिर में पूजा करेंगे। मंदिर में 20 मिनट रुकने के बाद वह भारती जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद सुरेश गोपी की पुत्री की शादी में शामिल होंगे और पूजा-अर्चना करने के लिए त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर के लिए रवाना होंगे। दरअसल, त्रिप्रयार भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है, जिसके मुख्य देवता भगवान राम हैं। प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से, यह गुरुवायुर की उनकी दूसरी यात्रा है। वह दिल्ली रवाना होने से पहले मरीन ड्राइव में भाजपा की बूथ-स्तरीय संगठनात्मक समिति, शक्तिकेंद्र के पदाधिकारियों की एक बैठक को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले 16 जनवरी को कोच्चि पहुंचने पर मोदी एक रोड शो में हिस्सा लेंगे।

## उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागा

**प्योंगयांग**: उत्तर कोरियाई सरकार ने कहा कि प्योंगयांग में हाल ही में किए गए ठोस ईंधन वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण सफल रहा है। यहां की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापानी और दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया। इस दौरान मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर जाकर गिरी। यह मिसाइल हाइपरसोनिक, युद्धाभ्यास, नियंत्रित हथियार से लैस थी। यह प्रक्षेपण मिसाइल के इंजन सहित अन्य उपकरणों की विश्वसनीयता की जांच करने के लिए किया गया था। एजेंसी के मुताबिक उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। यह 2024 में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया ।

## फूलों की दुकान में आग लगने से चार की मौत

**हनोई**: वियतनाम की राजधानी हनोई में सोमवार को फूलों की एक दुकान में आग लग गयी जिससे दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया कि शहर के ओल्ड क्वार्टर इलाके में हंग लुओक स्ट्रीट पर स्थित चार मंजिला दुकान में सुबह चार बजकर 40 मिनट पर आग लग गई। इस हादसे में दम घुटने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। लगभग 20 वर्ग मीटर के इस दुकान का केवल एक ही अग्रभाग है। पहली मंजिल पर एक रोलिंग दरवाजा है और दूसरी और तीसरी मंजिल के सामने बाड़ लगी हुई है। स्थानीय मीडिया वीएनएक्सप्रेस ने बताया कि अंदर मौजूद लोग ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर या अगले घर पर चढ़कर ही अपनी जान बचा सकते थे। मामले की जांच की जा रही है। दमकल और बचाव पुलिस विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में देश में आग लगने की करीब 3,440 घटनाएं हुयीं जिनमें 146 लोगों की मौत हो गई और 109 अन्य घायल हो गए। इस दौरान लगभग 878 अरब वियतनामी डोंग की संपत्ति का नुकसान हुआ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** मणिपुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को दूसरे दिन भी जनसमर्थन

# आपके मन की बात सुनने आये हैः राहुल

- मोदी के लिए लक्ष्यद्वीप जाने का समय है
- आपका दर्द शायद उन्हें महसूस नहीं होता
- भाईचारा और सद्भाव चाहते हैं इस राज्य में

राष्ट्रीय खबर

**गुवाहाटी:** हम आपको अपने मन की बात नहीं बताना चाहते बल्कि आपके मन की बात सुनना चाहते हैं। हम आपका दर्द जानना चाहते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को खोंगजोम (मणिपुर) में कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण के लिए शहर में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम भाईचारे और सद्भाव के दृष्टिकोण को साझा करना चाहते हैं। पिछले साल मई से जातीय झड़पों से परेशान है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, लाखों लोग प्रभावित हुए, और लोग परिवार के सदस्यों के सामने मारे गए। लेकिन प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपको गले लगाने के लिए मणिपुर नहीं गए हैं। शायद उनके लिए मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है और आपका दर्द उनका दर्द नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जो आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल हुए, उनके अलावा कई कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह भी शामिल हुए, उन्होंने कहा, हमारी एक लंबी यात्रा है। मुझे लगता है कि ऐसी यात्रा न पहले कभी हुई है और न भविष्य में होगी. मोदी वोट

›› पेज 2 भी देखें



### हम भाईचारे और सद्भाव का दृष्टिकोण साझा करना चाहते हैं

गांधी ने कहा कि मणिपुर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा फैलाई गई नफरत और विचारधारा की राजनीति का उदाहरण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस मणिपुर में सद्भाव और शांति वापस लाने का प्रयास करेगी। अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के दूसरे चरण का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा रखने के निर्णय पर विस्तार से बताते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि न्याय वर्तमान में देश में हो रहे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अन्याय को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं को सुनना था। हम आपको अपने मन की बात नहीं बताना चाहते बल्कि आपके मन की बात सुनना चाहते हैं। हम आपका दर्द जानना चाहते हैं. हम भाईचारे और सद्भाव का दृष्टिकोण साझा करना चाहते हैं, उन्होंने कहा। यह कांग्रेस नेता की दूसरी यात्रा थी क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में जातीय संघर्ष के दौरान राज्य का दौरा किया था। मैं पिछले साल 29 जून को मणिपुर आया था और तब मैंने जो देखा और सुना, वह मैंने पहले कभी नहीं सुना या देखा था। मैं 2004 से राजनीति में हूं। लेकिन यह पहली बार था जब मैंने किसी राज्य में शासन का पतन देखा। गांधी ने कहा, मणिपुर अब विभाजित हो गया है और हर कोने में नफरत फैल गई है।

जंगल से निकलकर यह बाघ शहर के समीप सादिया गांव तक आ पहुंचा हैं

## पीलीभीत के गांवों में फिर से बाघिन का आतंक



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** पीलीभीत के इलाके के गांवों में फिर से बाघ की खबर है। मिली जानकारी के मुताबिक पास के जंगल से निकलकर यह बाघ शहर के समीप सादिया गांव तक आ पहुंचा है। वहां के गांव वालों का दावा है कि शनिवार की देर रात गांव में घुसकर सुअर को मारने के बाद बाघ ने गांव के पास ही डेरा डाल दिया है। हालांकि रविवार को दिन में बाघ की कोई हलचल नहीं दिखी। सूचना पाकर वहां पहुंची वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी हुई है। लोगों के मुताबिक यह दरअसल एक बाघिन है।

चार दिन पहले अटकोना गांव से पकड़े गए बाघिन की मौजूदगी शहर के चार किलोमीटर के दायरे में देखी जा रही है। गुरुवार को आसाम जंक्शन पर पेट्रोल पंप के पास एक प्लॉट में झाड़ियों में बाघ घुस गया। रात को यहां से निकले और अगले दिन देवा नदी के तट पर पहुंचे। अब इस घटना के तीसरे दिन शनिवार को सादिया गांव की सीमा पर पहुंची और घर में घुसकर सुअर समेत एक बकरी को मार डाला। रविवार को भी बाघिव सादिया गांव के आसपास थी। मुख्य वन संरक्षक बी प्रभाकर ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि रात में बाघ की सक्रियता बढ़ जाती है। एसडीओ अंजनी कुमार ने बताया, टीम लगातार बाघिन की लोकेशन पर नजर रख रही है।

इस बाघिन के डर से लोग दो दिनों से डेभा नदी के किनारे सदिया गांव के खेतों में नहीं जा रहे हैं। शुक्रवार की रात यह बाघिन गांव में घुस आई और एक बकरी को मार डाला। इसके बाद वह एक खेत में घुस गया। आसपास के गन्ने के खेतों में बाघिन होने की आशंका है। इसी डर से किसान रविवार को खेत में नहीं उतरे। कॉलर आईडी पहनने के बाद भी जंगल से निकलकर

›› पेज 2 भी देखें

शंकराचार्य ने धार्मिक ग्रंथों का उदाहरण भी दिया

## धार्मिक विधि के खिलाफ है श्री राम मंदिर का उद्घाटन

- हिंदू धर्म में श्रेष्ठ होते हैं शंकराचार्य
- मंदिर में कलश शिखर पर लगता है
- प्रतिमा के चक्षु दान की विधि भी है



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को बताया कि उन्होंने क्यों कहा कि अयोध्या राम मंदिर अधूरा है और इसलिए वह उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि यह धार्मिक ग्रंथों के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर भगवान का शरीर है, मंदिर का शिखर भगवान की आंखों का प्रतिनिधित्व करता है और कलश सिर का प्रतिनिधित्व करता है। शंकराचार्य ने कहा, मंदिर पर लगा झंडा भगवान का बाल है। बिना सिर या आंखों के शरीर में प्राण-प्रतिष्ठा करना सही नहीं है। यह हमारे शास्त्रों के खिलाफ है। इसलिए, मैं वहां नहीं जाऊंगा क्योंकि अगर मैं वहां जाऊंगा तो लोग कहेंगे कि शास्त्रों का उल्लंघन किया गया है। हमने जिम्मेदार लोगों के साथ, विशेष रूप से अयोध्या ट्रस्ट के सदस्यों के साथ यह मुद्दा उठाया है - कि मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद उत्सव मनाया जाना चाहिए। उत्तराखंड शंकराचार्य ने कहा, जब सिर, आंख न हो तो प्राण-प्रतिष्ठा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आम तौर हिंदू घरों में भी गृह प्रवेश कब होता है, इसे सभी जानते हैं।

शंकराचार्य हिंदू धर्मग्रंथों के सर्वोच्च प्राधिकारी हैं और चार शंकराचार्य हैं - उत्तराखंड, ओडिशा, कर्नाटक और गुजरात में। इन चारों ने कहा कि वे राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। इससे एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया क्योंकि कांग्रेस ने निमंत्रण को अस्वीकार करने का बहाना शंकराचार्य के इस स्पष्टीकरण पर आधारित किया कि मंदिर पूरा नहीं हुआ है। पुरी गोवर्धनपीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने निमंत्रण अस्वीकार करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को पहले ही राजनीतिक रंग मिल गया है क्योंकि पीएम मोदी समारोह का संचालन करेंगे। कर्नाटक के शंकराचार्य भारती तीर्थ और गुजरात के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती भी इस आयोजन से दूर रहेंगे।

दूसरी तरफ विहिप ने कहा कि चार

›› पेज 2 भी देखें

## फिर से मौसम ले चुका है करवट, बारिश के आसार



**कोलकाता**: देश के कई इलाकों में एक साथ मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में ताजा पश्चिमी मानसून सक्रिय हो गया है, जिसके कारण उत्तरी हवाएं रुक गई हैं और इससे मध्य प्रदेश में मौसम में फिर से अचानक बदलाव आया है। रात के तापमान में गिरावट बंद हो गई है और दिन में धूप महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा और 16 जनवरी के बाद फिर से पश्चिमी तूफान के प्रभाव से राज्य में मौसम बिगड़ेगा और तापमान में गिरावट के साथ बारिश होगी। दूसरी तरफ कोलकाता मौसम कार्यालय के मुताबिक शीत लहरी के बीच ही घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। उम्मीद है कि तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा और ठंड का असर कम होगा। अगले 24 घंटों में पश्चिम बंगाल और आस पास के राज्यो में बारिश की संभावना है। राज्य के पर्यटन केंद्र दार्जिलिंग में हल्की बारिश की संभावना है. कल, मंगलवार से दक्षिण बंगाल में मौसम बदल जाएगा। इसमें तेजी से गिरावट आएगी। पुरुलिया समेत पश्चिम के कुछ हिस्सों में आज भी ठंड का प्रकोप जारी है। उत्तर बंगाल में घना कोहरा छाया हुआ है।

## अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में जमीन खरीदी

राष्ट्रीय खबर



**मुंबईः** बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन ने मुंबई स्थित डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (एच ओ ए बी एल) द्वारा अयोध्या में 7-सितारा मिश्रित उपयोग वाले एन्क्लेव, द सरयू में एक प्लॉट खरीदा है। हालांकि एच ओ ए बी एल ने ग्राहक की गोपनीयता का हवाला देते हुए सौदे के आकार और मूल्य पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन रियल एस्टेट उद्योग के सूत्रों ने कहा कि जिस भूखंड पर बच्चन घर बनाने का इरादा रखते हैं, उसकी माप लगभग 10,000 वर्ग फुट है और इसका मूल्य ?14.5 करोड़ है।

22 जनवरी को औपचारिक रूप से इसके लॉन्च की तैयारी है, जिस दिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह पूरी परियोजना सरयू 51 एकड़ में फैली हुई है। परियोजना में अपने निवेश के बारे में बोलते हुए, बच्चन ने कहा, मैं

›› पेज 2 भी देखें

ज्वारीय श्रेणी की बिजली उत्पादन के दोहरा फायदे हैं

## यह तटीय क्षेत्रों को बाढ़ से बचा सकता है

- ऊंची लहरों को बैराज निकाल देगा
- कम लहरों में पंप से पानी खीचेंगे
- प्रदूषण और लागत दोनों में लाभ

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** आये दिन हम जलवायु परिवर्तन के संभावित खतरों के बारे में जान रहे हैं। यह बार बार बताया गया है कि अगर दुनिया में गर्मी और डेढ़ डिग्री बढ़ी तो खास तौर पर समुद्र के तट पर बसी आबादी को हटना पड़ेगा। ऐसा इसलिए कहा गया है क्योंकि बड़े ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्री जलस्तर छह मीटर तक ऊंचा उठ जाएगा। यानी जिन तटीय इलाकों में अभी आबादी बसी हुई है, उन्हें हटना पड़ेगा क्योंकि इन इलाकों को समुद्र अपनी आगोश में ले लेगा। इसके बीच ही तटीय इलाके में समुद्री लहरों से बिजली हासिल करने का नया फायदा

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष मनोनीत

रांची : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी है। पार्टी के केंद्रिय नेतृत्व की ओ से सभी संबंधित अधिकारियों और दफ्तरों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। दोनों नेता तत्काल प्रभाव से अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। दोनों नेताओं के मनोनयन पर आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरन भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव सज्जाद आलम, प्रो मिथलेश सिंह, प्रो केपी सिन्हा, प्रो शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह और आदित्य महतो आदि ने बधाई दी है।

**रूबरू** पीएम मोदी ने गुमला की शशि किरण बिरिजिया से बात की, पूछा

# सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है?



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी कि 15 जनवरी को पीएम जन-मन योजना के तहत पीएमएवाई (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी कर दी। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आदविासियों से बात भी की। इसी क्रम में उन्होंने गुमला की शशि किरण बिरिजिया से बात की। उन्होंने शशि से जानना चाहा कि जनमन योजना का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं।

इस योजना से गांव में क्या बदलाव आया है। इसपर शशि किरण बिरिजिया ने बताया कि हमारे परिवार में नल-जल मिशन के तहत पानी मिला है। बिजली मिल रही है। सड़कें हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हमारे पिता को पैसा मिला है। जनमन से आवास मिल रहा है। हमें रोजगार के लिए ऋण मिला है।इस पर प्रधानमंत्री ने उनसे जानना चाहा कि लोन के पैसे से आप क्या कर रही हैं। इसके जवाब में शशि किरण बेदिया ने कहा कि उस पैसे से हमने फोटो कॉपी मशीन लगायी है। हमारे गांव के आसपास फोटो कापी की मशीन नहीं थी। लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता था।

मशीन लगा देने से लोगों को बहुत लाभ मिला है। रोजगार अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं का एक समूह बनाया है। उसमें बारह सदस्य हैं। सभी सदस्यों ने अचार बनाने की ट्रेनिंग ली है। सभी मिल कर गांव में अचार बनाते हैं। इसमें कई तरह के अचार बनते हैं। आम का अचार, आंवला का अचार, करील का अचार। अचार की खूब बिक्री हो रही है। अचार बेचने के लिए रोड किनारे दुकान लगाते हैं। उसमें बहुत लोग आते हैं। दूर-दूर के लोग अचार ले जाते हैं। शशि ने पीएम को यह भी बताया कि हम अपने बनाए हुए अचार आपको भेजेंगे, उसे खाकर आप बताइयेगा कि उसका स्वाद कैसा है। उन्होंने बताया कि जन-मन योजना के तहत केसीसी लोन हो चुका है, प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हो चुका है। पीएम समूह योजना से जुड़कर गांव की महिलाएं दोना पत्तल बनाकर, अचार बनाकर आत्मनिर्भरता की राह चल रही हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि गांव में जमीनी स्तर पर योजनाओं से लोगों को लाभान्वित होते देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस साल से हम प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचें। योजनाएं हर इलाके में पहुंचेंगी, यह मोदी की गारंटी है। शशि किरण बेदिया ने कहा प्रधानमंत्री को गुमलावासियों के लिए खासकर जनजातीय भाई बहनों के लिए दी गयी योजनाओं के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले योजनाएं गरीबों तक नहीं पहुंच पाती थीं। आज आपकी योजनाएं पहुंच रही हैं। योजनाओं के लिए पूरे गुमलावासियों की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोत्सव में शामिल होने का दिया न्योता

## हेमंत सोरेन से मिला ओडिशा का प्रतिनिधिमंडल



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन से आज ओडिशा से आये ह्यनेताजी क्लबह्व के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर सीएम सोरेन को उन्होंने आगामी 23 एवं 24 जनवरी 2024 को होने वाले ह्यखासदेशपिड महोत्सव 2024ह्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। बता दें कि ये आयोजन मयूरभंज, ओडिशा में आयोजित होगा। प्रतिनिधिमंडल ने सोरेन से उनके कांके रोड स्थित सीएम आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर अंजनी सोरेन मरांडी, दुबराज नाग, मनोरंजन मुर्मू, रामचंद्र मार्डी, पूर्णचंद्र हांसदा, संखई मुर्मू, अनिल कुमार हेंब्रम, मनोज मुर्मू और जयराम हेंब्रम व अन्य शामिल थे।

मिस्ड कॉल कर कोई भी व्यक्ति न्याय योद्धा बन सकता

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा : कांग्रेस ने न्याय योद्धा बनने के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में आमजन की भागीदारी के लिए कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। इस पर मिस्ड कॉल कर कोई भी व्यक्ति न्याय योद्धा बन सकता है और वो राहुल के साथ उनकी यात्रा में शामिल हो सकता है। इसकी जानकारी रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कांग्रेस भवन में हुई बैठक में दी। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला के प्रभारी शिव कुमार भगत, पूर्व रामगढ़ विधायक ममता देवी, प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा, डॉ कुमार राजा, नसीम अख्तर और अमर नाथ मुण्डा आदि उपस्थित हुए।राकेश किरण ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बेहतर भारत की संकल्पना लेकर दान अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए स्वंय दान करें और दूसरे को भी प्रेरित करें। किरण ने कहा कि अगले महीने भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में प्रवेश होगी। इसके लिए हर प्रखंड से न्याय योद्धओं को चिन्हत कर समन्वय स्थापित करना है। लोगों को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल करना है। यात्रा में शामिल होने और न्याय योद्धा बनने के लिए टोल फ्री नंबर 9891802024 जारी किया गया। इस पर मिस्ड कॉल दे कर न्याय योद्धा बना जा सकता है। बैठक में मेरी तिर्की, चन्द्र रश्मि पिंगुवा, अजय साहू, साबीर लोहरा, रीता चौधरी, संजय कुमार, बरतु मुण्डा, राजकिशोर सिंह मुण्डा, रामदेव सिंह, कौशल उरांव, अर्चना मिश्रा, नसीम अंसारी शाहिद अख्तर, किस्कु टाना भगत, अजगुत महतो, सतिश महतो सुशीला देवी, निकिता मिंज, संजू देवी, रेश्मा बेगम, संतोष महतो, मनिष कुमार, जमील मलिक, हंस उरांव, किस्टो कुजूर, आदि उपस्थित थे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन ऐनुल हक ने किया।

## साहिबगंज में मंदिर धोते नजर आए बाबूलाल मरांडी, पीएम के विशेष निर्देश पर चलाया सफाई अभियान

राष्ट्रीय खबर





**रांची:** आज देश अलग-अलग हिस्से में अलग-अलग तरह से मकर संक्रांति मनाई जा रही है। झारखंड में भी इसकी धूम है। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी आज मकर संक्रांति मनाते नजर आए। आज सुबह-सुबह वह साहिबगंज में ओझा टोली घाट पर पहुंचे और गंगा स्नान किया। इसके बाद वहां स्थित शिव मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे और समाज के कल?याण की कामना की। इसके बाद मुक्तेश्वर घाट पर स्थित मंदिर की साफ-सफाई भी की। पूजा अर्चना के बाद बाबूलाल महादेवगंज स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव के आवास पर पहुंचे और दही-चूड़ा खाया। इस मौके पर राजमहल विधायक अनंत ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश तिवारी, कमल भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता आदि मौजूद थे। गौरतलब हो कि दो दिवसीय दौरे पर बाबूलाल मरांडी रविवार को साहिबगंज पहुंचे हैं। बाबूलाल मरांडी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, चंद्रभान शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, संजय पटेल ने भी गंगा नदी में डुबकी लगाई। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में हो रहे राम-मंदिर निर्माण से पहले भारत के सभी मंदिरों में ज्योति जलाने और उन्हें साफ करने का आह्वाहन किया है। इसको लेकर पीएम खुद जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान पहल के तहत महाराष्ट्र के नासिक में कालाराम मंदिर में सफाई अभियान में शामिल हुए। तस्वीरों में पीएम को मंदिर के फर्श को साफ करने के लिए पोछे और बाल्टी का उपयोग करते हुए दिखाया गया है।

## ईडी की कार्रवाई को लेकर राज्य के आदिवासी समाज में आक्रोश और गुस्सा:बंधु

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बयान से सियासी बवाल खड़ा हो गया है। बंधु तिर्की ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि ईडी की कार्रवाई को लेकर राज्य के आदिवासी समाज में आक्रोश और गुस्सा है। उन्होंने कहा कि ये लोग (ईडी) आदिवासियों की भावना नहीं समझ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आदिवासियों को गुस्सा आएगा तो ये ईडी-बीडी क्या है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों को आदिवासियों की भावना समझनी चाहिए वरना जिस दिन ढलगुमड़ा निकला उस दिन दिक्कत होगी। बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी हर 12 साल में जनी शिकार के लिए निकलता है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार को चुनौती दी जा रही है। बंधु तिर्की के बयान से सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पल्ला झाड़ लिया है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोगों में आक्रोश तो है। बंधु दा (बंधु तिर्की) ने इसे ही ठेठ भाषा में कहा। वह ठेठ संघर्षों से निकले हुए नेता हैं। उन्होंने कहा कि ईडी आखिरकार बीजेपी के नैरेटिव को ही आगे बढ़ाने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी ने भी बंधु तिर्की के बयान को व्यक्तिगत राय बताते हुए पल्ला झाड़ लिया है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय झारखंड में अवैध खनन और जमीन घोटाला केस की जांच कर रही है। शराब घोटाला केस में भी कुछ गिरफ्तारियां की है।

**आरोप** ढुल्लु महतो का जेएमएम के साथ कांग्रेस पर जुबानी हमला, कहा

# शिबू ने झारखंड को लूटने - लुटेरा पैदा करने का किया काम

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ- साथ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जुबानी हमला बोला है। ढुल्लू महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन जहां भी जाते हैं यह बताने का प्रयास करते हैं कि शिबू सोरेन ही झारखंड के भाग्य विधाता हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि शिबू सोरेन ने शुरू से झारखंड को लूटने और लुटेरा पैदा करने का काम किया है। कहा कि वो दिन हम कैसे भूल जाए जब पीरटांड आने में लोगों को डर लगता था। मेरा भी मामा घर पीरटांड है और मुझे में यह डर लगता था कि यहां आने पर कहीं कोई हमें गोली न मार दे लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने तो यहां की दशा बदली। गोली बंदूक के जोर पर आतंक फैलाने वालों के दिन लद गए। आज कांग्रेस के लोग बोलते हैं कि राहुल गांधी कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा कर रहे हैं। आज राहुल गांधी बैखौफ होकर कश्मीर जा रहे हैं लेकिन इनके बाप-दादा जो देश के प्रधानमंत्री रहे वे कभी कश्मीर नहीं जा सके। उनके अंदर हिम्मत ही नहीं हुई कि वे कश्मीर में बैखौफ घूम सके। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से राहुल कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पैदल ही जा रहे हैं।धनबाद में कोयला के अवैध खनन के दौरान मजदूरों की मौत होती रही। यहां सबसे ज्यादा गिरिडीह के मजदूर मारे गए और जब भी इस बात को विधानसभा में उठाया तो हेमंत सोरेन ने मुकदमा करवा दिया।गिरिडीह विधायक पर भी ढुल्लू महतो ने हमला बोला। कहा कि यहां के विधायक गलत का सहयोग देते हैं। कहा कि यहां के विधायक लूटने के लिए सत्ता में आए हैं। आरोप लगाया कि जमीन की घेराबंदी में मुख्यमंत्री और विधायक मिले हुए हैं। यह भी कहा कि सरकार, हेमंत सोरेन, स्थानीय विधायक का विरोध करना जरुरी है। ढुल्लू महतो गिरिडीह के माथाडीह पहुंचे थे। यहां कंबल बांटा इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दूबे भी साथ में थे।

## पेज एक का शेष

### आपके मन की बात सुनने .. .. ..

मांगने के लिए मणिपुर आते हैं, लेकिन जब राज्य के लोग मुसीबत में हैं, तो वह समुद्र तटों पर छुट्टियां मना रहे हैं और राम के नाम पर धार्मिक कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संबोधन के दौरान यह भी याद दिलाया कि कैसे राहुल गांधी ने पिछले साल जून में राज्य का दौरा किया था।

इस बीच कांग्रेस के दिग्गज नेता जयराम रमेश ने कहा है कि मणिपुर में लोग पूछ रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक मणिपुर क्यों नहीं गए। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन आई। लोग हमसे पूछ रहे हैं कि पीएम मोदी ने मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया। हर कोई चाहता है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को संसद में उठाएं और पीएम से मणिपुर आकर लोगों से मिलने के लिए कहें। आप देख सकते हैं कि यहां कितने लोग इकट्ठा हुए हैं. राहुल जी ने उन लोगों का दर्द सुना जो स्कूल और कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं और जो अभी भी राहत शिविरों में हैं।

### पीलीभीत के गांवों में फिर.. .. ..

शहर पहुंचा बाघिन को फिर बेहोश कर पकड़ने की योजना है। विभाग के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल ने पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ को स्थिति बताई और अनुमति मांगी थी। वहां से अनुमति मिलने के बाद बाघिन को फिर से बेहोश कर पकड़ने की तैयारी चल रही है। वन विभाग के अधिकारी सही जगह पर रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल ने कहा कि बाघ को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### शंकराचार्य ने धार्मिक ग्रंथों .. .. ..

में से दो शंकराचार्यों ने अभिषेक समारोह का खुले तौर पर स्वागत किया है, लेकिन वे इस भव्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे - वे बाद में अपनी सुविधानुसार आएंगे। शंकराचार्य कर्नाटक ने कहा कि उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा पर कभी नाराजगी व्यक्त नहीं की। एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर, परमपूज्य परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महास्वामीजी की तस्वीर है, बताती है कि श्रृंगेरी शंकराचार्य ने एक संदेश में, प्राण-प्रतिष्ठा पर नाराजगी व्यक्त की है। हालाँकि उनके मठ के एक बयान में कहा गया है, श्रृंगेरी शंकराचार्य ने ऐसा कोई संदेश नहीं दिया है।

गुजरात के द्वारका शारदा पीठम ने भी कहा है कि राम मंदिर पर मठ के रुख को लेकर कुछ अखबारों में प्रकाशित रिपोर्टें जगद्गुरु शंकराचार्य की अनुमति के बिना प्रकाशित की गई हैं और भ्रामक हैं। कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज की अनुमति के बिना प्रकाशित किया गया है जो भ्रामक है। हमारे गुरुदेव भगवान ने रामालय ट्रस्ट और रामजन्मभूमि पुनरुद्धार समिति के माध्यम से रामजन्मभूमि के लिए कई प्रयास किए थे। लगभग 500 वर्षों का विवाद समाप्त हो गया है, यह सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए खुशी का अवसर है। हम चाहते हैं कि अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सभी कार्यक्रम वेदों के अनुसार और नियमों का पालन करते हुए विधिवत आयोजित किए जाएं।₹ द्वारका पीठ के बयान में कहा गया है।

### अमिताभ बच्चन ने अयोध्या .. .. ..

अयोध्या में सरयू के लिए द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, एक ऐसा शहर जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। अयोध्या की शाश्वत आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि ने भौगोलिक सीमाओं से परे एक भावनात्मक संबंध बनाया है। यह अयोध्या की आत्मा में एक हार्दिक यात्रा की शुरूआत है, जहां परंपरा और आधुनिकता मूल रूप से सह-अस्तित्व में हैं, एक भावनात्मक ऐतिहासिक विरासत के साथ जोड़ती है, जो मेरे साथ गहराई से जुड़ती है। मैं वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी में अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं।

बता दें कि महानायक का जन्मस्थान इलाहाबाद (अब प्रयागराज) राष्ट्रीय राजमार्ग 330 के माध्यम से अयोध्या से चार घंटे की ड्राइव पर है।

इसे अपनी कंपनी के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए, एचओएबीएल के अध्यक्ष अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि वे सरयू के प्रथम नागरिक के रूप में बच्चन का स्वागत करते हुए रोमांचित थे, जो राम मंदिर से लगभग 15 मिनट की दूरी पर और हवाई अड्डे से 30 मिनट की दूरी पर स्थित है। उन्होंने कहा, हमारी अयोध्या परियोजना में उनका निवेश शहर की आर्थिक क्षमता में विश्वास और इसकी आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरी सराहना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बच्चन का सहयोग इस परियोजना को अयोध्या के वैश्विक आध्यात्मिक महत्व के प्रतीक में बदल देगा।

### यह तटीय क्षेत्रों को बाढ़ .. .. ..

बताया गया है। लैंकेस्टर शोधकताओं के अनुसार ज्वारीय रेंज योजनाएं समुद्र के स्तर में वृद्धि के प्रभाव से मुहल्लों और तटीय क्षेत्रों की रक्षा कर सकती हैं।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डेविड वेंडरक्रूसेन, साइमन बेकर, डेविड हॉवर्ड और जॉर्ज एगिडिस का कहना है कि 80 वर्षों के भीतर एक मीटर से अधिक होने वाले अनुमानित समुद्री स्तर से आवास, आवास और व्यवसायों की रक्षा के लिए ज्वारीय रेंज योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। स्नातकोत्तर शोधकर्ता डेविड वेंडरक्रूसेन ने कहा, उच्च ज्वार को केवल स्लुइस और टर्बाइनों को बंद करके मौजूदा स्तरों तक सीमित किया जा सकता है और मौजूदा निम्न ज्वार के स्तर को पंपिंग द्वारा बनाए रखा जा सकता है।

ऊर्जा इंजीनियरिंग के प्रमुख, प्रोफेसर जॉर्ज एगिडिस ने कहा, मुहाना बैराज का विकास उनके संचालन के बारे में गलत धारणाओं और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील अंतःविषय क्षेत्रों में गड़बड़ी की आशंकाओं के कारण बाधित हुआ है। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि आधुनिक तकनीक और संचालन प्रक्रियाओं के साथ, एस्टुरीन बैराज इन महत्वपूर्ण आवासों की रक्षा करने का एकमात्र व्यावहारिक तरीका है। ब्रिटेन के तट के आसपास कई स्थानों के लिए तटीय लैगून भी प्रस्तावित किए गए हैं। योजनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए निर्माण और विनिर्माण में रोजगार प्रदान करेंगी साथ ही परिवहन, संचार, संरक्षण और मनोरंजन के अवसर। लंबी अवधि में वे कम लागत पर विश्वसनीय बिजली प्रदान करेंगे।

एनर्जी में प्रकाशित उनका शोध, यूके में ज्वारीय रेंज ऊर्जा की व्यवहार्यता को प्रदर्शित करने वाले संयुक्त ज्वारीय रेंज बिजली उत्पादन और लागत मॉडल पर लैंकेस्टर विश्वविद्यालय के पहले के शोध का अनुसरण करता है। इससे पता चला कि मौजूदा बांधों या बांधों के भीतर पूर्ण ज्वारीय सीमा को बनाए रखना कैसे संभव है। प्रोफेसर एगिडिस ने कहा, ग्रेट ब्रिटेन में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी ज्वारीय श्रृंखला है और विक्टोरियन काल से प्रमुख बैराजों पर विचार किया गया है। विश्व स्तर पर, वर्तमान में दो बड़े पैमाने पर योजनाएं चल रही हैं, फ्रांस में ला रेंस जो 1967 में पूरी हुई थी और सिहवा झील 2011 से दक्षिण कोरिया में; दोनों योजनाएं महत्वपूर्ण मात्रा में सस्ती टिकाऊ बिजली पैदा करती हैं।

इन दो लाभों के अलावा इस किस्म के बिजली उत्पादन का तीसरा लाभ ताप विद्युत केंद्रों पर बनी हुई निर्भरता को कम करना है। ताप विद्युत केंद्रों से बिजली पाने के लिए कोयले की खपत होती है। उसके अलावा इन केंद्रों से प्रदूषण भी फैलता है। दूसरी तरफ समुद्री लहरों पर आधारित बिजली में न तो ऐसा कोई प्रदूषण होता है और ना ही इसके लिए कच्चे माल की लागत का आर्थिक बोझ पड़ता है। चूंकि समुद्री लहरें निरंतर चलती हैं, इसलिए बिना किसी लागत के ही बिजली का उत्पादन होगा। इससे लोगों को सस्ती दरों पर बिजली का लाभ होगा।

## शहर >> अपडेट

### झारखंड की संघमित्रा और अमित ने कांस्य पदक जीता

**रांची:** भारतीय एथलेटिक्स संघ और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 15 जनवरी को गया (बिहार) में संपन्न 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो कांस्य पदक जीते हैं। बालिका अंडर 20 के छह किलो मीटर दौड़ में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 21:14.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में बेबी (उत्तर प्रदेश) ने 20:50.0 और रजत सोनम (दिल्ली) 21:10.0 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। बालक अंडर 16 आयु वर्ग में दो किलो मीटर दौड़ में झारखंड के अमित कुमार महतो ने 5:42.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण सचिन रावत (दिल्ली) ने 5:37.0 सेकेंड और रजत अनिल कुमार (उत्तर प्रदेश) 5:39.0 सेकेंड के साथ जीता। इस उपलब्धि पर खेल संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

त्योहार

### रांची में नमो पतंग उत्सव का आयोजन

# सांसद संजय सेठ ने लोगों से की संस्कृति को जिंदा रखने की अपील

- आज के दौर में युवा शारीरिक रूप से मजबूत नहीं हो रहे है
- पुरानी परंपराओं को लोगों के बीच लाया जा रहा है

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** देश में मकर संक्रांति धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोग स्नान दान कर संक्रांति का त्योहार मना रहे हैं। इस मौके पर तिल का दान भी किया जा रहा है। दही चुड़ा और तिलकुट के साथ मकर संक्रांति का भोजन कर रहे हैं। मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाने की परंपरा को भी कायम रखने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता लगातार लोगों के बीच में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहे हैं।सांसद संजय सेठ ने राजधानी रांची के ओटीसी मैदान में जाकर लोगों के साथ पतंग उड़ाया और पतंग उड़ाने की परंपरा को अपने आने वाले पीढ़ियों को बताने की अपील की। सांसद संजय सेठ ने कहा कि कई वर्षों से नमो पतंग उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश में कृष्ण अष्टमी के समय दही हंडी प्रतियोगिता की जाती है, उसी प्रकार उत्तर भारत में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का विशेष महत्व है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज के भागम भाग के दौर में युवा शारीरिक रूप से मजबूत नहीं हो रहे हैं, क्योंकि इस तरह की प्रतियोगिता का चलन समाप्त होते जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्दी के समय में पतंग उड़ाने से कई तरह के व्यायाम होते थे जो युवाओं को स्वस्थ रखता था, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर इस तरह की पुरानी परंपराओं को लोगों के बीच लाया जा रहा है ताकि देश की आने वाले पीढ़ी पुरानी परंपराओं को देखकर उसे अपना सके।वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा ताकि आम लोग अपने बच्चों को यह बता सके कि पूर्व में पर्व व त्योहार कितने धूमधाम से मनाए जाते थे। पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में शिरकत करने पहुंचे सांसद संजय सेठ ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक मकर संक्रांति जैसे पर्व के बारे में युवाओं को पता नहीं था लेकिन जब से देश में मोदी सरकार आई है तब से युवा मकर संक्रांति, कृष्ण अष्टमी जैसे पर्वों को धूमधाम से मना रहे हैं। राजधानी के ओटीसी मैदान में आयोजित पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में कई बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही आसपास के स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लेकर इस कार्यक्रम को भव्य बनाया।

## न्यूज फटाफट

### रिम्स में कई मशीनें खराब, न तो प्रबंधन का है ध्यान न सरकार का

**रांची:** राज्य के बड़े अस्पताल रिम्स में कई मशीनें खराब पड़ी हुई हैं. इसको लेकर न तो सरकार का ध्यान है न ही प्रबंधन का। नतीजा यह है कि इसका खामियाजा मरीज भुगत रहे है. वहीं, जांच कराने पहुंचे मरीजों व उनके परिजनों को जेब ढीली करनी पड़ रही है. अब मरीजों को जांच के लिए निजी क्लिनिकों पर जाना पड़ रहा है, जांच के एवज में उन्हें मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। बता दें कि हॉस्पिटल का सालाना बजट 400 करोड़ रुपए से अधिक का है. इसके बावजूद मशीनों को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं है। हॉस्पिटल में लगी एमआरआई मशीन पुरानी हो चुकी है. अब मेंटेनेंस के बाद भी ठीक से नहीं चल पाती. ऐसे में नई मशीन खरीदने की योजना प्रबंधन ने बनाई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी नई मशीन की खरीदारी नहीं हो पाई. ऐसे में पुरानी मशीन भी कभी ठीक नहीं रहती। जिससे कि रिम्स के मरीजों को भी बाहर जांच करानी पड़ती है। इस चक्कर में मरीज को हॉस्पिटल से बाहर ले जाना पड़ता है. वहीं मरीजों की परेशानी बढ़ जा रही है। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में लगी टीएमटी मशीन दो महीने से खराब पड़ी है। एक मशीन के रहने का खामियाजा हार्ट के मरीज भुगत रहे है। ऐसे में एक ही मशीन पर रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों का लोड है। जिससे घंटों तक मरीजों को जांच कराने के लिए इंतजार करना पड़ता है। वहीं, प्राइवेट में जांच कराने में तीन से चार गुना अधिक पैसे चुकाने पड़ रहे है।

### रांची विवि के ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के छात्रों का दल क्षेत्र कार्य के लिए खड़गपुर पहुंचा

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय रांची में मानव विज्ञान विभाग में संचालित ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के कुल 32 विद्यार्थियों का दल क्षेत्र कार्य के लिए अपने शिक्षकों के साथ खड़गपुर पहुंचा। ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के शिक्षक डॉ अटल पाण्डेय ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, जब विद्यार्थी क्षेत्र कार्य में जाते हैं तब उन्हें इस बात का प्रत्यक्ष अनुभव होता है। क्षेत्र कार्य इस पाठ्यक्रम की आत्मा है। ग्रामीण विकास के छात्र सूदूरवर्ती गांवों में जाकर वहां चल रही सरकार कि विभिन्न योजनाएं, खेती के तरीके, उनके स्वास्थ्य की स्थिति, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा में हो रहे व्यापक परिवर्तन, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण रोजगार एवं बाजार,आदि विषयों पर गहन अध्ययन करेंगे। प्राध्यापिका शीरीन गुल ने क्षेत्र और उनके कार्य के बारे में बताया कि लगभग दो सप्ताह तक विद्यार्थी नारायणगढ़ प्रखंड के मकरामपुर, डहरपुर, आदि पंचायत के ग्रामीण और उनके दिनचर्या से परिचित होंगे। क्षेत्र कार्य से विद्यार्थियों को आगे ग्रामीण विकास के विस्तृत क्षेत्र में काम करने का आत्मविश्वास प्राप्त होता है। गांव के अभावग्रस्त जीवन में कैसे लोग गुजारा करते हैं

### कांके रोड में अक्षत के साथ पत्रक एवं श्री राम मंदिर का प्रारूप का हुआ वितरण

**रांची:** सनातनी धर्मलंबियों रामभक्तों ने रविवार को कांके रोड के दुकानदारों,अपार्टमेंट, साकेत नगर कॉलोनी एवं मोहल्ले में जाकर अक्षत का वितरण घर-घर जाकर कर लोगों को निमंत्रण दिया गया। साथ ही 22 जनवरी को अपनेअपने घरों में दीपक जलाने एवं बजरंगबली का पताका लगाने की अपील की गई। अक्षत के साथ पत्रक एवं राम मंदिर का प्रारूप भी वितरण किया गया। राम भक्तों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा की 22 जनवरी को प्रभु श्री रामचंद्र जी का भव्य दिव्य अलौकिक मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के पावन तिथि पर संपूर्ण झारखंड के मंदिरों की साज सज्जा, भजन कीर्तन, पूजा पाठ, प्रसाद एवं दीप उत्सव धूमधाम के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि लगभग पांच सौ साल के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर का सपना साकार हो रहा है, राम भारत के जन-जन के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम है, भारत की संस्कृति के एक संजीव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी मूल अधिकार जिस मयार्दा से जुड़े हुए हैं राम इस मयार्दा के श्रेष्ठतम प्रतीक हैं, 22 जनवरी को हमारे जीवन काल में अयोध्या में भव्य एवं अलौकिक मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना, इस युग में हमारा जन्म धन्य हो गया,

### मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों के साथ मनाया मकर संक्रांति

**रांची:** मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निरंतर यह प्रयास किया जाता है। कि वास्तविक जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनके साथ पर्व मनाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला सके। इसी क्रम में मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार रांची के खूंटी जिले के तिरला गांव में जाकर जहां वास्तविक जरूरतमंदों, ग्रामीणों ,बुजुर्गों और बच्चों के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। उनके बीच गर्म कपड़े, कंबल का वितरण किया गया।साथ ही मकर संक्रांति के इस विशेष पर्व का भोजन, दही, चूड़ा तिलकुट, गुड,लाई, मुड़ी का भोजन कराया गया। तथा घर में यह पर्व मना सके। सोच के साथ, ग्रामीण घरों में चूड़ा, मुड़ी लाई ,तिलकुट,दही दूध का वितरण किया गया। वहीं मुख्य अतिथि दीपक कुमार के द्वारा बच्चों के बीच शिक्षा को लेकर जागरूक किया गया। संस्था के सचिव सह समाज सेविका वंदना उपाध्याय ने बच्चों को जागरूक करते हुए बेटियों की पढ़ाई पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमलोग हमेशा यह प्रयास करते है कि हर घर त्योहार मनाए और सबके चेहरों पर मुस्कान हो। ट्रस्टी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर पर्व हम इन वास्तविक जरूरतमंदों के साथ मनाए,ताकि हम खुद के साथ साथ इन्हे भी आनंदित कर सके। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि हम चाहते है कि हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान हो,हर बच्चा आनंदित हो। खुशी देने के प्रयास से उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास से हम सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र जाते है। जहां वास्तविकता में इन्हे जरूरत है। इस कार्यक्रम से ग्रामीण और बच्चे काफी खुश हुए। प्रियंका शर्मा और खूंटी समाजसेविका मरियम के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से ट्रस्ट के ट्रस्टी,शैलेंद्र सिंह, अध्यक्ष अभिषेक कुमार,समाजसेविका वंदना उपाध्याय,प्रियंका शर्मा,मरियम ,रिंकू सिंह, चंदन उपाध्याय दीपक कुमार ,बबलू जी, राजू सहित अन्य सदस्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की एजीएम संपन्न

## सत्र 2024-2028 के लिए नयी कमिटी गठित



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की चुनावी वार्षिक आम सभा सोमवार को रांची में संपन्न हुई। इस बैठक में सत्र 2024-2028 के लिए नयी कमिटी का गठन किया गया। इस अवसर पर तपेश्वर नाथ मिश्रा (रिटर्निंग ऑफिसर) और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में रितेश रंजन झा मौजूद थे। सांसद दीपक प्रकाश ने सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की आमसभा में सभी जिलों से आये सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मुझे एक ऐसे खेल के विकास करने की जिम्मेदारी दी गयी है, जिससे आम लोग परिचित नहीं है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हम सभी को मिलजुलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि यह खेल जन-जन तक पहुंचे।

## झारखंड में मैट्रिक इंटर के बराबर होगी आईटीआई सर्टिफिकेट की वैल्यू




राष्ट्रीय खबर

**रांची:**झारखंड में अब मैट्रिक इंटर के बराबर आईटीआइ सर्टिफिकेट को भी मान्यता दी जाएगी। इसे लेकर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार 10वीं से पहले व 10वीं के बाद आईटीआइ में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के 10वीं व 12वीं की भाषा विषय की परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा ली जायेगी। देश के अलग-अलग राज्यों में आईटीआइ सर्टिफिकेट को 10वीं व 12वीं के बराबर वैल्यू दिया जाता है। इसमें बिहार में शामिल है। कहा जा रहा है कि बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी तर्ज पर सर्टिफिकेट को मान्यता देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार झारखंड एकेडमिक काउंसिल मैट्रिक व इंटर के परीक्षा के साथ आइटीआइ के विद्यार्थियों का भी परीक्षा फॉर्म जमा लेगा। मैट्रिक, इंटर के परीक्षार्थियों के साथ आइटीआइ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के भी हिंदी अंग्रेजी की परीक्षा होगी। विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल हिंदी व अंग्रेजी की परीक्षा लेने पर सहमत हो गया है। इस संबंध में जैक जल्द ही विभाग को पत्र भेज देगा। इसके बाद प्रस्ताव स्वीकृति के लिए कैबिनेट की बैठक में रखा जायेगा। बता दें कि आइटीआइ की परीक्षा डायरेक्ट्रेट जेनरल ऑफ ट्रेनिंग (डीजीटी) द्वारा ली जाती है। डीजीटी द्वारा आइटीआइ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के संबंधित ट्रेड की परीक्षा ली जाती है। भाषा की परीक्षा नहीं ली जाती है। सर्टिफिकेट की बराबर को लेकर तैयार प्रस्ताव के अनुरूप डीजीटी द्वारा ट्रेड से संबंधित विषय की परीक्षा ली जायेगी व भाषा की परीक्षा जैक द्वारा ली जायेगी। दोनों को मिलाकर विद्यार्थी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। हर साल 50 हजार विद्यार्थी आइटीआइ की परीक्षा देते हैं।

## रांची में गिर रहा पारा बढ़ रही ठंड, आज से बदलेगा मौसम



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अचानक बदले मौसम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। राज्य के कई हिस्सों में रविवार को शीतलहर चली। करीब-करीब सभी जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। राजधानी रांची से सटे जिलों में ठंड का असर ज्यादा है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 15 जनवरी से ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। आंशिक बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी संभव है, लेकिन बादल छंटते ही तापमान में दोबारा कमी आएगी। मौसम विभाग ने 15 जनवरी को भी राज्य के कई हिस्सों में शीतलहरी चलने की आशंका जतायी है। विशेषकर राज्य के उत्तरी हिस्से में इसका असर रहेगा। सोमवार को कई इलाकों में कोहरा भी रह सकता है।राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेसि, जबकि डालटनगंज-गढ़वा का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेसि पहुंच गया है। कांके का न्यूनतम तापमान 2।5 डिग्री सेसि रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, दिन में खिली धूप से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में 16 जनवरी से ही मौसम का मिजाज बदलेगा। बादल छाये रह सकते हैं। राज्य के दक्षिणी (कोल्हान), उत्तरी- पूर्वी (संताल व कोयलांचल) तथा मध्य (राजधानी और आसपास) में कहीं-कहीं 17 और 18 जनवरी को हल्की बारिश हो सकती है। 19 जनवरी से मौसम साफ हो सकता है। आज राजधानी का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।आज से मौसम अपना रूख बदलेगा।और लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है।

## सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का बैठक 17 जनवरी को

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आज झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्षौ दिनेश सोनी एवं प्रदेश महासचिव गुड्डी श्रीवास्तव ने बताया है कि झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की बैठक 17 जनवरी 2024 को समय दिन के 11:00 बजे रखी गई है। ताकि पूरी कमेटी विस्तार कर कमेटी का घोषणा करना पिछले महासंघ में जो भी पदाधिकारी या कार्यकारी सदस्य ऑटो चालक मालिक प्रति अपना योगदान नहीं दिया है । उनके स्थान पर नए लोगों को कमेटी में चांस दिया जाएगा। इस बार की जो लड़ाई ऑटो चालक मालिकों के लिए महासंघ द्वारा लड़ा जाएगा उसे लड़ाई में सभी पदाधिकारी का योगदान बढ़-चढ़कर होना चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया जाएगा की महासंघ का खाता का संचालन कौन-कौन करेंगे। उन्हें के नाम से खाता खुलवाने है ताकि जो भी रांची शहर से ऑटो चालक मालिकों से सहयोग राशि ली जाएगी। उसका देखरेख और हिसाब पत्र सही से किया जा सके बैठक में जो भी पदाधिकारी होंगे उन सब पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की दो पासपोर्ट फोटो भी महासंघ के ऑफिस में जमा करना है।

योजना

### चालू होने के इंतजार में ही बीत गया समय, आखिर कब शुरू होगी

# विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना

- इस घोषणा के 6 महीने से अधिक समय बीत चुके हैं
- अब तक कोचिंग संस्थानों का चयन नहीं हो पाया है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य सरकार ने इंजीनियरिंग, मेडिकल जैसे क्षेत्र में अपना करियर बनाने की चाहत रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक सौगात के रूप में मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी। इस घोषणा के 6 महीने से अधिक समय बीत चुके हैं मगर अब तक जमीन पर नहीं उतर पाया है। ऐसे में इस योजना के तहत लाभ लेने के लिए उम्मीद लगाए राज्य के युवाओं में निराशा होने लगी है।दरअसल, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत इंजीनियरिंग, मेडिकल, क्लैट, सीए, सीपीटी, होटल मैनेजमेंट, मास कम्यूनिकेशन और फैशन डिजाइनिंग जैसे राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों की सहायता के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा देने की सरकार की योजना है। इन प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिलने वाले निशुल्क कोचिंग के लिए सरकार के द्वारा अब तक कोचिंग संस्थानों का चयन नहीं हो पाया है। हालांकि उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार का मानना है कि जल्द ही प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों को सूचीबद्ध कर लिया जाएगा।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक शुरू कर दिया जायेगा।हकीकत यह है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विभाग के द्वारा अभी तक ना तो वेब पोर्टल को तैयार किया जा सका है और ना ही विद्यार्थियों के आवेदन लेने की प्रक्रिया पूरी की गई है। इतना ही नहीं कोचिंग संस्थानों का पैनल भी अभी तक सरकार के द्वारा नहीं पूर्ण किया जा सका है। ऐसे में छात्रों की उम्मीद टूटने लगी है। सेंट्रल लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले राकेश कहते हैं कि सरकार घोषणा तो करती है मगर इस जमीन पर उतराने में काफी वक्त लग जाता है। जिस वजह से जिन्हें समय पर लाभ मिलना चाहिए उन्हें नहीं मिल पाता है।

## विधायक ने चलाया सफाई अभियान



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हटिया के विधायक नवीन जयसवाल के साथ स्थानीय लोगों ने सोमवार को सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान का शुभारंभ अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी सर्व कामद मंदिर से की गई। इस अभियान में राजधानी के रामभक्त एवं भगवान शिव के भक्तों ने बड़चढ कर भाग लिया। इस मौके पर विधायक ने लोगों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के माध्यम से लोगों को समाज में स्वच्छता का संदेश देना चाहिये। इससे भविष्य में भी सफाई अभियान का कार्यक्रम चलता रहे। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के सारे सदस्य तथा राजेश कुमार, गोपालसाहू,अनिल कुमार श्रीवास्तव,अविनास पांडे,पम्पू कुमार,समेत कॉलोनी की महिलायें एवं पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## शहर >> अपडेट

### पुलिस चलाया चेकिंग अभियान

**बुढ़मू :** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ठाकुरगांव थाना द्वारा सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने उरुगुट्टू व इटहेमोड़ में वाहन चेकिंग किया। मौके पर पुलिस ने चारपहिया तथा बाइकों के कागजातों का जांच किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी 6 फरवरी से

**कांके :** महाराजा मदरा मुंडा चैंपियन ट्रॉफी 2024 सीजन 4 का उद्घाटन मैच 6 फरवरी को होगी। तैय्यारी को ले कर सोमवार को महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम में आयोजन समिति का बैठक कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा की अध्यक्षता में किया गया। प्रखण्ड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि, महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी का शुभारंभ 6 फरवरी को उद्घाटन और 14 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाना है जिसमे झारखंड सहित दूसरे राज्य से भी टीम इस बार शामिल होंगे। इस वर्ष सीजन 4 में टूनार्मेंट का प्रथम पुरस्कार दो लाख पचास हजार, द्वितीय पुरस्कार दो लाख, तृतीय पारस्कर पचास हजार, चतुर्थ पुरस्कार पचास हजार के साथ प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज मोटरसाइकिल दिया जाएगा। टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए टीम के लिए प्रवेश शुल्क इक्कीस हजार रुपए रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है। बैठक में मुख्य रूप से कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय महतो,आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा,सचिव अजय एक्का, कोषाध्यक्ष प्रेमकिशोर महतो, मदन महतो, अरुण मुंडा, ग्राम प्रधान, अजय महतो,भक्तु जी, विजय मुंडा,बबलू मुंडा, संदीप राम, राधा मुंडा, पंकज जी, वीरेंद्र मुंडा, नरेश पाहन, रंजन लकड़ा, श्याम उरांव, लक्ष्मण उराँव, मंगराज मिंज, छोटू मुंडा, शुशील टोप्पो, प्रकाश उराँव, सलाहकार फरीद खान आदि लोग उपस्तिथ थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना क्षेत्र के भुर नदी के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मांडर से तीनों आदमी पैशन प्रो बाईक से सवार होकर बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल आ रहे थे। इसी क्रम में बुढ़मू भुर नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर गिर गए। और घटना घट गई। घटना में मांडर मल्टी निवासी शिबासु खलखो (28) वर्ष, पिता एर्शुन खलखो की मौत हो गई। और सुनील कुमार घायल हो गए। वही एक आदमी को मामूली चोट लगी है। तीनों लोग मल्टी गांव के रहने वाले बताए जा रहे है। घटना में मृतक शिबाशु खलखो को बुढ़मू पुलिस पोस्टमार्डम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं घायल सुनील कुमार का प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### 91 महिलाओ के बीच कम्बल का वितरण

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिट्ठ) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने सयुंक्त तत्वावधान मे श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति की सदस्यों ने शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग के प्रांगण मे विभिन्न मोहल्लो से आयी हुई 91 जरूरतमंद महिलाओ के बीच मकर सक्रांति के अवसर पर 91 कम्बल 91 उनी टोपी 91 उनी मोजा 91 उनी मफलर एव तिलकुट चुडा वगैरह का निशुल्क वितरण किया। आज के कम्बल वितरण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सुधा सुलतानीया, शकुन्तला केजरीवाल, उर्मिला पाडिया, शारदा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, शकुन्तला देवी, सीता देवी शर्मा,नंदकिशोर चौधरी एवं संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

**गिरफ्तारी** > मुद्रा लोन सहित लॉटरी जीतने का झांसा देकर करते थे ठगी

# 16 साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

▶▶ सभी अपराधी बिहार के रहने वाले

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र अंतर्गत के बारी कोऑपरेटिव और मनमोहन कोऑपरेटिव से 16 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई हैं। इनके पास से पुलिस को भारी संख्या में मोबाइल, नकली नोट, पोस्टल बार कोड सहित कई सामान बरामद हुए। सभी आरोपी बिहार के नवादा, नालंदा और जमुई के रहने वाले हैं। ये लोग मुद्रा लोन सहित लॉटरी जीतने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि किराए के मकान में रहकर कुछ बाहरी लोगों के द्वारा साइबर अपराध जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सेक्टर 12 थाना प्रभारी दुलार चौड़े ने सूचना का सत्यापन किया तो पाया कि बारी कोऑपरेटिव प्लॉट संख्या 119 और मनमोहन कोऑपरेटिव प्लॉट संख्या 647 कुछ संदिग्ध लड़कों को देखा गया। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए थाना प्रभारी द्वारा टीम का गठन कर दोनों जगह पर छापेमारी की गई। इस दौरान छापेमारी में उक्त प्लॉट बारी कोऑपरेटिव से कुल 5 और मनमोहन कोऑपरेटिव से कुल 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर ठगी का काम करता था। इसमें सबसे पहले इन आरोपियों के द्वारा इंस्टाग्राम में अपना एड पोस्ट करता था। जिसके माध्यम से लोगों को प्रलोभन देकर उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम की ठगी की जाती थी। साथ ही ऑनलाइन खरीदारी करने वाले लोगों का डाटा प्राप्त कर यह लोग उन्हें लॉटरी जीतने का झांसा देते हुए उनके पते पर कोरियर के माध्यम से विनर लेटर एवं कूपन भेजता था। जिसमें अंकित हेल्पलाइन नंबर एवं कूपन में स्क्रैच करने पर बारकोड अंकित मिलता था। तब कस्टमर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करते इनके पास फोन लग जाता था, तथा इनाम की राशि जिसमें वहां उनसे प्रोसेसिंग फीस और जीएसटी के नाम पर मोटी रकम ठग लिया जाता था। इन सभी पकड़े 16 लोगों के द्वारा बताया गया कि हमारा सरगना सुमित नाम का व्यक्ति है, जो पटना में रहता है। उन्हें के दिशानिर्देश पर हम लोग सारा काम करते हैं। वहीं सिटी डीएसपी ने कहा कि यह अंतर प्रांतीय गिरोह है, जहां बिहार से पूरा संचालन होता था। इन लोगों के पास से विभिन्न कंपनियों के 45 इस मोबाइल फोन, 13 पीस स्पेयर सिम कार्ड, 1320 कूपन कार्ड, 3000 पीस विनर लेटर सहित कुछ 100, 50, 200 के 15 पीस नकली नोट सहित रबर स्टैंप एवं मुहर पैड के साथ अन्य सामान को पुलिस ने बरामद किया।

## लोकगीत गायिका रंजना राय अयोध्या में अपनी गीतों की बिखरेंगी छटा

राष्ट्रीय खबर



**तालगड़िया :** बोकारो के लोकगीत गायिका रंजना राय ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री प्रभु श्रीराम की भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अपनी गीतों की छटा बिखरेंगी। उस महोत्सव में इन्होंने हिंदी, मैथिली, भोजपुरी में अपनी गीत प्रस्तुत कर के मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम में समां बाधंगी। रंजना राय कहती है कि इसके लिए उन्हें कला संस्कृति विभाग यूपी से बुलावा आया हैं। रंजना राय बोकारो से अयोध्या के लिए 19 जनवरी को ही रवाना होंगे। उन्हें वहां कला संस्कृति विभाग के 21 जनवरी को आयोजित रिहर्सल में भाग भी लेना है। बोकारो के सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका रंजना राय आज पहचान की मोहताज नही है। अपनी लोकगीत गायन के बल पर उन्होंने बोकारो का अमिट छाप छोडी है। आकाशवाणी और दूरदर्शन में गायन प्रस्तुत करने वाली रंजना आज कई प्रांतों में पहचान बनाई है। वह कहती है कि इससे बडा सौभाग्य उनके जीवन में और क्या हो सकता है। वर्षों के बाद श्री राम प्रभू अयोध्या में विराजेंगे। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री समेत कई शख्शियत भाग लेंगे और हमें श्री राम प्रभू की भजन प्रस्तुत करना है। हमारे लिए यह गौरव की क्षण होगी। इसे किसी तरह गंवाना कैसे चाहुंगी। रंजना राय हाल ही में रांची में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के उद्धाटन अवसर पर अपनी गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया था। रंजना राय अयोध्या में नगरी हो अयोध्या सी रघुकूल सा घराना हो ...,राम को देखकर जनक नंदनी बाघ में जा खडी की खडी रह गई आदि भजन स्टेज शो में प्रस्तुति देंगी। दी थी। इनके पति दीपक राय बोकारो स्टील प्लांट में सीजीएम के पद पर कार्यरत है। राय बताती है कि संगीत की शिक्षा बीएचयू से प्राप्त की है। जबकि संगीत की पारंभिक शिक्षा बनारस के बागेश्वरी देवी से मिली है। कहा इनकी मां सुलेखा सिन्हा बचपन में संगीत के प्रति इनके लगाव देख आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## मायावती का 68वां जन्मदिवस मनाया

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व सांसद कुमारी मायावती का 68वां जन्मदिवस पर बसपा जिला इकाई के तत्वाधान में चंदनकियारी के अदमडीह में जनकल्याण दिवस समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान जिले की विभिन्न विधानसभाओं से उपस्थित नेता कार्यकताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ सेलिब्रेट किया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार बौद्ध एवं केशव दास के संचालन ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जॉन इंचार्ज सुबल दास ने कहा कि मायावती जी का जीवन संघर्ष समर्पण और समाज देश के प्रति आदित्य योगदान ऐतिहासिक है जिसे कभी भुलाया नहीं जाएगा। विशिष्ट अतिथि डॉ रामप्रवेश पासवान ने कहा कि झारखंड समेत देश को बहन मायावती के नेतृत्व में बचाया जा सकता है। मौके पर धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार, केशव दास, दिलीप कुमार, अजय कुमार, सुभाष कुमार, शक्ति पद, ललित कुमार दास आदि उपस्थित थे।

## उर्द भाषा सरकारी उपेक्षा की शिकार: सईद अख्तर

राष्ट्रीय खबर

**कांके:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मिडिया प्रभारी सईद अख्तर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की उर्दू भाषा झारखण्ड सरकार के उपेक्षा की शिकार हो रही है भारत वर्ष की आजादी के पूर्व से ही उर्दू एक लोकप्रिय एवं समृद्ध भाषा के रूप में प्रचलित है। कुछ वर्ष पूर्व तक उर्दू माध्यम के प्रारम्भिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा को छोड़ कर शेष सभी विषयों के लिए उर्दू माध्यम से सरकार द्वारा पुस्तकें बच्चों को उपलब्ध कराई जाती थी तथा उसी अनुपात में विद्यालयवार शिक्षकों के पद सृजित थे जहां मूल रूप से उर्दू शिक्षिकों की नियक्ति भी की जाती थी परन्तु कुछ वर्षों से उर्दू भाषा सरकारी उपेक्षा का शिकार हो गया है आज उर्दू विद्यालयों के मात्र एक पुस्तक जो मातृभाषा की होती है की छपाई सरकार द्वारा उर्दू भाषा में कराई जाती है तथा शेष सभी पुस्तकें हिंदी भाषा में कराई जा रही है दूसरी और उर्दू शिक्षकों की नियक्ति भी सरकार द्वारा नहीं की जा रही है जिसका नतीजा है की आज पुरे राज्य में पूर्व से नियुक्त उर्दू शिक्षक सेवानिवृत होते चले गए तथा उनके स्थान पर हिंदी शिक्षकों की नियुक्ति होती चली गई। वर्तमान में कार्यरत उर्दू शिक्षकों की संख्या नगणय है। इस प्रकार एक सोची समझी साजिश के तहत वर्षों पूर्व से ही उर्दू भाषा को कुचला गया है। पूर्व से उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद के अतिरिक्त सरकार द्वारा योजना मद से 4401 उर्दू शिक्षकों का पद स्वीकृत कर जिलों के बीच वितरित किए गए थे परन्तु आज तक उन पदों पर नियुक्ति नहीं की गई तथा सभी पद हिंदी शिक्षक के पद पर समपरिवर्तित कर दिए गए।

## पारंपरिक ढंग से मनाया गया मकर संक्रान्ति

राष्ट्रीय खबर




**तमाड़:** मकर संक्रान्ति के अवसर पर फौदी खेल का आयोजन अड़की प्रखंड के सिरकाडीह में पारम्परिक ढंग से मनाए जाने वाले मकर संक्रान्ति के अवसर पर फौदी खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में लकड़ी का 15-20 गेंद (फौदी) बनाया गया और गाँव के अंतिम छोर (नीचे टोली) से गाँव के बिचो बीच खेला गया। गाँव के सभी महिलाएं बाल्टी में पानी लेकर खिलाडियों को पानी से छिड़काव कर स्वागत किया । खिलाड़ी फौदी को लाठी से मारते-मारते गाँव के ग्राम प्रधान रोहित सिंह मुंडा के घर में फौदी को आदिवासी परम्परा के अनुसार घुसा दिया, तत्पश्चात घर की महिलाओ ने सभी खिलाड़ीयों एवं ग्रामीणों का पैर धोया । लोगों ने एक दूसरे से गले से गले मिलकर उन्हें जोहार कहा। परंपरा के अनुसार ईली रासे (हँडिया) पुस पीठा, गुड़ पीठा, तिलकुट ,मुड़ी खाने के लिए दिया गया। खाने पीने के बाद ग्राम प्रधान के आंगन में टुसू नाच गाना शुरू हुआ। इस अवसर पर गाँव के जंगल सिंह मुंडा, नारायण मुंडा, करम मुंडा, बलराम मुंडा, पशुपति मुंडा, राजु मुंडा, बालेश्वर मुंडा, संजय पुरान, श्यामलाल लोहरा, देवनंदन सिंह मुंडा, लगो मुंडा, परेश मुंडा, दिलीप मुंडा मनु पुरान, महावीर स्वाँसी, अर्जुन स्वाँसी, रामधन मिर्धा, रमेश मिर्धा, बलराम मुंडा, नारायण मुंडा, पशुपति मुंडा, डोम मुंडा ग्राम प्रधान सहदेव मुंडा मनकी मुंडा आदि सैकड़ो समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

**अवसर** > मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने दामोदर नदी में लगाई आस्था की डूबकी

# टुसु पर्व की समृद्धशाली परंपरा : जलेश्वर

▶▶ मेला एवं प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**चास :** मकर संक्रांति के अवसर पर तेलमोचो पुल के निकट दामोदर नदी में लाखों की संख्या में लोगों ने आस्था की डूबकी लगाई। लोगों ने स्नान दान किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दामोदर नदी में लोगों ने पूरी आस्था के साथ डूबकी लगाई। यह सिलसिला सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। टुसु पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति मनाया गया। सैंकड़ों की संख्या में टुसु लेकर महिलाओं ने टुसु गीत गाते हुए पारंपरिक रीति से टुसु का नदी में विसर्जन किया। टुसु के गीतों से गूंजायमान हो उठा। परंपरागत टुसु मेला लगा, मेले में भारी संख्या में लोगों की भीड़ हुई। झारखंड सांस्कृतिक मंच द्वारा तेलमोचो पुल के निकट बिनोद पार्क में बिनोद स्मृति टुसु महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टुसु के साथ टुसु गीत प्रतियोगिता किया गया। जिसमें कुल 26 टुसु मंडलियों ने भाग लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संयोजक पार्वती चरण महतो ने किया। महोत्सव में अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, झामुमो नेता रतिलाल टुडु, झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता किरण बाउरी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री महतो ने कहा ने कहा कि टुसु झारखंड की समृद्धिशाली सांस्कृतिक पर्व है। इस परंपरा को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। रतिलाल टुडु ने कहा कि भाषा और संस्कृति के साथ संस्कारों का भी बिकास जरूरी है। माता बहनों से अपील है कि अपनी परंपरा को जीवित रखे एवं इस समृद्धिशाली लोक संस्कृति की विरासत को भावी पीढ़ी को भी सौंपे। किरण बाउरी ने कहा कि टुसु झारखंड की लोक-संस्कृति है। इस परंपरा पर्व को बचाने के साथ साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाने की जरूरत है, यह हमारी पहचान है। इस दौरान टुसु प्रतियोगिता में भाग लेने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नेता पार्वती चरण महतो, मुखिया संतोष केवट, पूर्व मुखिया अरूण महतो, लालू महतो, ललिता देवी, नितिन मिश्रा, झाबु महतो, झूमर शिल्पी पदलोचन महतो, कुमोद महतो, सोमनाथ शेखर मिश्रा, गोपाल महतो, अली अंसारी, भीम रजक, विजय मिश्रा, अलीमुद्दीन अंसारी, मुख्तार अंसारी, रूपलाल महतो, कंचन महतो, दिनेश महतो, किशन महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### विधायक ने घघारी धाम मंदिर में की पूजा



**बेड़ो :** लापुंग प्रखंड स्थित प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम मंदिर में सोमवार को मकर संक्रान्ति के अवसर पर लगने वाला तीन दिवसीय मेले के आखरी दिन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पुजा अर्चना की। विधायक ने सबसे पहले मंदिर मे भोले बाबा के समक्ष हाथ जोड़कर, मांडर विधानसभा वासियो के सुख समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना के लिए पूजा अर्चना किया। साथ ही विधायक ने पूरे मेला का भ्रमण कर क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल चाल भी लिया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर मंदिर में पुजा अर्चना किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि देवेंदर वर्मा, संतोष तिर्की सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश भर में 543लोकसभा क्षेत्रों के 10लाख बूथों पर भाजपा करेगी दीवार लेखन

**रांची :** झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने किया दीवार लेखन का शुभारंभ किया गया भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर 15जनवरी से दीवार लेखन अभियान शुरू की है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया जबकि झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज में और रांची में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अभियान की शुरूवात की। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू , डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी दीवार लेखन अभियान में शामिल हुए। अभियान के संचालन केलिए प्रदेश स्तरीय कमिटी के संयोजक श्री सरोज सिंह बनाए गए हैं तथा सह संयोजक के रूप में अमित सिंह,सूरज चौरसिया और अमित साहू शामिल हैं। अभियान की जानकारी देते हुए सरोज सिंह ने बताया कि झारखंड के 29हजार बूथों पर प्रदेश ,जिला,मंडल बूथ के कार्यकताओं के साथ दीवार लेखन अभियान चलाया जाएगा। सांसद,विधायक गण भी अपने अपने बूथों पर अभियान में शमिल होते हुए दीवार लेखन करेंगे। बताया कि दीवार लेखन अभियान में पार्टी का कमल निशान बनाते एकबार फिर से मोदी सरकार का नारा लिखा जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ के 5स्थानों पर कार्यकर्ता दीवार लेखन करेंगे। उन्होंने बताया कि 16 से 20 जनवरी तक को प्रदेश पदाधिकारी,केंद्रीय मंत्री गण,सांसद ,विधायकगण,जिला मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने लोकसभा क्षेत्र में बूथों पर दीवार लेखन करेंगे।

### शिक्षा एक ऐसी दौलत, जो बाटने से कम नहीं होती : हफीजुल हसन

**रांची :** अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली रातु रांची मे शिक्षा दीप समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, विशिष्ट अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष शमशेर आलम, अजय नाथ शाहदेव पूर्व डिप्टी मेयर रांची, मुस्ताक आलम रांची जिला अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा, अश्वनी शर्मा रांची जिला उपाध्यक्ष, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, कलाम आजाद उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा थे। मौके पर बोलते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आज के समय में शिक्षा की सख्त जरूरत है। हैरत है कि जिस कौम में शिक्षा सबसे ऊपर होना चाहिए वह कौम सबसे पीछे है। हमारे यहां कुरान पाक की शुरूआत ही इकरा(पढ़) से हुई है। इस्लाम में सबसे पहले कहा गया पढ़ो, तब बाकी दूसरे काम करो। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पहली बार प्लस टू अल्पसंख्यक 6 आवासीय स्कूल झारखंड में बना रही है। झामुमो शासनकाल में 1500 कब्रिस्तान की घेराबंदी किया गया, सात मदरसा में 30 बेड और 50 बेड का हॉस्टल बनाया जा रहा है। 46 मदरसा का आदेश भी दिया गया है। आने वाले वक्त में यहां भी हॉस्टल की सुविधा मिलने लगेगी। इस मौके पर बोलते हुए झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि शिक्षा सभी कौम की बुनियाद है। जिस गांव में शिक्षा होगी वह गांव हमेशा आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा के लिए आगे आना चाहिए। झारखंड के सभी मदरसा में तेजी से कम हो रहा है। मुझे खुशी हो रही है कि अहले सुन्नत हज्जन समीरन अल बनात मदरसा में 300 लड़कियों के लिए आवासीय मदरसा है। वहीं मौके पर बोलते हुए अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली के अध्यक्ष कमरुल हक ने कहा की आने वाले वक्त में यह मदरसा झारखंड का एक पहचान होगा। जहां सिर्फ लड़कियों को मदरसा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है। इस मौके पर रातू प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अत्ताउल्लाह, बुडमु प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष समीम बड़िहार, पुंदाग अंजुमन के सदर मोहम्मद जाकिर अंसारी ,कांके प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अब्दुल रहमान, मुंतज़िर खान, धर्मेंद्र सिंह झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष, नयनतारा उरांव अध्यक्ष झामुमो महिला मोर्चा, समाजसेवी मो मुमताज, सचिव मो अशफाक, मो आदिल, समेत कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी बैठक संपन्न

## अध्यक्ष ने कहा, सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** करमटोली स्थित धुमकुड़िया में राष्ट्रीय जतरा महोत्स समिति की बैठक की गयी जिसमें आदिवासी महासभा के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री देव कुमार धान का पूर्ण समर्थन राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को दिया गया।जिसका अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अंतू तिर्की ने किया संचालन कोषाध्यक्ष सुरज टोप्पो ने किया। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतू तिर्की ने कहाँ की राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है चारों जोन में लोगों को बाँट दिया गया है। राष्ट्रीय जतरा को लेकर समिति के पद्वाधिकारी बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों के बीच जाकर जतरा से संम्बधित बातों से रूबरू करा रहे है और लोगों में राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल दिख रहा है। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जून मुण्डा ने कहा की राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को लेकर समिति के पद्वाधिकारी झारखण्ड के अलावा दुसरे राज्य के आदिवासियों से सम्पर्क कर रहे है राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में आदिवासी दर्शन की झलक लोगों को देखने को मिलेगी। जतरा ऐतिहासिक होगा। जतरा में किसी प्रकार का त्रुटी ना हो उसका खासा ध्यान रखी जा रहा है। मौके पर राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के संरक्षक संजय तिर्की कार्यकारी अध्यक्ष अभय भूटकुवर, रवि मुण्डा,निरंजना हेरेंज सचिव डब्लू मुण्डा कोषाध्यक्ष मोहन तिर्की, विक्की करमाली मिडिया प्रभारी निरंजन भारती, सलाहकार राज उराँव मानसिन मुण्डा, रिक्की नायक, माला कुजूर, विनय नायक, राधा हेमरोम, डॉ० हेमलाल मेहता, किस्टो कुजूर, मुन्ना टोप्पो, दीपक मुण्डा, पवन कुमार महतो सदस्यगण मौजूद थे।

शहर >> अपडेट

### होसिर में लगेगा पांच दिवसीय मेला

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत स्थित देवीपुर खेलाचंडी मैदान में मकरसंक्रांति के अवसर पर लगनेवाले पांच दिवसीय मां खेलायचंडी पूजा व मेला का उद्घाटन सोमवार को मेला समिति के अध्यक्ष रोहित साव, स्थानीय मुखिया पार्वती देवी व पंसस महेश रविदास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सीसीएल सीकेएस ने लोकसभा सांसद का किया स्वागत

**बेरमो :**सोमवार 15 जनबरी 2024 को सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भारतीय मजदुर संघ ने उनके आवास पर जा कर 16 वीं सांसद रवींद्र कुमार पांडेय जी को पुष्प गुच्छ देकर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी उक्त मौके पर पाण्डे ने कहा मै कामना करता हु की मकर संक्रांति एवं नव वर्ष में भारतीय मजदूर संघ एक नए ऊर्जा के साथ ऊजार्वान हो भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में क्षेत्र में सभी कामगारों के सुख-सुविधा सुव्यवस्थित हो साथ ही मकर संक्रांति तथा नए साल में क्षेत्र में सुख-शांति संयम आपसी सौहार्दपूर्ण आपस मे सभी का बना रहे सभी स्वास्थ्य हो इन्ही कामनाओं के साथ मै सभी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं ! उक्त मौके पर भारतीय मजदूर संघ के बोकारो जिला के जिला मंत्री संत सिंह,सीसीएल सीकेएस ढोरी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा सचिव विनय कुमार सिंह,हीरालाल रविदास,ललन मल्लह,शरद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भक्ति एल्बम की शूटिंग में लगा जय श्रीराम के नारे, देखने उमड़ी भीड़

**बेरमो :** डीविसी बोकारो थर्मल स्वामी विवेकानंद क्रीडांगन में सोमवार को भक्ति एल्बम की शूटिंग हुई। जिसे देखने काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। यहां बंटू रिकोड्स कंपनी की ओर से भक्ति गीत जयकारा प्रभु का लगाते चलो जय श्रीराम जय जय श्रीराम गाते चलो, एल्बम की शूटिंग चल रही थी। गाने की धुन पर एल्बम में काम करने वाले कलाकार थिरक रहे थे और प्रभु श्रीराम का जयकारा लगा रहे थे। जिसे देखने व सुनने लोगो की भीड़ लग गई। इस संबंध में एल्बम के म्यूजिक डायरेक्टर जितेंद्र पण्डित ने बताए की प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हमारी नई भक्ति गीत (जयकारा प्रभु का लगाते चलो जय श्रीराम जय जय श्रीराम गाते चलो) भक्ति एल्बम, बरसाने वाली राधे म्यूजिक के तर्ज पर यह आधारित है जो लोगो को खूब पसंद आयेगी। इस भक्ति गीत को बोकारो थर्मल निवासी संटू कुमार एवं उनकी टीम ने गाया है। जिसके वीडियो डायरेक्टर पिंटू तुरी है। कहे की 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा है इसी के मद्दे नजर यह भक्ति गीत का एल्बम बनाई जा रही है कहे की इस एल्बम के सारे गानों का शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है 18 जनवरी तक एल्बम लोगो के बीच रिलीज हो जायेगी। इस अवसर पर कैमरामैन नितेश कुमार, राकेश डेडली सहित रौशन कुमार, राकेश यादव, जयंत कुमार, सतेंद्र पंडित, सैलेंद्र पंडित सहित कई लोग व कलाकार उपस्थित थे।

दिवस > जननायक झारखंडी जनता के लिए कई मायने में प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं

# क्रांतिकारी योद्धा महेंद्र सिंह का शहादत दिवस आज

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :**आज महा जननायक शहीद महेंद्र सिंह का उन्नीसवीं शहादत दिवस है। कॉमरेड महेंद्र सिंह जैसे जननायक झारखंडी जनता के लिए कई मायने में प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उनकी सादगी का जीवन ,अपने और अपने परिवार हितों से बिल्कुल परे जनता व समाज हित के संघर्ष में निरंतर समर्पित रहना व्यवहारिक जीवन में उनका आदर्श था। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और बौद्धिक बल के जननेता थे। कठिन से कठिन सवालों का सटीक ब्याख्या कर सुनने वालों में जादुई प्रभाव डाल लेते थे कॉमरेड महेंद्र सिंह। कॉमरेड महेंद्र जी से हमारी मुलाकात 1985 के आसपास गिरिडीह जेल में हुई थी। तब गिरिडीह जेल में बंद हमारे गाँव के एक व्यक्ति के बेल के लिए मैं वहाँ गया था। वहीं पता चला कि महेंद्र सिंह इसी जेल में बंदी हैं। महेंद्र जी के बारे में मैंने पहले से सुन रखा था। मेरी जिज्ञ-ासा जाग उठी और मैं सीधे गिरिडीह जेल गेट में पहुँच गया। जहां उनसे मेरी मुलाकात हुई। फिर हम दोनों के बीच गहन राजनीतिक चर्चा हुई। फिर तो मैं अनेकों बार उनसे मुलाकात के लिए गया। हर मुलाकात में काफी देर तक राजनीतिक चर्चा करते थे महेंद्र जी। उन्हें कोई रोकता टोकता नहीं था। मेरी जिज्ञासा हुई कि एक बंदी के मुलाकाती का समय निर्धारित हुआ करता है , फिर महेंद्र जी को इतनी छूट कैसे ?इससे जानने के लिए मैने दूसरे दिन कई बन्दियों से बातें की। बंदियों ने बताया कि कैसे अपने तार्किक बातों से महेंद्र सिंह ने जेल के अधिकारियों को भी अपने आगोश में ले रखा था । दरअसल जेल को उन्होंने एक प्रयोगशाला के रूप में प्रयोग किया था । वे जेल में रहकर भी जनसंघर्षों को लगातार ऊर्जा देते और जनता पर होनेवाले जुल्मोसितम के विरुद्ध जेल के बंदियों को गोलबंद कर मुखर आवाज उठाते थे। एक निर्विवाद जननेता के रूप में प्रतिष्ठित महेंद्र सिंह ने गिरिडीह जेल को अपने कला कौशल का उपयोग कर संघर्ष के मैदान में तब्दील कर दिया।

### लोहड़ी के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में सांझा लोहड़ी का हुआ आयोजन



**कुजू :** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कुजू में शनिवार को सिख समुदाय के लोगों ने धूमधाम से लोहड़ी पर्व मनाया। इस दौरान सांझा लोहड़ी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने पवित्र अग्नि में काला तिल, चूड़ा ,मूंगफली, लावा इत्यादि डालकर अग्नि देव का पूजन, अरदास किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा,मनजीत सिंह गुरदीप सिंह ( गुंडे), रिकल सिंह, सुरजीत सिंह, चरणजीत सिंह, हरजीत कौर दलजीत कौर, किरणदीप कौर, बिल्लू सिंह, बंटी सिंह, संदीप सिंह, छोटू ,सिद्धार्थ, कमलजीत कौर, गुरमीत कौर, चरणजीत कौर सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### तुरी समाज ने सुख - दुख में साथ रहने का लिया संकल्प



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** प्रखंड के बारुघुटू उत्तरी पंचायत अंतर्गत बंजी टांग टोला के तुरी समाज ने कोहला बेड़ा बसंतपुर नदी में शनिवार को पिकनिक का आनंद उठाया। समाज के लोगों ने बताया कि बंजी टांग टोला तुरी समाज के युवा संगठन ने एकजुटता का परिचय देते हुए हर सुख - दुख में एक साथ रहने का संकल्प लिया है। इसी उपलक्ष्य में तुरी समाज के युवाओं ने पिकनिक का आयोजन किया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, समाज का विकास करने के साथ - साथ शिक्षा और सरकार की ओर से मिलने वाला हक अधिकार पर चर्चा की गई। मौके पर विकास तुरी, सागर तुरी , सुभाष तुरी,अनिल तुरी, मोहरा तुरी, कृष्णा तुरी, उदय तुरी समेत दर्जनों समाज के लोग मौजूद थे।

श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का

## प्रकाश उत्सव मानने को लेकर चौथे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव मानने को लेकर चौथे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को लेकर अमृत बेला से ही सिखों का समूह गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु के चरणों में माथा टेका। प्रभात फेरी का आरंभ गुरुद्वारा परिसर से होकर नगर कीर्तन गुरबाणी करते हुए कुजू बस्ती,डटमा मोड़,कुजू चौक होते हुए सरदारनी दलजीत कौर( संदीप सिंह) के घर पहुंची। प्रभात फेरी के दौरान बोले सो निहाल सत श्री अकाल के नारों तथा कीर्तन गुरबाणी से पूरा माहौल गूंज उठा। इस दौरान सरदारनी दलजीत कौर ने निशान साहिब की सेवा फूल माला पहनकर की वही गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा ने उन्हें सरोपा भेंट कर स्वागत किया। जहां साध संगत ने शब्द कीर्तन पाठ किया।इसके बाद बाबा कुलबीर सिंह ने अरदास किया तत्पश्चात प्रभात फेरी गुरुद्वारा परिसर में आकर संपन्न हुआ। मौके पर सुरजीत सिंह संधू, कैशियर मनजीत सिंह, गुरदीप सिंह (गुंडे), अमित सिंह ,यश सिंह, करण सिंह, वीर सिंह, सतपाल सिंह, बंटी सिंह ,संदीप सिंह ,साहिब कौर ,राजवीर सिंह ,वाणी कौर, मोनल कौर, बंटी सिंह, सहित काफी संख्या में लोग प्रभात फेरी में शामिल थे।

## मकर संक्रांति पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान है :चंद्रप्रकाश चौधरी



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :**चितरपुर प्रखंड के पंचायत मायल स्थित दामोदर नदी तट पर रविवार को मकर संक्रति के अवसर पर लाखो लता मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, युवा समाजसेवी पियूष चौधरी, समाजसेवी जगदीश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान है।साथ ही मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ता है।आस्था एवं श्रद्धा बढ़ती है।

प्रेम से सामूहिक रूप से काम करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान द ग्रेट म्यूजिकल ग्रुप के मजबूल खान एवं रांची से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का 51 किलो का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। मौके पर केदार महतो, किशोर महतो, सुखदेव महतो, प्रयाग मुर्मू, विनोद मरांडी, संतोष कुमार, बिनु महतो, अनिल महतो, दशरथ कुमार, सुराली महतो, देवकी महतो सहित कई मौजूद थे ।

### जी-16 ग्रूप ने जरूरतमंदो के बीच बांटे कंबल व मिठाई



**भुरकुंडा :** समाजिक ग्रूप जी-16 ग्रूप के बैनर तले मेन रोड भुरकुंडा मे स्टाल लगाकर दूर दराज से आने वाले गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल व गुड चूडा का वितरण किया गया। ग्रूप के सदस्यों ने बताया कि पर्व मे जरूरतमंदो के परिवार मे भी खुशियां व जरूरत की चीजें उपलब्ध हो इसलिये जी-16 अपनी नैतिक जिम्मेदारीयों का निर्वहन हेतु ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते रहता है। कार्यक्रम मे सैंकडों लोगो के बीच कंबल व गुड चुडा का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे देवेन्द्र प्रसाद मेहता, अशोक कुमार, अजय कुमार गुप्ता, दिलीप अग्रवाल, अशोक कुमार सोनी, अशोक राम, दिलीप सिंह, जय प्रकाश सिंह, आनंद कुमार, नंदलाल रजक, संजय अग्रवाल, जीवन गुप्ता, धनंजय शुक्ला, राजेश गुप्ता, अशोक सोनी ( मनिष), विरेन्द्र भदानी, कृष्णा जी, योगेश दांगी सहित लोगो का योगदान रहा।

## समाजसेवी संगीता ने की आदर्श बाजार सह मेला का 17 वां वर्षगांठ का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:** गोमिया विधानसभा के अंतर्गत गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत देवीपुर में श्रीश्री मां खेला चन्डी मेला परिसर में आदर्श बाजार सह मेला का 17वां वर्षगांठ का शुभ उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति की धर्मपत्नी संगीता देवी ने फीता काटकर और नारियल फोड़ कर की। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास एवं पंसस गीता देवी,भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वरचंद प्रजापति, भाजपा जिला के सदस्य चंदना डे मुख्य रूप से उपस्थित थे।इसके पूर्व मुख्य अतिथि व उपस्थित अतिथियों ने मंदिर पहुंचकर माँ खेलाचंडी के आगे माथा टेका व क्षेत्र का सुख-शांति व उन्नति की मंगलकामना की।

मौके पर मुख्यअतिथि संगीता देवी ने अपने संबोधनमें कहा पौराणिक मंदिर है खेलाचंडी यहां मंदिर प्रांगण में कई दशको से एक दिवसीय मेला का आयोजन होता आ रहा था।हालांकि श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए खेलायचंडी मंदिर में 2008 से बृहद रूप से तीन से पांच दिवसीय मेलाका आयोजन होता है।कार्यक्रम में पूर्व मुखिया नंदू प्रजापति,भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, साड़म मंडल के महामंत्री तारमेश्वर प्रजापति समाजसेवी रामकिशोर रविदास, नारायण रविदास,अमित साव, कपिल रविदास, मानिकचंद रविदास,गणेश प्रजापति उमेश प्रजापति, रंजीत कुमार, रामदेव रविदास, चेतलाल प्रजापति, सुनील प्रजापति, कैलाश प्रजापति,ईश्वर चौहान,धीरण प्रजापति, सुरेंद्र रविदास, छोटेलाल प्रजापति, उमा देवी, देवानन्द प्रजापति, नरेन्द्र प्रजापति, कमलेश प्रसाद, बुद्धेश्वर प्रजापति, शिशुपाल प्रजापति,जागेश्वर यादव, वार्ड पति विकास प्रजापति, योगेश्वर प्रजापति सहित भारी लोग उपस्थित थे।

### रिया साहू को अनिल अग्रवाल ने किया सम्मानित

**बेरमो :**बेरमो कोलायांचल के जरीडीह बाजार निवासी व्यवसायी दिलीप कुमार साहू एवं बेबी साहू की पुत्री रिया कुमारी साहू ने सी.ए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण होने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वही अपनी सफलता पर रिया साहू ने बताया कि उनकी प्रेरणा उनकी माता बेबी साहू एवं पिता दिलीप साहू, उनके समस्त परिवार गण है। रिया साहू ने अपनी दसवीं की परीक्षा 90 प्रतिशत मार्क्स से कार्मेल स्कूल, करगली एवं बारहवीं 94.2% से पिट्स मॉर्डन स्कूल, गोमिया से प्रथम श्रेणी में पास की है। उसके उपरांत आगे की पढ़ाई कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया से की।

### दही-चूड़ा भोज का आयोजन

**बेरमो :**देशभर में मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व मनाया जा रहा है। इसको लेकर भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शुभकामनाएं दी हैं। फुसरो स्थित आवासीय परिसर मे भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया।इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकताओं ने श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय जी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर गिरजा शंकर पांडेय, लक्ष्मण नायक,रविंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर प्रहलाद बरनवाल, जगन्नाथ राम, युगेश तिवारी, राजन साव, विनय सिंह हिमाचल मिश्रा, सचिन मिश्रा, वासुदेव मिश्रा, जवाहर यादव, मदन गुप्ता, परवेज अख्तर, वैभव चौरसिया, भारत वर्मा, भाई प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, अजय झा, साधु बाउरी, बसंत पाठक, बृज बिहारी पांडेय, कुट्टू सिंह, देवता नंद दुबे,ओम शंकर सिंह, लालमोहन महतो, डॉक्टर उषा सिंह, पिंटू सिंह, संत सिंह, देवीदास, सुरेंद्र गिरि, धनेश्वर ठाकुर, रघुवंश सिंह उर्फ बच्चन सिंह, ललन सिंह ,नन्द तिवारी, जितेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

आस्था > पेटरवार प्रखंड क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत स्थित दामोदर नदी तट पर

# हथिया पत्थर मेला में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

- धाम में श्रद्धालुओं ने सैकड़ों सफेद मुर्गा व बकरे की बलि दी गई
- इस बार मेले की भीड़ ऐतिहासिक बतायी जा रही है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:**फुसरो नगर परिषद से सटे पेटरवार प्रखंड क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत स्थित दामोदर नदी तट पर हथिया पत्थर मेला में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हथिया पत्थर मेला में लाखों लोग शामिल होकर मेले का आनंद उठाया। हर वर्ष के तुलना में इस बार मेले की भीड़ ऐतिहासिक बतायी जा रही है।श्रद्धालुओं ने साथ ही दामोदर नदी पर स्नान कर पूजा पाठ के बाद दान-पुण्य किया।वहीं हथिया पत्थर धाम में मन्नतें पूरी होने वाले श्रद्धालुओं ने सैकड़ों सफेद मुर्गा व बकरे की बलि दी गई।

कुछ भक्तजन नदी किनारे में ही भोजन बनाकर परिवार के साथ भोजन ग्रहण किया तो कुछ लोग घर से लाए हुए पकवान दही,चुडा,गुड, पीठा-रोटी,का चढ़ावा चढ़ाने के बाद नदी किनारे ही भोजन ग्रहण किए।वहीं कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा हथिया गोसाई बाबा को वस्त्र दान भी की जाती है। साथ ही महिला-पुरुष ने हथिया बाबा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं लोगों ने दामोदर नदी में मकर स्नान कर अपने परिवार के साथ दही चूड़ा तिलकूट खाया। यहां मेले में लोगों ने चाट,चोमीन,गुपचुप सहित कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठाया। वहीं महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगे दुकानों में अपने-अपने लिए उपयोगी सामानों की खरीदारी किया। वहीं विधि व्यवस्था बनाने के लिए पेटरवार थाना,बेरमो थाना की पुलिस व समिति के लोग लगे रहे। सभी के सहयोग के शांतिपूर्ण वातावरण में मेला का सफल संचालन हुआ। वहीं दोपहर बाद फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग हिंदुस्तान पुल के पास जाम की स्थिति बनी रही।

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, देवीदास, दिनेश सिंह,अशोक सिंह, झामुमो नेता राजेश महतो, मदन महतो,भोलू खान,दीपक महतो आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए। हथिया पत्थर मेला को सफल बनाने के लिए समिति अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव संजय मल्लाह, कोषाध्यक्ष रोहित सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल महतो सहित कार्यकारिणी सदस्यों में गोपाल मल्लाह, प्रह्लाद सिंह, बिट्टू विश्वकर्मा आदि का अहम योगदान रहा।

## भाजपा नेता ने गरीबों के साथ मनाई मकर संक्रांति



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:**मकर संक्रांति के अवसर पर बेरमो प्रखंड के बेरमो स्टेशन स्थित प्रेम नगर में भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने गरीबो के साथ मकर संक्रांति मनाई। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा दही-चूडा, तिलकूट ,गुड, कम्बल का वितरण समारोह आयोजित किया गया। साथ ही साथ कार्यकम में पहुंचकर वितरण शुरूआत किया। सैकड़ो लोग ने इसका लुत्फ उठाया। श्री सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति के अनुसार प्रमुख पर्व माना जाता है। इस पर्व के अवसर पर गंगा स्नान करने व गरीबों को भोजन और खिलौना शास्त्रों के अनुसार एक महत्वपूर्ण दान पुण्य माना जाता है। यह पर्व सूर्य मकर राशि मे उत्तरायण हो जाता है तब यह पर्व मनाया जाता है इस पर्व को देवताओं का दिन मानने की मान्यता है इसलिए मकर संक्रांति के पर्व पर ऋषि मुनि व अन्य लोग नदियों में स्नान कर पुण्य दान किया करते हैं। बताया जाता है इस दिन पुण्य दान करने से अनजाने में हुए पापों से राहत मिलती है एवं घर मे सुख शांति रहती है। इस अवसर पर मजदूर नेता विकास सिंह, उज्जवल मुखर्जी, शंकर नायक, भाजपा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार ,गोलू कुमार के अलावे काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

संपादकीय

# पड़ोसियों से खराब रिश्ते भारत के लिए अच्छा नहीं

भारत के पास पड़ोस में स्थापित देशों में से अधिसंख्य से अब भारत के कूटनीतिक रिश्ते अच्छे नहीं रह गये हैं। वैश्विक गांव की परिकल्पना में अपने पड़ोसी के साथ अच्छा संबंध नहीं होना शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक द्वीप राष्ट्र से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा है, जो सितंबर में उनकी चुनावी जीत के बाद से माले से नई दिल्ली तक राजनयिक चुनौतियों की श्रृंखला में नवीनतम है। सार्वजनिक नीति पर राष्ट्रपति मुइज्जू के प्रधान सचिव अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम ने माले में राष्ट्रपति भवन में एक मीडिया सम्मेलन में कहा कि भारतीय सैन्य कर्मियों को अब मालदीव में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी, और सैनिकों को मार्च तक छोड़ने के लिए कहा गया है। पड़ोसियों के बीच संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जो हाल ही में मुइज्जू प्रशासन में तीन कनिष्ठ मंत्रियों की टिप्पणियों से शुरू हुआ था, जिन्होंने भारतीयों और श्री की आलोचना की थी। मोदी अपनी लक्षद्वीप यात्रा पर। मालदीव में भारत के करीब 88 सैनिक तैनात हैं। नई दिल्ली ने



कहा है कि उनमें से अधिकांश तकनीकी कर्मचारी हैं, जो मुख्य रूप से भारत द्वारा उपहार में दिए गए विमानों के रखरखाव में लगे हुए हैं। दुबई में मोदी जी, मुइज्जू ने घोषणा की कि भारत अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए सहमत हो गया है, हालांकि नई दिल्ली ने अभी तक इस आशय का कोई बयान नहीं दिया है। इस बीच, अन्य प्रमुख द्विपक्षीय चिंताओं के बीच मामले पर बातचीत करने के लिए दोनों पक्षों के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कोर समूह का गठन किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात के ठीक एक महीने बाद भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तेजी से गिरावट आई है, जिससे खतरे की घंटी बजनी चाहिए। यह ट्रिगर मालदीव के तीन मंत्रियों के ट्वीट से आया, जिसमें श्री पर हमला किया गया था। मालदीव की कथित कीमत पर अपने हालिया प्रवास के दौरान लक्षद्वीप द्वीपों को बढ़ावा देने और इजराइल के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए मोदी; मंत्रियों ने भारतीयों के बारे में भी अपमानजनक टिप्पणियाँ कीं। ट्वीट हटा दिए गए हैं, मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है और मालदीव सरकार ने खुद को उनसे अलग कर लिया है, लेकिन नुकसान हो चुका है। संबंधित राजदूतों को बुलाया गया। आहत भारतीयों ने मालदीव के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करते हुए सोशल मीडिया साइटों पर भीड़ लगा दी है - भारतीय पर्यटक सीओवीआईडी -19 के बाद सबसे अधिक आगमन करते हैं। हालांकि, अंतर्निहित कारण गहरे हैं, और माले में सरकार में बदलाव के कारण भारत-मालदीव संबंधों और पड़ोस पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। श्री। पीपीएम के ₹इंडिया आउटर₹ अभियान के दम पर मुइज्जू सत्ता में आए। 'भारत-विरोधी ताकतों' की जीत से निराशा के बावजूद, अपने पूर्ववर्ती इब्राहिम सोलिह के साथ साझा किए गए मधुर संबंधों को देखते हुए, मोदी सरकार ने उनके शपथ ग्रहण समारोह में एक मंत्री को भेजा, और उडढ28 में मोदी-मुइज्जू की बैठक हुई। हालाँकि, श्रीमान. मुइज्जू ने अपने पहले द्विपक्षीय गंतव्य के रूप में तुर्की को चुना, और अब चीन का दौरा कर रहे हैं - वह भारत को अपनी पहली प्राथमिकता नहीं बनाने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं। यहां तक कि राष्ट्रपति यामीन, जिन्होंने ₹इंडिया आउटर₹ आंदोलन शुरू किया और बीजिंग तक साथ दिया, ने 2014 में पहली बार दिल्ली का दौरा किया। मुइज्जू ने भारत पर अपने सैन्य कर्मियों की वापसी पर दबाव डालना जारी रखा है, भले ही भारत ने उनकी भूमिका स्पष्ट कर दी है। बहिष्कार के आह्वान और बढ़ती अतिराष्ट्रवादी बयानबाजी के साथ, दिल्ली और माले को एक कदम पीछे हटने और अपनी प्रतिक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत है। श्री। भारत की निकटता, आर्थिक ताकत और हिंद महासागर में एक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में ऐतिहासिक स्थिति को देखते हुए, मुइज्जू भारत का विरोध करने का जोखिम नहीं उठा सकता है, जिस पर मालदीव ने भरोसा किया है। भारत को भी एक बहुत छोटे पड़ोसी में घुसपैठ की निरर्थकता को समझना चाहिए, भले ही उकसावा कितना भी गंभीर क्यों न हो। पाकिस्तान, चीन, भूटान, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका यह सभी भारत के पड़ोसी देश हैं। इनमें से अधिकांश के साथ भारत के रिश्ते हाल के वर्षों में बिगड़ चुके हैं। इस कूटनीतिक विफलता का मुख्य कारण भारत का रवैया भी है जो वह अपने अधिकांश पड़ोसियों के साथ करता है। खुद को सबसे ऊपर समझने की सोच ही पड़ोसियों को नाराज करती है, इस बात को स्वीकार करने के लिए भारतीय नेतृत्व तैयार नहीं है। इस किस्म के बिगड़े हुए संबंध भारत के आर्थिक विकास के लिए भी बेहतर नहीं है, इस बात को सत्ता शीर्ष पर बैठे लोग क्यों नहीं समझ पा रहे हैं, यह अचरज का विषय है।

# निर्विवादित होनी चाहिये 'मर्यादा पुरुषोत्तम' की प्राण प्रतिष्ठा



**तनवीर जाफरी**
पत्रकार

अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की बहु प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। वैसे तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर अपना अंतिम फैसला सुनाए जाने के बाद जब अयोध्या की 2.77 एकड़ विवादित भूमि राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक ट्रस्ट बनाकर उसे सौंपने का आदेश दिया था उसी समय राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया था। साथ ही अदालत ने उसी समय यह आदेश भी जारी किया था कि सरकार ध्वस्त की गयी बाबरी मस्जिद के बदले दूसरी मस्जिद बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड को किसी अन्य स्थान पर वैकल्पिक 5 एकड़ जमीन भी दी जाये। वैसे भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर दिये गये फैसले से पूर्व भी दशकों से यह स्पष्ट ही था कि आज नहीं तो कल उस विवादित स्थान पर मंदिर निर्माण ही होगा। सुप्रीम फैसले से पूर्व के दो लक्षण तो कम से कम इसी ओर इशारा कर रहे थे। एक तो 'बाबरी मस्जिद ' में मुसलमानों का दशकों से नमाज अदा न करना और इस इमारत के प्रति निष्क्रिय हो जाना। क्योंकि इस्लाम धर्म किसी भी ऐसे स्थान पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं देता जो जगह विवादित हो। और दूसरे अदालती फैसला आने से दशकों पहले से ही अयोध्या के कार सेवक पुरम में राम जन्म भूमि की इमारत से सम्बंधित पत्थरों को तराशने का काम निरंतर जारी रखना।

बहरहाल अयोध्या विवाद पर दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने आनन-फानन में एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया। सरकार ने इसमें अपनी मर्जी से अपनी पसंद के लोगों को ट्रस्टी बनाया। जिसमें अधिकांश लोग आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े या इसी विचारधारा के लोग हैं। अब यही ट्रस्ट न केवल मंदिर का निर्माण कर रहा है बल्कि इसी ट्रस्ट ने भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये भी 22 जनवरी का दिन भी निर्धारित कर दिया है। परन्तु अफसोस की बात यह है कि भारत वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित,पूज्य,आदरणीय व स्वीकार्य भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जितना ही निर्विवाद,सर्वमान्य व सर्व स्वीकार्य होना चाहिये उतना ही अधिक यह आयोजन विवादों में घिरता जा रहा है। यहाँ तक कि खबर है कि 'हिन्दू मैनुफेस्टो' नमक संस्था जोकि कथित तौर पर हिन्दू धर्म के हितों हेतु कार्य करती है,से सम्बद्ध एक व्यक्ति ने 8 जनवरी को ट्रस्ट को एक आपत्ति पत्र व कानूनी नोटिस भेजा है जिसमें कई बातों पर आपत्ति दर्ज की गयी है। इनकी आपत्तियों में किसी भी शादी शुदा व्यक्ति का यजमान बनने पर उसका सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल होना ही शास्त्र सम्मत है फिर प्रधानमंत्री मोदी अकेले ही यजमान कैसे ? शास्त्रों के अनुसार इस अवसर पर मोदी की अकेले की जाने वाली पूजा शास्त्र सम्मत नहीं। दूसरा यह कि पूजा के समय गर्भ गृह में पांच लोगों की सूची में संघ प्रमुख मोहन भागवत का नाम किस आधार पर ? जबकि मोहन भागवत एक गैर रजिस्टर्ड संस्था के प्रमुख मात्र हैं ? इसी तरह सरकार द्वारा स्वामी विजेंद्र सरस्वती को शंकराचार्य बताया जा रहा है। जबकि 22 सितंबर 2017 को इलाहबाद उच्च न्यायालय यह निर्णय भी दे चुका है कि केवल वर्तमान चार पीठों के प्रमुखों को ही शंकराचार्य माना जायेगा। और पांचवां फ्रॉड समझा जायेगा। आदि उधर चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों की विभिन्न कारणों से प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से नाराजगी व दूरी जग जाहिर हो चुकी है। सभी शंकराचार्य इस विषय पर सार्वजनिक तौर पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इन सभी सम्मानित शंकराचार्यों की एक सामान्य,सबसे महत्वपूर्ण व शास्त्र सम्मत आपत्ति तो यही है कि मंदिर भवन अभी भी अधूरा है। इसके पूरा होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लग सकता है। यहाँ तक कि इसका मुख्य शिखर भी अभी तक तैयार नहीं। और जब शिखर तैयार नहीं तो मंदिर की ध्वजा कहाँ स्थापित होगी ? ऐसे गंभीर प्रश्नों के साथ सभी शंकराचार्य आपत्ति दर्ज कर रहे हैं। और इस पूरे आयोजन को ही शास्त्र विरुद्ध बता रहे हैं। उनका साफ कहना है कि यह पूरा आयोजन, सरकार आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर केवल राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिये कर रही है। लिहाजा एक शंकराचार्य होने के नाते उनका किसी भी अशास्त्र संगत आयोजन में शिरकत करना मुनासिब नहीं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा हेतु चुनी गयी 22 जनवरी की तारीख पर भी एतराज है। शंकराचार्य के अनुसार इसके लिये 'रामनवमी ' से बेहतर अवसर और क्या हो सकता था ?

बहरहाल सरकार को शंकराचार्यों की आपत्तियों की तो कोई परवाह नहीं है बल्कि सरकार मंदिर निर्माण के नाम पर की जा रही राजनीति को और भी तेज धार देने में व्यस्त है। अब उसकी नजरें इसपर हैं कि 22 जनवरी के आयोजन का निमंत्रण पाने वालों में कौन कौन लोग नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता इस आयोजन से किनारा काट रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि ₹धर्म व्यक्ति का निजी विषय है परन्तु बीजेपी और आरएसएस लंबे समय से इस मुद्दे को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाते रहे हैं. स्पष्ट है कि एक अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है. 2019 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी, भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं.₹ परन्तु निमंत्रण अस्वीकार करने वालों को भाजपा ने 'राम द्रोही ' नामक एक नई श्रेणी बनाकर उसमें डाल दिया है और दलाल मीडिया सत्ता की बीन पर 'नागिन डांस ' करने लगा है। मीडिया के बूते की बात नहीं कि वह चारों शंकराचार्यों के विरुद्ध भी ऐसे शब्दों का प्रयोग कर सके जैसे शब्द वह इंडिया गठबंधन नेताओं विशेषकर कांग्रेस के बारे में प्रचारित कर रहा है। उधर शंकराचार्यों की आपत्ति का जवाब जिन शब्दों में विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा दिया गया और मयार्दा पुरुषोत्तम को भी सम्प्रदाय में बांटने की कोशिश की गयी वह तो बेहद आपत्तिजनक है। उनके बयान के बाद तो कई शंकराचार्य चंपत राय पर भी भड़क उठे हैं।

इन सब बातों के बावजूद सरकार व ट्रस्ट ने मंदिर मस्जिद विवाद में मुख्य पक्षकार मुद्दई स्वर्गीय हाशिम अंसारी के पुत्र इकबाल अंसारी को भी मंदिर ट्रस्ट ने आमंत्रण पत्र भेजा है। गौरतलब है कि लंबे अदालती विवाद के दौरान मुद्दई रहे इकबाल के पिता हाशिम अंसारी न्यायालय में पैरोकारी करने दिगंबर अखाड़ा के महंत परमहंस राम चंद्र दास के साथ ही आते जाते थे। दोनों मित्र थे, जबकि वह विपक्ष से पैरोकारी करने वाले थे।

# कौवों की गिनती


प्रेरक-प्रसंग



तेनालीराम की बुद्धिमता और हाजिर जवाबी से महाराज कृष्णदेव अच्छी तरह से परिचित थे। इसलिए, महाराज कई बार तेनालीराम से ऐसे सवाल पूछ लेते थे, जिसका जवाब देना मुश्किल होता था। कोई और होता तो महाराज के सवाल सुनकर अपना सिर पकड़ लेता, लेकिन तेनालीराम के पास तो जैसे हर मर्ज की दवा थी और हार मानना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था। ऐसे ही एक दिन बैठे-बैठे महाराज ने तेनालीराम से पूछा, 'तेनाली, क्या तुम बता सकते हो हमारे राज्य में कौवों की कुल संख्या कितनी होगी?' महाराज का सवाल सुनने के कुछ देर बात तेनालीराम ने सिर हिलाते हुए कहा कि वह बता सकता है कि राज्य में कुल कितने कौवे हैं। तेनालीराम की बात सुनकर महाराज ने कहा, एक बार फिर से सोच लो तेनाली तुम्हें कौवों की सटीक संख्या बतानी है। महाराज जानते थे कि कौवों की सटीक संख्या बताना मुश्किल है। फिर भी वह जानना चाहते थे कि आखिर तेनाली कैसे पूरे राज्यों के कौवों की संख्या का पता लगाएगा। तेनालीराम ने एक बार फिर पूरे विश्वास से कहा, महाराज, मुझे कुछ दिन का समय दीजिए। मैं आपको राज्य के कुल कौवों की संख्या जरूर बताऊंगा।' महाराज को लगा कि तेनालीराम जरूर उनका मूर्ख बनाना चाहता है। ..**जारी**।

नज़रिया

# बोतलबंद पानी में प्लास्टिक का घुलता जहर !



**सुनील कुमार महला**
पत्रकार

पहले की तुलना में आज आदमी की जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आ गये हैं। बढ़ती जनसंख्या के साथ धरती के संसाधनों पर भी बहुत बोझ बढ़ा है। सर्वविदित तथ्य है कि जब जनसंख्या बढ़ती है तो पर्यावरण प्रदूषण में भी निश्चित ही बढ़ोतरी होती है। आज विकास के बीच विभिन्न उधोग-धंधों में भी बहुत बढ़ोत्तरी हुई है और यही कारण है कि औधोगिक उत्सर्जन में भी इजाफा हुआ है। बढ़ते वाहनों के बढ़ते प्रदूषण ने भी मानव जीवन शैली को बहुत प्रभावित किया है। दरअसल, प्रदूषण पृथ्वी पर जीवन को बनाये रखने वाले मूल कारकों को प्रभावित करते हैं। यह हमारे जीवन के लिये आवश्यक वायु, जल तथा अन्य पारिस्थितिकी तंत्र, जिस पर हम सभी निर्भर हैं, को नकारात्मक रूप से बहुत हद तक प्रभावित करते हैं। सच तो यह है कि प्रदूषण आज मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। आज पहले के जमाने की तुलना में अधिक चिकित्सा सुविधाएं होने के बावजूद स्वास्थ्य में गिरावट देखने को मिल रही है। कारण प्रदूषण ही है।नित नये चिकित्सा अनुसंधानों, खोजों के बाद रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है ,तो उसकी वजह हमारी जीवनशैली में शामिल वे सभी कारक हैं, जो शनैःशनैः हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। ऐसे कारक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो रहे हैं लेकिन इनका हमें भान होते हुए भी भान नहीं है। जानकारी होने के बावजूद हम हमारे स्वास्थ्य को लगातार नजरंदाज कर रहे हैं। इसे हम मजबूरी कहें या जो भी कहें लेकिन इन कारकों ने मानवजाति पर बहुत अधिक प्रभाव डाला है। आज रोगियों से अस्पताल के अस्पताल भरे पड़े हैं और नयी नयी बिमारियां सामने आ रही हैं। जल को ही लीजिए।जल सभी प्राणियों के जीवन के लिए एक बहुत ही आवश्यक तत्व है। कहां भी गया है कि 'जल ही जीवन है।' आज बढ़ती जनसंख्या के बीच बड़े शहरों से लेकर गांव तक में बोतलबंद पानी का उपयोग होने लगा है। आज बाजार में बोतलबंद पानी के अनेक ब्रांड उपलब्ध हैं, लेकिन क्या हमने कभी इस बारे में थोड़ा सा भी चिंतन किया है कि बोतलबंद पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक भी है या नहीं। हम बिना विचार किए हर कहीं से बोतलबंद पानी खरीदते हैं और धड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं। वास्तव में,जल प्रदूषण और इससे बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं ने भारत में मिनिरल वॉटर के कारोबार के साइज को बड़ा किया है और शायद यही कारण है कि आज देशभर में बोतलबंद पानी की खपत बढ़ी है। मेट्रो सिटीज में तो यह खपत बहुत अधिक है, क्यों कि वहां पर गांवों की तरह प्याऊ जैसे विकल्प विरले ही उपलब्ध होते हैं।एक आंकड़े के अनुसार भारत में बोतलबंद पानी का मार्केट साल 2021 में करीब 20 हजार करोड़ रुपये का था। जानकारी मिलती है कि वर्ष 2024 में भारत में बोतलबंद पानी बाजार में राजस्व 6.1 बिलियन यूएस डॉलर का है और इसके सालाना 4.84 बढ़ने का अनुमान है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2027 तक, घर से बाहर की खपत, जैसे बार और रेस्तरां में, बोतलबंद पानी बाजार में खर्च का 5% और वॉल्यूम खपत का 2% होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं,इस खंड में मात्रा 2027 तक 28.1 बिलियन लीटर तक पहुंचने का अनुमान है।इसके अलावा, वर्ष 2025 में वॉल्यूम में 4.4% की वृद्धि होने का अनुमान है। आपको जानकारी हासिल करके हैरानी होगी कि वर्ष 2024 में बोतलबंद पानी बाजार में प्रति व्यक्ति औसत मात्रा 17.74 लीटर तक होने की उम्मीद जताई गई है। बढ़ते शहरीकरण, औधोगिकीकरण, बढ़ती जनसंख्या और पानी की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में बढ़ती चिंताओं के कारण भारत का बोतलबंद पानी बाजार आज बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है।

**आज बाजार में बोतलबंद पानी के अनेक ब्रांड उपलब्ध हैं, लेकिन क्या हमने कभी इस बारे में थोड़ा सा भी चिंतन किया है कि बोतलबंद पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक भी है या नहीं।**

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



एक व्यस्त विक्टोरिया डॉक, ताजोंग पागर, 1890 दशक में। सिंगापुर प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) से अधिक प्रभावित नहीं हुआ था क्योंकि यह संघर्ष दक्षिण-पूर्व एशिया तक नहीं फैला था। युद्ध के दौरान एक मात्र महत्वपूर्ण घटना सिंगापुर में रक्षा-सैनिकों के रूप में तैनात ब्रिटिश मुस्लिम भारतीय सिपाहियों द्वारा 1915 के विद्रोह के रूप में थी। इस तरह की अफवाहें सुनने के बाद कि उन्हें तुर्क साम्राज्य से लड़ने के लिए भेजा जाना था, सैनिकों ने विद्रोह कर दिया, जोहोर और बर्मा से आये सैनिकों द्वारा विद्रोह को दबाये जाने से पहले उन्होंने अपने अधिकारियों और कई ब्रिटिश नागरिकों को मार दिया। युद्ध के बाद, ब्रिटिश सरकार ने तेजी से महत्वाकांक्षी हो रहे जापानी साम्राज्य के निवारक के रूप में सिंगापुर में एक नौसेना बेस बनाने के लिए काफी मात्रा में महत्वपूर्ण संसाधनों को वहां पर भेजा। 500 मिलियन डॉलर की एक आश्चर्यजनक लागत से पूरा किये गए इस नौसेना बेस ने उस समय दुनिया के सबसे बड़े ड्राई डॉक को काफी हद तक बढ़ावा दिया, यह तीसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग डॉक था और यहां पूरी ब्रिटिश नौसेना को छः महीनों तक सहायता देने वाले पर्याप्त ईंधन के टैंक मौजूद थे। यह 15-इंच के नौसेना बंदूकों और तेनगाह एयर बेस पर तैनात रॉयल एयर फोर्स स्क्वाड्रनों द्वारा सुरक्षित था।

साइबर दुनिया

# Realme 12 Pro, 12 Pro+ की लॉन्च तारीख हुई कंफर्म



नई दिल्ली : Realme ने कई हफ्तों के लीक के बाद आधिकारिक तौर पर Realme 12 Pro सीरीज की लॉन्च तारीख का खुलासा कर दिया है। कंपनी ने कंफर्म किया है कि इसकी घोषणा 29 जनवरी को ग्लोबल स्तर की जाएगी। आइए Realme 12 Pro सीरीज के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**Realme 12 Pro सीरीज में क्या होगा खास**

Realme द्वारा जारी लॉन्च तारीख पोस्टर में Realme 12 Pro+ की झलक मिलती है, जिसमें एक पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा है। इसके अलावा ब्रांड ने बताया कि रियलमी 12 प्रो सीरीज में सोनी IMX890 50 मेगापिक्सल कैमरा होगा। लॉन्च होने से पहले ब्रांड को आने वाले हफ्तों में 12 प्रो लाइनअप के बारे में ज्यादा जानकारी मिलने की उम्मीद है।

**Realme 12 Pro और 12 Pro+ के स्पेसिफिकेशंस**

Realme 12 Pro में 6.7 इंच कर्व्ड एज AMOLED डिस्प्ले होगी, जिसका FHD+ रेजॉल्यूशन और 120Hz रिफ्रेश रेट है। फोन एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड Realme वक5 पर काम करने की उम्मीद है। इन स्मार्टफोन में सिक्योरिटी के लिए इन-स्क्रीन फिंगरप्रिंट सेंसर मिलेगा। Realme 12 Pro सबमरीन ब्लू और नेविगेटर शेड में आएगी, Realme 12 Pro+ एक्सप्लोरर रेड वर्जन में भी आएगी। Realme 12 Pro में Snapdragon 6 Gen 1 और 12 Pro+ में Snapdragon 7s Gen 2 प्रोसेसर होंगे। दोनों फोन 67ह फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000mAँ की बैटरी से लैस होंगे। ग्लोबल बाजार में स्मार्टफोन 12 जीबी तक रैम और 256 जीबी तक के बिल्ट-इन स्टोरेज के साथ आने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स से पता चला है कि Realme 12 Pro और 12 Pro+ में एक ही प्राइमरी कैमरा और 8 मेगापिक्सल का सोनी IMX355 अल्ट्रा-वाइड कैमरा होगा। जहां 12 प्रो में 2X ऑप्टिकल जूम के साथ 32 मेगापिक्सल टेलीफोटो कैमरा होगा, वहीं प्रो+ वेरिएंट में 3X ऑप्टिकल जूम सपोर्ट के साथ ओमनीविजन OV64B पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा होगा। 12 प्रो+ में 6X जूम और 120X डिजिटल जूम का सपोर्ट मिलने की पुष्टि है।

टॉप ट्वीट



"अनुमान है कि भाजपा इस बार 404 का आंकड़ा पार कर जायेगी, लेकिन मुझे लगता है कि यह संख्या 450 हो सकती है। मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा से पहले राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किए गए मंदिर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा , "पिछले 500 वर्षों से इस देश में लोग उस समय का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं जब रामलला अपने घर लौटेंगे।"

डॉ. माणिक साहा
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री



"फाइटर वह नहीं है, जो लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि फाइटर वह है, जो अपने दुश्मनों को ठोक देता है।"

ऋतिक रोशन
राजद सुप्रीमो

संपादक के नाम पत्र

## खालिस्तानियों पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

अमेरिका और कनाडा में खालिस्तानियों का षड्यंत्र चरम पर है ।भारत के खिलाफ षड्यंत्र के बावजूद अमेरिका को तिरछी नजर क्या संकेत दे रही है ।अमेरिका ऐसे तत्वों को अमेरिका की धरती से निकाल बाहर करना चाहिए ।अमेरिका हमारा मित्र देश है ।जबकि अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भारत उम्मीद लगाए बैठा है ।खालिस्तान आतंकी गुरूपन्तसिंह पन्नू की हत्या का सीधा आरोप भारत पर डालने के बाद दोनों देशो के रिस्तो में दरार से इनकार नही कर सकते है ।कनाडा ऑस्ट्रेलिया मेलबॉर्न टोरेंटो आदि देशों में खालिस्तानियों के लिए जनमत संग्रह किया गया था ।अमेरिका में खालिस्तानियों को हवा देने ने अकेला सीख फॉर जस्टिस संगठन ही नही कर रहा है अमेरिका में कई ऐसे संगठन है जो सक्रियता बढ़ा रहे है ।अमेरिका की धरती बेखौफ होकर काम करने की इजाजत क्यो दे रही है ।यह समझ के परे है ।क्या अमेरिका यही चाहता है ?उच्चत्तम स्तर पर उठाए आरोपो को भारत की प्रतिक्रिया कम महत्वपूर्ण हो सकती है लेकिन विदेश मंत्रालय ने कोई संदेह नही छोड़ा है कि जब तक चिंताओं का समाधान नही किया जाता तब तक वास्तविक आतंकवाद विरोधी सहयोग नही हो सकता ।अमेरिका और कनाडा भारत के साथ रणनीतिक साझेदार होने का दावा तो करता है लेकिन उसकी धरती पर फलफूल रहा खालिस्तानी आतंकवाद के लिए कौन परवाह करे कि नीति अपना रहा है ।यह संदेह पैदा करता है ।रणनीतिक संबंध दोनों तरफा होते है ।लेकिन अमेरिका के दाढ़ में कंकड़ है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अफीम की फसल को किया नष्ट

तमाड़ : 26वीं वाहिनी सशस्त्र बल की 'ई' समवाय डुगरडीह के द्वारा 13 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया। सशस्त्र सीमा बल की कमान्डेंट एसडी शेरखानी के आदेश पर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल निरीक्षक एस. इबोमचा सिंह की अगुवाई में एक विशेष ऑप्स दस्ता निकाला गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### भाजपा कार्यकताओं किया मिलन समारोह का आयोजन

**बड़कागांव:** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय प्रांगण में बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड भाजपा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन जय नारायण प्रसाद सुमन गिरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कर्णपुरा क्षेत्र का सर्वाधिक समस्या विस्थापन और भाजपा कार्यकताओं का है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सीटों पर गठबंधन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेवारी है। लेकिन मैं भी कहता हूं कि बड़कागांव विधानसभा सीट में गठबंधन नहीं भाजपा को चुनाव स्वयं लड़नी चाहिए, परिणाम सुखद होंगे। क्योंकि बड़कागांव विधानसभा भाजपा का गढ़ है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो कार्यकाल में देश के विकास और उन्नति के साथ अंतोदय के उत्थान को लेकर जो कार्य किया वह कांग्रेस के 6 दशक के कार्यकाल पर भारी है। 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है और एक बार फिर नई ऊर्जा के साथ हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि तीसरी बार हम मोदी का ही सरकार बनाएं और भाजपा को 400 पर पहुंचाएं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक बनने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो की इसका शुभारंभ राहुल गांधी करेंगे। बैठक में कांग्रेस के जिला पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के संयोजक, कार्यकताओं के बीच विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी प्रखंड अध्यक्ष मोर्चा संगठन के अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखें एवं जरूरी सुझाव दिया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सुखेर भगत अपने संबोधन में पदयात्रा पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा झारखंड के लिए यह ऐतिहासिक पल है श्री राहुल गांधी देश में बढ़ रहे अविश्वास , नागरिक अधिकारों का हनन, जनप्रतिनिधियों का दमन , बेरोजगार युवाओं को रोजगार ,आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा, संविधान की रक्षा हेतु यात्रा झारखंड होते हुए छत्तीसगढ़ को जाएगी झारखंड में राहुल गांधी 8 दिनों तक रहेंगे सभी दिन एक सभा को भी संबोधित करेंगे लोहरदगा कांग्रेस की भागीदारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ऐतिहासिक होगी इस यात्रा को बेहतर बनाने के लिए हमारे हर कार्यकर्ता पंचायत से बूथ स्तर तक बैठक कर जनसंपर्क चलाएंगे लोगों को राहुल गांधी के न्याय यात्रा के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचायेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा देश में नफरत और असुरक्षा को लेकर श्री राहुल गांधी ने नफरत तोड़ो भारत जोड़ो पद यात्रा लगभग 4000 किलोमीटर कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक यात्रा की इस बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से होकर गुजरेगी।

**आयोजन**

### इंदरा जतरा मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

# कई पीढ़ियों से होता आ रहा है आयोजन :निरंजन नायक

राष्ट्रीय खबर



**चरही :** चरही जतरा मेला समिति इंद्रा के तत्वावधान से चुरचू प्रखंड के इंदरा पंचायत भवन के समीप सोमवार को तीन दिवसीय जतरा मेला का उद्घाटन हुआ। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,विशिष्ट अतिथि ज़िप सदस्य बासुदेव करमाली, स्थानीय मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यहां मेला लगने से लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने व विधि-व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत जतरा मेला समिति द्वारा किया गया। पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने बताया कि जतरा मेला का आयोजन यहां कई पीढ़ियों से किया जा रहा है। मेले में आस पास के ग्रामीण समेत पूरे झारखंड प्रदेश से लोग मेला देखने पहुंचते हैं। तीन दिवसीय जतरा मेला इंदरा में उमड़ी जन सैलाब। जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे ऐतिहासिक तीन दिवसीय जतरा मेला की रौनक बढ़ती गई। सामान की खरीदारी के साथ ही लोग मेले का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। हल्की ठंड के बावजूद लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ मेले में आ रहे हैं। मेले में बाहर से आए दुकानदार आने वाले भीड़ को देखते हुए सामान अधिक मंगवा रहे है। मेला में झूला और ब्रेक डांस आकर्षण का केंद्र है। मेले में सबसे अधिक लोहे, बक्से, ईख आदि की बिक्री हो रही है। मेले में झूले व ब्रेक डांस व ड्रैगन झूला वाले आइटम को ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा जलेबी, चाट, समोसा, गोलगप्पा का भी आनंद लेते रहे। मेले की सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष मिसबाहुल हसन, सचिव उमाशंकर ठाकुर ,कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो, जरबा मुखिया सुनीता कुमारी, हेंदेगढ़ा मुखिया गिरिजा देवी, वार्ड सदस्य मो इदरीश,उमाशंकर ठाकुर, चरण करमाली,पंसस मालती देवी, पंसस बीरेंद्र भुइंया, उप मुखिया दशरथ महतो, उप मुखिया बसंती देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रंगदारी मांगने के आरोपी को बड़कागांव पुलिस ने भेजा जेल

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग बड़कागांव थाना क्षेत्र एनटीपीसी के अधिकारियों कर्मियों एवं बड़कागांव स्थित किसान नर्सिंग होम के मालिक से फोन पर रंगदारी मांगने एवं नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को बड़कागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि 30 नवंबर 2023 को बड़कागांव स्थित किसान नर्सिंग होम के मालिक को फोन पर धमकी देकर 100000 रंगदारी की मांग किया गया तथा नहीं देने पर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दी गई थी। इस संदर्भ में नर्सिंग होम के मालिक के शिकायत पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 354/ 23 दिनांक 2/ 12/ 2023, धारा 385, 387 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं एनटीपीसी के पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी फोन के माध्यम से रंगदारी मांगने एवं नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इस संदर्भ में भी एनटीपीसी के अधिकारियों के शिकायत पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 11/ 24 के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की गई।मोबाइल नंबर के उद्वेदन के बाद उक्त कांड में दिवाकर तिवारी पिता स्वर्गीय राजकुमार तिवारी ग्राम कुडलोग थाना टंडवा जिला चतरा वर्तमान पता कदमा रोड रामनगर, थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग की संलिप्त पाई गई जिसे बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के नेतृत्व में छापामारी कर कदमा रोड स्थित रामनगर आवास से दिवाकर तिवारी को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया। दिवाकर के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद की गई ।

## बिरसा किसान रथ ने कुरहा में किया प्रचार प्रसार

राष्ट्रीय खबर



**इचाक :** इचाक राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आत्मा समेति सह्हाय अनुदान अन्तर्गत बिरसा किसान रथ का परिचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इचाक प्रखंड के सभी पंचायतो में बिरसा किसान रथ के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरहा के ग्राम कुरहा के शिव मंदिर के प्रांगण में बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, 3यांत्रिकीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण इत्यादि की जानकारी दी गई।

मौके पर मुखिया संगीता देवी ,पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता, बीटीएम पुष्पा कुमारी, किसान मित्र तुलेश्वर मेहता,अनुपा मेहता,मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता,उप मुखिया प्रतिनिधि लोकनाथ मेहता, बैजनाथ महतो, बंगाली महतो, सरिता देवी,शंकर मेहता, प्रकाश मेहता एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में परिवर्तन की आंधी चल रही है :चंद्रदेव

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इचाक के अलौंजा पंचायत मदनपुर अशिया वर्मा इत्यादि गांवों में कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ0 आरसी मेहता के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अलौंजा के सभा में पूर्व उपप्रमुख एवं कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद ने कहा की बरकट्ठा विधानसभा में बदलाव के आंधी चल रहा है 20 वर्षों में बरकट्ठा विधानसभा, अन्य विधानसभा की तुलना में कालांतर पीछे चल रहा है जनहित विकास कार्यों से असंतुष्टि पर परिवर्तन करना जनता का मौलिक अधिकार है।भ्रमण के दौरान डॉ मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हूं। उद्योग के अभाव में बेरोजगार नौजवान अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। पलायन रोकने के लिए उद्योग धंधा लाने का प्रयास करूंगा। 10 वर्षों में देश में महंगाई बेरोजगारी चरम पर भ्रष्टाचार 8 गुना बढ़ चुका है। मंदिर मस्जिद हिंदुस्तान पाकिस्तान के नाम पर देश को गुमराह किया जा रहा है ।भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, प्रखंड उपाध्यक्ष जगदीश दास, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश राम, पंचायत उपाध्यक्ष महेंद्र पांडे, डॉ महेंद्र मेहता ,प्रोफेसर डॉ सुनील दास ,इचाक प्रभारी सुदीप धवन, खूशनारायण मेहता ,आनंद प्रसाद मेहता ,उपेंद्र मेहता ,पंकज पांडे, मदन पांडेय ,प्रशांत पांडे समय दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक ने उपलब्ध कराया इलाज की राशि



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग मिल्लत कॉलोनी निवासी परवेज अख्तर के 8 वर्षीय पुत्री फरहीन अख्तर के बेहतर इलाज के लिए विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा राशि 50 हजार की सरकारी मदद मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत उपलब्ध कराई गई। हजारीबाग स्थित आवास में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने ब्लड कैंसर पीड़ित फरहीन अख्तर के रिश्तेदार सैयद दानिश को 50 हजार का चेक सौंपा व शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विधायक द्वारा पहल करने के बाद लगभग 5 लाख की राशि भी बहुत जल्द पीड़ित के इलाज के लिए उपलब्ध कराया जाएगा इसके लिए भी सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। विदित हो कि परवेज अख्तर की 8 वर्षीय पुत्री फरहीन अख्तर ब्लड कैंसर रोग से ग्रसित है एवं वर्तमान में सीएमसी वेल्लोर में इलाजरत है। इलाज में हो रहे अत्यधिक खर्च व परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण विधायक अंबा प्रसाद से सहयोग करने हेतु अनुरोध किया था जिसके बाद विधायक ने मदद उपलब्ध कराई है। इस दौरान बड़कागांव प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, चंदन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूजित अक्षत वितरण में उमड़ा जन सैलाब



राष्ट्रीय खबर

इचाक : इचाक ग्राम लुंदरू के बक्सी टोला के राम भगत पूजित अक्षत को वितरण करने के लिए भव्य तरीके से जुलूस निकाल कर किया । वितरण मौके पर उपस्थित देवकुली पंचायत आरएसएस अध्यक्ष सुधीर प्रसाद कुशवाहा, अनिल सोनी ,महेश यादव, गौतम राणा ,खगेंद्र प्रसाद, प्रसांत कुमार,मनोज अकेला,प्रवेश सोनी काली ,सोनी लक्ष्मी सोनी,पंकज सिन्हा,संजीत सोनी एवम समस्त ग्रामीण उपस्थित हुवे।

## इन्द्रपुरी साईं मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग साईं परिवार हजारीबाग जिसका निबंधन संख्या 8188/19 के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर इन्द्रपुरी में साईं भण्डारा का कार्यक्रम किया गया। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में सोमवार को अहले सुबह साईं मंदिर में आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी मकर संक्रांति के पर साईं परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का वितरण किया गया। सैकडों श्रद्धालुओं ने साईं बाबा के प्रसाद ग्रहण किया।साईं परिवार, हजारीबाग समूह समाजिक सरोकार से जुड़कर सेवा कार्यों में निभा रहें हैं हमेशा अग्रणी भूमिका।साईं परिवार, हजारीबाग साईं भक्तों का एक समूह है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखना हेतु कार्य करता है। साईं परिवार, हजारीबाग समाज के जरूरत मंद वर्गों के बीच लगातार सेवा कार्य करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करता है, तो विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी अपने कार्यों से सामाजिक जुड़ाव की ओर खुद को अग्रसर करता है।

समाज के कई जरूरतमंदों को व्यक्तिगत रूप से भी यह समूह अपनी सक्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है। समूह का लक्ष्य है कि साईं भक्तों का एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है।

## न्यूज फटाफट

### 24 जनवरी को जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाएगी



**हजारीबाग :** हजारीबाग भारतीय नाई समाज जिला हजारीबाग का बैठक जननायक कपूर्री ठाकुर का प्रतिमास्थल कपूर्री चौक मत्स्य कार्यालय के सामने नूरा हजारीबाग में हुआ। उपस्थित लोगों ने तिलकुट चूड़ा खाकर मकर संक्रति मनाई और एक दूसरे बधाई दिया। साथ ही साथ बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी भी 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर का 100 वा जयंती बड़ी धूम से मनाई जाएगी। बैठक में मुख्यरूप भारतीय नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर शामिल हुए। साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय जननायक कपूर्री ठाकुर जो कि एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे। इनका 100 वा जयंती है इस अवसर पर हजारीबाग में कपूर्री विचार जन जागरण रथ निकाला जायेगा। इस बात पर जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता ने सहमति जताई। साथ ही बैठक में जिला कमिटी से जिला उपाध्यक्ष अरविंद ठाकुर,जिला सविव राजेंद्र ठाकुर, मुना ठाकुर जिला अध्यक्ष केश कला बोर्ड जिला कोषाध्यक्ष प्रह्लाद ठाकुर सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बुजुर्ग महिला यमुना देवी की 80 वर्ष की उम्र में निधन



**दारू :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के अंतर्गत देवरिया गाँव की एक बुजुर्ग महिला की आकस्मित निधन हो गया।इस निधन में पीड़ित परिवार से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार के साथ कई गण्यमान व्यक्तियो ने पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना जताए। उनके अंतिम संस्कार के दौरान युवा सामाजसेवी रणजीत यादव ,गाँव के संदीप गिरी मंटू गिरी,सुनील गिरी ,धीरज गिरी,बिरजू गिरी ,संजय गिरी,अमित गिरी ,प्रभात गिरी , प्रताप गिरी ,अनिल गिरी, डिंपू गिरी , वर्ष लल्लन भारती , दिनेश्वर गिरी , इंद्रदेव भारती, नरेश भारती , आशीष गोस्वामी,मंतोष गोस्वामी,गोवर्धन ठाकुर ,भुवनेश्वर रविदास ,मथुरा दास ,पिंटू राम, कालिदास राणा ,विंध्याचल राम इत्यादि लोग मौजुद थे।

**तैयारी**

### भगवान राम के आगमन के पावन अवसर पर

# घरों व मंदिरों में 22 को जलेंगे दिये :जयंत सिन्हा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोक सभा के सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान राम के आगमन के पावन अवसर पर पूजन सामग्री सहित घरों में दीप प्रज्वलित करने के लिए दिए का वितरण करने की भव्य तैयारी हो रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कोडरमा जिला भाजपा संगठन प्रभारी टुन्नू गोप, सांसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सांसद के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने सर्व प्रथम विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते हुए पूजन सामग्री वितरण कार्य के लिए तैयार हो रहे राम थैला में पूजन सामग्री का पैकेट बनाने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर टुन्नू गोप ने कहा कि हमारे लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा अपने लोकसभा क्षेत्र में भगवान राम के आगमन पर भव्य आयोजन कर रहे हैं। जिसके लिए हम सब उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र लाखों दिया से जगमग होकर भगवान राम का स्वागत करेगी। जिले के तमाम राम भक्तों से आग्रह किया कि इस आयोजन में वह अपना बढ़-चढ़कर सहयोग करें। उन्होने राम भक्तों से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर अपने घरों, अपने आस पास और मन्दिरों में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र को सुंदर और सुसज्जित करें। पूरा माहौल को पवित्र बनाकर भगवान राम का स्वागत करें। अपने घरों और आस पास के मन्दिरों में विशेष सजावट करें। जिससे पूरा वातावरण राम मय हो जाय। इस पुनीत कार्य करने में सहयोग करने वालों को सांसद जयंत सिन्हा जी की ओर से टुन्नु गोप, हिमांशु कुमार एवं अनिल सिन्हा ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**प्रदेश >> अपडेट**

### शास्त्रीय संगीत का आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर में सोमवार को नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग की ओर से संचालित स्पाइक मैके नामक कार्यक्रम में विश्वप्रसिद्ध उस्ताद सारंगी वादक कमाल शबरी एवं उस्ताद तबला वादक श्याम मोहन की युगलबंदी ने विद्यालय सभागार को शास्त्रीय संगीत से मंत्र मुग्ध कर दिया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### सड़क हादसे में तीन घायल

**पलामू:** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत जपला दंगवार मुख्य मार्ग पर बड़ेपुर गांव के समीप दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी ,जिसमे तीन बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलो को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने दो घायल मोहित व पवन को गम्भीर स्थिति देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, घायलों में हुसैनाबाद के डिहरी विश्रामपुर के मोहित कुमार, पवन उरांव व मनीष उरांव कामत गांव के रहने वाले है, बताया जाता है कि एक बाइक सवार दंगवार से मेला देख कर आ रहा था वही दूसरे बाइक सवार जपला से कामत घर जा रहे थे उसी क्रम में बड़ेपुर हाई स्कूल के समीप जोरदार टक्कर हो गयी जिससे सभी घायल हो गए। घायलों में मोहित कुमार20वर्ष डिहरी विश्रामपुर एवं पेन उराव 19वर्ष कामत को गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### स्वदेशी हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन कल

**मेदिनीनगर:** स्थानीय रेडमा काली मंदिर के निकट स्वदेशी हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन 17 जनवरी को किया जाएगा। यह जानकारी मेला के संस्थापक सुनील कुमार ने दिया ।उन्होंने बताया कि यह मेला 5 फरवरी तक चलेगा ।कहा की मेले में बच्चों के मनोरंजन, खाने-पीने का सामान उपलब्ध रहेगा ।बताया कि मेले में 14 राज्यों के शिल्पकार स्टाल लगा रहे हैं ।मेले का मुख्य आकर्षण खादी ग्राम उद्योग के वस्त्र, दवाइयां, कश्मीरी शॉल ,भागलपुरी सिल्क साड़ी, भदोही का कार्पेट , राजस्थानी अचार ,किचन वेयर ,सहारनपुर फर्नीचर , साउथ इंडियन डिश आदि उपलब्ध रहेगी। श्री कुमार ने बताया कि मेला में ग्राहकों के आकर्षण करने के लिए बाजार से सस्ते दाम पर सामान उपलब्ध रहेंगे कहा कि कई वस्तुओं पर 30% तक की छूट दी जाएगी।

### शीतलहरी का बड़ा प्रकोप जनजीवन पर पड़ रहा असर

**महेशपुर (पाकुड़):** पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में घने कोहरे एवं शीतलहरी का खासा प्रभाव जन-जीवन पर पड़ने लगा है। कनकनी से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इधर ठंड, कनकनी और कोहरे के कारण लोग परेशान है। सूर्य के दर्शन भी मुश्किल से हो रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए अधिकांश लोग घर पर ही रह रहे हैं या तो फिर अलाव के सहारे ठंड से निजात पाने की कोशिश कर रहे है। कड़ाके के ठंड के बावजूद भी अभी तक प्रशासन के तरफ से अलाव की व्यवस्था नहीं करवाया गया है। ठंड और कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। कोहरा के कारण सड़कों पर वाहनों को लाइट जलाकर गुजरना पड़ रहा है। ठंड के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। बच्चों को सर्दी बुखार जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं।

**घटना**

24 घंटे के बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

# लॉटरी माफिया के गुंडों ने किया पत्रकार पर हमला बाल बाल बचे पत्रकार

▶▶जानलेवा हमले में बाल-बाल बचा पत्रकार

▶▶दिन दिहाड़े रेलवे स्टेशन परिसर में किया हमला




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ के हरिणडांगा बाजार निवासी रिक्की अंसारी, सलीम और कुछ इनके सहयोगी सभी ने मिलकर युवा पत्रकार अविनाश मंडल के साथ पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार दोपहर मारपीट की, अविनाश मंडल के द्वारा पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र में रिक्की अंसारी के द्वारा संचालित फर्जी एटीएम टिकट जो खुले आम थाना क्षेत्र में बेची जा रही है ।

कई एजेंट के माध्यम से खबर को पूरे पुख्ता सबूत के साथ छापा था, खबर छापने के बाद रिक्की अंसारी, सलीम जो रिक्की के लिए काम करता है और कुछ रिक्की के गुर्गे जो रिक्की के लिए काम करते है सबने मिलकर युवा पत्रकार से पहले जाना की आप कहां है पहुंच अविनाश के साथ सभी ने मारपीट करना शुरू कर दिया, मारपीट के दौरान पत्रकार के पॉकेट से 2500 रूपया और गले से सोना का चैन छीन लिया और खबर दुबारा छापे जाने पर और अधिक मार पड़ेगी की धमकी देकर सब नो दो ग्यारह हो गए, धमकी में रिक्की अंसारी के द्वारा कहा गया कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता सब जिम्मेदार मैनेज है। पत्रकार अविनाश मंडल के द्वारा रविवार दोपहर एक आवेदन नगर थाना में दिया गया जिसमे घटना का सारा विवरण आवेदन में लिख कर दिया।

इस संबंधित सा को एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को भी अवगत दिया गया था, एसडीपीओ के द्वारा थाना में निर्देश देने के आवेदन नगर थाना में दिया गया जिसमे घटना का सारा विवरण आवेदन में लिख कर दिया, इस संबंधित सारी बातों को एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को भी अवगत करा दिया गया था, एसडीपीओ के द्वारा थाना में निर्देश देने के बाद भी नगर थाना की पुलिस 24 घंटे में एफआईआर दर्ज नहीं कर पाई, पता नही क्यों? एफआईआर दर्ज नहीं होना अपराधी को खुले आम छोड़ना, मैनेज की मूड में रहना सायद यह आदत हो गई है नगर थाना की, पुलिस की मानसिकता सायाद यह दशार्ती है की आप स्वतंत्र है कुछ भी गलत अवैध काम करने के लिए बस एक बार टेबल के नीचे हाथ मिला लीजिए। कुछ ऐसा ही दिखता नजर आता आ रहा है।

**न्यूज फटाफट**

### गुरु गोविंद सिंह जी का 357 वीं जयंती मनाई गई



**पाकुड़ :** सिखों के दसवें व अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह के 357 वीं जन्मोत्सव वर्षगांठ के उपलक्ष में सिख समाज द्वारा इसे गुरु पर्व के रूप में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया ।गुरु गोविंद सिंह जी के जन्मदिन के अवसर पर 9 जनवरी 15 जनवरी तक प्रभात फेरी निकल गई एवं गुरु गोविंद सिंह का जयकारा लगाया गया। इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहब का पाठ किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया।सभी सिख समाज के श्रद्धालुओं ने महिलाएं बच्चे बड़े बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा पाकुड़ में 15 जनवरी से श्री अखंड पाठ प्रारंभ की गई है जो 17 जनवरी तक होगी। समापन के उपरांत गुरु का लंगर बांटने का प्रबंध किया गया है। सभी लोग प्रसाद के रूप में लंगर ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाकुड़ साध संगत एवं अन्य श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

### सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया

**पाकुड़ :** सड़क सुरक्षा समिति पाकुड़ एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया यह जागरूकता अभियान नगर थाना के पास चलाया गया वैसे लोगों को जो जो बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन कर में बिना सेट बेल्ट के और वैसे वहां खास तौर पर टोटो जो बगैर रजिस्ट्रेशन के थे उन लोगों को पंपलेट देकर समझा बूझकर छोड़ दिया गया यह अभियान लगभग 1 घंटे तक चला इसमें नेहरू युवा केंद्र से नूर इस्लाम एवं उनकी टीम और सड़क सुरक्षा समिति पाकुड़ के रोड इंजीनियर एनालिस्ट मोहम्मद अजहर अंसारी मौजूद थे

## मौसम खराब होने के बावजूद लोगों ने मनाया जमकर मकर संक्रांति



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** आस्था का पर्व मकर संक्रांति सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में पूरे श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह में घना कोहरा एवं कड़ाके की ठंड के बावजूद मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की आस्था कम नजर नहीं आयी। वहीं दिन भर मकर संक्रांति के सौगातों का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने सर्वप्रथम अहले सुबह उठ कर अपने-अपने घरों व आसपास के विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर उन्हें तिल और गुड़ अर्पित किया। तत्पश्चात अपने परिजनों के कुशलता की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात लोगों ने अपने परिवार के साथ चूड़ा, दही, तिलकुट, तिलकतरी, तिलवा, मूढ़ी व चूड़ा से बना लाय एवं सब्जी का स्वाद जम कर चखा। कई लोगों ने तो मकर संक्रांति के अवसर पर अपने मित्रों व सगे-संबंधियों को निमंत्रण देकर भोजन भी करवाया।

## संत मरियम छात्रावास परिसर में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** नावाटोली स्थित संत मरियम छात्रावास परिसर में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले सैकड़ो बच्चों को यह महसूस ना हो कि मकर संक्रांति खुशी व उत्साह के त्यौहार में हम अपने परिवार से दूर रहकर निरुत्साह है। उपरोक्त तथ्यों को मध्य नजर रखते हुए सोमवार को छात्रावास परिसर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ।



स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, के साथ-साथ स्कूल के समस्त कर्मचारी व सभी बच्चे एक साथ बैठकर तिलकुट, लाई, दही, चूड़ा इत्यादि का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित अविनाश देव ने बताया कि साल के पहले त्योहार से शुरूआत हो रही सूर्य का यह पर्व हमारे जीवन में ज्ञान, उमंग, ऊर्जा, विचार का भंडार लेकर आता है। भारत के अलग अलग हिस्से में यह अलग अलग नामों से मनाया जाता है। यह पर्व विविधता भरे देश में लोगों के बीच आपसी एकता अखंडता और भाईचारा स्थापित सुनिश्चित करता है ।

आज पूरे भारतवर्ष में घर के सभी सदस्यो के साथ सामूहिक रूप से दही , चूड़ा लाई और तिलकुट खाकर यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्री देव ने बताया कि प्रत्येक त्योहार निश्चित रूप से हमे बहुत कुछ सिखाते है। बस आवश्यकता है की उसके पीछे के तथ्यों और अच्छे विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। मौके पर प्राचार्य समेत सभी सहित अन्य उपस्थित थे।

## गरम पानी कुंड मेला में लोगों की उमड़ी भीड़



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़िया (पाकुड़):** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत सिदपुर गरमकुंड स्थल पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान आदिवासी साफाहोड़ समाज के हजारो लोगो ने अपने अपने धर्मगुरु पुरखा बाबा के अगुवाई में इस पवित्र कुंड पर आस्था की डुबकी लगायी और देवाधिदेव महादेव ,भगवान सूर्य,राम,कृष्ण आदि देवताओं की पूजा पारंपरिक विधि विधान से प्रसाद चढ़ा कर सामूहिक रूप से झूमते और भजन गाते हुए किया। झारखंड, बंगाल, बिहार के अलग अलग जिले से पहुँचे हजारो की तादाद में श्रद्धालुओ ने पूजा के दौरान तुलसी पिंड से निर्मित सैकड़ों पूजा स्थलो पर त्रिशूल और झंडा गाड़कर फल, फूल, बेलपत्र , मिष्टान्न प्रसाद चढ़ाया और भक्तिरस में डूब गए। आदिवासी श्रद्धालुओं ने यहाँ लगाये गए पूजा शिविरों में वाद्ययंत्रों के साथ भजन संकीर्तन में लीन हो गये। वहीं कई भक्तों ने इस इस अवसर पर पूजा पाठ के बाद तील, चूडा, दही, तिलकुट आदि सामग्रियों का स्पर्श कर उसे दान भी किया।इधर इस उपलक्ष्य में यहां तीन दिवसीय विराट गरम पानी मेला का भी शुभारंभ हो गया, जो अगले दो दिनो तक चलेगा । मेले में उमड़ी लाखो की भीड़ में लोगो ने मनोरंजन हेतु आये तारामाची, संथाली ड्रामा, मीना बाजार,बुगिबूगी डांस प्रोग्राम में जमकर लुत्फ उठाया। मेले में पहुंचे भीड़ ने मिठाईयां,खिलौने,लोहे एवं लकड़ी से निर्मित तरह तरह के सामानों की भी जमकर खरीददारी की।मेले में उमड़ी भीड़ में विधिव्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना प्रभारी अभिषेक राय के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन का पेट्रोलिंग दल घूम घूम कर भीड़ में विधि व्यवस्था का जायजा ले रही थी । मेले में पहुंची भीड़ ने रात भर ने मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया।



## पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार: ब्रह्मदेव



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सोमवार को मेदिनीनगर होटल आरडीएस रामाडा में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक मंडल द्वारा प्रेस वार्ता में संयोजक समाज सेवी ब्रह्मदेव प्रसाद एवं रामदास साहू, युगल पाल, सतीश कुमार अशर्फी चंद्रवंशी, अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से मंच द्वारा पलामू मंडल स्तरीय महासम्मेलन की जाने की तैयारी की जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग के साथ किए गए सौतेला व्यवहार से खासकर युवा वर्गों में काफी आक्रोश भ्रमण के दौरान देखने को मिला। और मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। जिसके कड़ी में दिनांक 16 जनवरी 2024 को मेदिनीनगर टाउन हॉल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर एवं समाज के जन्में महापुरुषों के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार रथ यात्रा को मंच का झंडा दिखाकर प्रमंडल के गांव-गांव अपनी मांगों के समर्थन अपने समाज को गोलबंद का आगामी 11 फरवरी 2024 दिन रविवार को शिवाजी मैदान में महासम्मेलन में आने सादर आमंत्रण किया जाएगा। प्रेस वार्ता में विनोद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, राज नारायण पटेल, रवि पाल, शैलेश चंद्रवंशी, ललन साहू, अजय प्रसाद, राजा गुप्ता, भोला साहू आदि उपस्थित थे।

## उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करना अल्पसंख्यक विरोधी:मसरूर

▶▶इंटरमीडिएट उर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर समाप्त कर दिया जाएगा

▶▶इस पद पर अब नई नियुक्ति नहीं होगी



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** यूनाइटेड मिल्ली फोरम एवं ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में हुई। अध्यक्षता हाजी अब्बास अंसारी ने की। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के ड्राफ्ट में यह अंकित है कि इंटरमीडिएट उर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर समाप्त कर दिया जाएगा और इस पद पर अब नई नियुक्ति नहीं होगी। बैठक में मौजूद लोगों ने सरकार के इस कदम का कड़े शब्दों में विरोध किया। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद ने कहा कि शिक्षा विभाग बिहार सरकार ने 1999 में 4401 पद सृजित किया था। जिसमें उर्दू शिक्षक के बचे हुए 3712 पदों को इस नियमावली के माध्यम से झारखंड सरकार सरेंडर कर देना चाहती है।जो उर्दू भाषी लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे उर्दू भाषी छात्र- छात्राएं उर्दू की शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। सरकार का यह कदम अल्पसंख्यक हितों के विरुद्ध है।

पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इससे पहले भी राज्य के 543 उर्दू स्कूलों का स्टेटस छीन कर सामान्य विद्यालय बना दिया गया है। शुक्रवार की छुट्टी समाप्त कर दी गई है। जो अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। हाजी अब्बास अंसारी ने झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग से प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 से उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने के प्रावधान को हटाने की मांग झारखंड सरकार से की है। उन्होंने प्रारंभिक विद्यालय के लिए खाली पड़े 3712 उर्दू शिक्षको के पद को वर्ग 1 से 5 व 6 से 8 में बांट कर शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार बहाली की मांग किया है।

सरकार द्वारा इस पर अविलंब कार्रवाई नहीं की गई तो एक वृहत आंदोलन छेड़ा जाएगा। बैठक में इजहार अंसारी, मौलवी अब्दुल रहीम, मो. अली ,ताहिर अली, सज्जू खान, अशरफ हसन, मुजफ्फर हुसैन, शकील अहमद, मो. जुबैर अंसारी उपस्थित थे।

## चेक पोस्ट का सीओ ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज :** थाना के समीप एनएच 98 स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर सोमवार को सीओ यामुन रविदास और पुलिस इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास ने वाहन चेकिंग अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान मेदिनीनगर से औरंगाबाद की ओर जा रहे खनिज लदे कई वाहनों के कागजातों की जांच की। इस संबन्ध में सीओ ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज चेक पोस्ट पर वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। इस दौरान खनिज लदे कई वाहनों के कागजातों की जांच के बाद सभी के कागजात वैध पाए गए। उन्होंने एनएच 98 से गुजरने वाले वाहन चालकों को परिचालन के दौरान सभी आवश्यक कागजात रखने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी बिना कागजात के वाहन परिचालन करते पकड़े जाएंगे उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जय प्रकाश सिंह के अलावे भारत ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष सीमांचल एरिया रामानुज सिंह सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## शहर >> अपडेट

### महेंद्र सिंह का 19वां शहीद दिवस कल

**झुमरीतिलैया :** भाकपा माले 16 जनवरी को बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस सभी प्रखंडों में मनाया जाएगा। जयनगर प्रखंड के पिपचो, मरकच्चो प्रखंड के शहीद मैदान में, डोमचांच प्रखंड के नवादा में, झुमरीतिलैया पार्टी कार्यालय में 16 जनवरी को शहादत दिवस दिन के 11 बजे से मनाया जाएगा। यह जानकारी जिला सचिव राजेंद्र मेहता, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### विवाहिता का शव कुएं से बरामद, हत्या का मामला दर्ज



**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र मरकच्चो के ग्राम बरो टांड के एक कुएं में खोज बीन के दौरान सोमवार को विवाहिता का शव देखा गया। ग्रामीण व परिजनों द्वारा इसकी सूचना मरकच्चो पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से महिला का शव कुएं से बाहर निकाला। शव की पहचान बरो टांड निवासी फुलकुमारी देवी (21 वर्ष, पति संजय यादव) के रूप में की गई। सूचना मिलने पर मृतका के पिता ग्राम चटकरी हजारीबाग निवासी दशरथ यादव अपने परिजनों के साथ बरोटांड पहुंचे। यहां बेटी का शव देखते ही परिजनों के क्रंदन व चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मौके पर एएसपी कोडरमा प्रवीण पुष्कर घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अन्त्य परीक्षण के लिए कोडरमा भेजा गया। मृतका के पिता दशरथ यादव ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर दहेज को लेकर प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन में मृतका के पिता दशरथ यादव ने कहा है कि उनकी पुत्री फुलकुमारी देवी की शादी पिछले साल 10 मई को बरोटांड निवासी द्वारिका यादव के पुत्र संजय यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति व ससुराल वाले के द्वारा 5 लाख नकद व सोने का चैन की मांग करते हुवे प्रताड़ित कर रहे थे। दर्ज प्राथमिकी में मृतका के पति संजय यादव,देवर संदीप यादव, सास चन्द्रिका देवी, ससुर द्वारिका यादव को नामजद अभियुक्त बनाया है। घटना के बाद से मृतका के ससुराल वाले घर छोड़ फरार हो गए हैं।

**आयोजन** मकर संक्रांति पर राजद का दही चूड़ा कार्यक्रम आयोजित

# राजद का मकर संक्रांति पर्व पर दही चूड़ा कार्यक्रम वर्षों की परंपरा :अवधेश

- राजद सुप्रीमो के आवास में दही चूड़ा कार्यक्रम विश्व विख्यात
- सुभाष प्रसाद ने लोगों को शॉल पहनाकर किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के झुमरीतिलैया आवास में सोमवार को राजद परिवार की ओर से मकर संक्रांति पर्व पर दही चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजद जिलाध्यक्ष और युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राजद का मकर संक्रांति पर्व पर दही चूड़ा कार्यक्रम वर्षों की परंपरा है। पार्टी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के आवास में चूड़ा दही कार्यक्रम विश्व विख्यात है। कार्यक्रम में राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के सौजन्य से कई लोगों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर, महेंद्र यादव, कंचन यादव, सरफुद्दीन अंसारी, डॉ सरफराज नवाज खान, आरके मिश्रा, मनिंद्र राम, भुनेश्वर यादव, महेश यादव, कन्हाई यादव, मनोज रजक, प्रदीप यादव, मो असलम, परवेज खान, पप्पू यादव, संतोष यादव, उपेंद्र यादव, बिनोद यादव, मंजूर आलम, संजय दास, सीताराम राय, मथुरा यादव, अमित यादव, नारायण राय, चरणजीत सिंह, रामबचन यादव, रघुनाथ दास, शंकर दयाल यादव, कुलदीप यादव,राजू यादव, शंकर यादव, किशोरी यादव, जितेंद्र यादव, सतेंद्र यादव, मनोज कुमार यादव, राजेश यादव, अर्जुन यादव, ताहीद, शिवपूजन सिंह, गनौरी रजक, बालगोविंद मोदी, जिप सदस्य महादेव राम, शांति प्रिया, राजकुमार यादव, प्रकाश रजक, प्रेम पांडेय, ब्यूटी सिंह, शमीम उर्फ लड्डू, मो गालिब, मुंशी यादव, जनार्दन यादव, दिनेश यादव, श्यामदेव यादव आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया पूजित अक्षत का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** चन्दवारा प्रखंड के ढाब मे पूर्व विधायक मनोज यादव ने पूजित अक्षत का वितरण किया एवं सभी को प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम ढाब मंडप मे पूजा आरती के साथ किया गया। अक्षत वितरण को लेकर ग्रामीणों में बहुत ही उत्साह देखा गया। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सभी को अपनी आंखों से प्रभु श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देखने का अवसर मिल रहा है। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष गाजे बाजे के साथ हर दुकानों एवं घरों में सामग्री का वितरण कर सभी से आग्रह कर रहे थे की आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे वनवास के बाद प्रभु श्री राम जी अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। इसलिए अपने अपने घरो मे पांच दिया जरूर जलाएं और दिवाली मनाएं। मौके पर भाजपा प्रंखड पूर्व विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण प्रसाद यादव,पंचायत समिति सदस्य पुनम यादव, कपिल यादव, दासो भुईयां समेत सैकडों राम भक्त मौजूद थे।

## स्कूल में शिक्षक व अभिभावक गोष्ठी आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानद पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल,विशिष्ट अतिथि बीआर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय,चंदन चक्रवर्ती,राजकिशोर प्रसाद उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि अभी के समय मे संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को देना अति आवश्यक है जो देखने से लगता है कि यह विद्यालय संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को प्रदान कर रही है।वही अभिभावकों की राय से विद्यालय में कक्षा आठवीं,नवम,एवं दशम की कक्षा नए सत्र में प्रारम्भ करने की बात कही गयी।वही मैट्रिक की फॉर्म भरवाने को लेकर ओम प्रकाश राय ने कहा कि जो भी फीस सीबीएसई से निर्धारित की गई है वही फीस यहां के बच्चों से लिया जाएगा।वही चंदन चक्रवर्ती ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के बच्चे सनातन के प्रति जागरूक हो इसके लिये विद्यालयों में रामायण की पढ़ाई हो। वही अभिभावकों में संजय सिन्हा की ओर से ट्रेंड टीचर की मांग रखी गई जिसपर विद्यालय प्रबंधन ने स्वीकार किया।कार्यक्रम समाप्ति के बाद विद्यालय पारी र की ओर से अभिभावकों के लिए लिट्टी चोखा का व्यवस्था किया गया था। जिसका अभिभावकों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम मेंअभिभावक में रोहित शर्मा,संतोष कुमार, सुनील कुमार, संजय कुमार साव, नवीन सिन्हा,संतोष केशरी विनोद यादव,ओम प्रकाश यादव, चंपा देवी सहित विद्यालय के निदेशक सुरंज कुमार, सह निदेशक दीपक मल्होत्रा,ऋषि कुमार, शिक्षिका पूजा कुमारी, प्रियंका कुमार उपस्थित थे।

## महिलाओं ने बांटा चूड़ा-गुड और तिलकुट



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** शहर के सीएच स्कूल रोड स्थित शांति भवन की गुरुकृपा महिला समति ने गुरु नारायणी देवी को साक्षी मानते हुए मकर संक्रांति को लेकर झुमरी तिलैया के 14 मंदिरों के पंडितो को गुड, चूडा, तिलकुट एवं कंबल उपलब्ध कराया। इसके बाद डोमचांच के निकट मसनोडीह के निकट एक गांव में लगभग 200 लोगों के बीच चूड़ा, गुड, तिलकुट, 10 युवाओं को जैकेट एवं अन्य लोगों को वस्त्र और कंबल उपलब्ध कराया गया। मौके पर समिति की सुनीली अठघरा ने कहा कि मकर संक्रांति समाज के हर तबके के लोग मनाएं इसको लेकर शांति भवन समिति भी जरुरतमंदों तक पहुंच रही है। धर्म संस्कृति के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने मे जुटी है। इस मौके पर बबीता भदानी, शारदा गुप्ता, प्रतिमा वर्णवाल, सरोज देवी, दीपा गुप्ता, वीणा देवी, अनुराधा दवी, पूनम देवी, रेखा जायसवाल, सीमा आर्या, सारिका कमसीमे, सविता भारद्वाज, विभा भदानी, रिंकु देवी, राखी सर्राफ, कविता आर्या, रंजीता कंधवे, अनिता भदानी, प्रेमलता देवी, द्रौपदी देवी, सीमा देवी, मुन्नी देवी, कुसुम देवी, प्रमिला वर्णवाल मुख्य रुप से मौजूद थीं।

## मंत्री अन्नपूर्णा ने किया चूड़ा दही कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश फिलहाल उत्साह और उल्लास में डूबा हुआ है, राम मय हो गया है। पूरे देश में प्रभु श्रीराम के अपनी जन्मभूमि अयोध्या धाम में पुनरागमन की तैयारियां चल रही है। अन्नपूर्णा देवी चाराडीह, कोडरमा आवासीय परिसर में आयोजित चूड़ा दही कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम के दौरान स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह हुडको निदेशक रविंद्र राय, विधायक डॉ नीरा यादव, केदार हाजरा, मनीष जायसवाल, अमित यादव, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, मनीष जैन, नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

**मिलन समारोह** चुड़ा -दही कार्यक्रम सह मिलन समारोह आयोजित

# सद्भाव के साथ रहने को प्रेरित करता है यह त्योहार: शालिनी गुप्ता

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** मकर संक्रांति को लेकर ध्वजाधारी धाम मे पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के द्वारा चुडा -दही कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके पूर्व जिप अध्यक्ष अपने नवालशाही स्थित निवास स्थल से सुबह 10 बजे निकल कर लगभह दर्जनों के काफिला के साथ डोमचांच शहीद चौक पहुंचकर माल्यार्पण की पुनः कोडरमा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंची और वहाँ पूजा अर्चना के उपरांत जुलुस के शक्ल में पैदल ध्वजाधारी धाम पहुंची । जहां लोगों ने उनका अभिनंदन किया। बाद में पूजा अर्चना के बाद भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भजनों के साथ गीतों की गूंज पर लोग थिरकते नजर आए । इस अवसर पर गायक राकेश राजपूत भोला बाबा डंका बजा दिया.... धीरज पांडे ने ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन..... नवीन पांडे ने ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय.... मुन्ना भदानी शेरावाली की जोत.... नवीन सिन्हा ने दुख भंजन मारुति नंदन.... रवि दही मन श्री राम जी की सेवा चली..... जैसे भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया तो वही राजेश भदानी ने भोला बाबा तेरी पर नृत्य प्रस्तुत कर समाँ बाँध दिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शालिनी गुप्ता ने कहा सद्भाव के साथ रहने को प्रेरित करता है मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए सुख शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की । कार्यक्रम में गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, बरही के अरुण साहू, महुरी वैश्य महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, पूर्व उपप्रमुख बृजनन्दन यादव, होली चाइल्ड स्कूल कि प्राचार्य प्रियंका ओझा,डोमचाच नगर पंचयात के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार मेहता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता कोडरमा नगर पंचायत की निवर्तमान उपाध्यक्ष कुलबीर सलूजा, ब्यूटी सिंह, सुषमा सुमन चंदन यादव सूरज यादव इंद्रदेव राम, अरशद खान, बंटी ओझा, सूर्य देव मोदी, पंकज वर्णवाल,अजित आजाद,सुषमा सुमन,अमर गुप्ता,डॉ प्रमोद बरनवाल, डॉ सुनील बरनवाल,डॉ नीरज शाहा, राजेश सिंह,सेक्रेड हार्ट स्कूल के निर्देश प्रमोद सिंह,मनोज वर्मा, नवल किशोर प्रसाद, अनिल वर्मा सहित हजारो लोग मौजूद थे ।

## न्यूज फटाफट

### परसाबाद स्टेशन पर हावड़ा - मुम्बई मेल का ठहराव 16 से

**जयनगर :** केन्द्रीय रेल मंत्रालय से जयनगर प्रखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर 12321- 12322 हावड़ा मुंबई मेल अप व डाउन ट्रेन के ठहराव को मंजूरी मिल गई है। यह ट्रेन परसाबाद रेलवे स्टेशन पर 16 जनवरी से रुकेगी। ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव का आभार जताया है। 16 जनवरी को परसाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रात: 5 बजे केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही परसाबाद क्षेत्र वासियों की ओर से प्रात: 10 बजे नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव, जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, परसाबाद मंडल महामंत्री महेश कुमार रजक, परसाबाद भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, विपुल सिंह, दीपक सिंह, शशिकांत चौधरी, दिलीप यादव, मनोज चौधरी, संतोष कसेरा, संजय सिंह, अजय सिंह सहित दर्जनों लोगों ने सांसद व विधायक को बधाई दिया है।

### पूजित अक्षत एवं श्रीराम मंदिर का चित्र का घर-घर वितरण



**जयनगर :** प्रखंड के ककरचोली पंचायत अन्तर्गत ग्राम गोदखर में संतोष मोदी, केदार मोदी ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर के चित्र एंव प्रपत्र का वितरण घर-घर जाकर किया। उन्होने बताया कि 22 जनवरी को श्री राम लला अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है इसलिए आप सभी सनातन धर्म प्रेमियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होगा। इसीलिए अपने मंदिर में दीपक जलाएं एवं अपने घरों में रंगोली बनाए एवं दीपक जलाकर अपने घर के अगल-बगल साफ सफाई रखें।

### मकर संक्राति का पर्व भक्ति भाव के साथ संपन्न



**कुडू :** कुडू प्रखंड क्षेत्र में मकर संक्रांति का त्यौहार भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से ही लोगों विभिन्न जलाशयों,घरों में स्नान करने के उपरांत विभिन्न मंदिरों, शिवालयों में भगवान शिव, माता पार्वती एवं सभी देवी-देवताओं की पूजन की एवं अपने परिवार की मंगल कामना भगवान से की। इस मौके पर कुडू प्रखंड स्थित क्षेत्र के ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर ,तान पहाड़ी स्थित शिव मंदिर ,टाटी शिव मंदिर ,प्राचीन महादेव मंडा शिव धाम सलगी, बड़की चापि शिव मंदिर , बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर सहित कई मंदिरों में लोगों ने पूजा अर्चना की। आज स्नान-दान पूजन का विशेष महत्व होता है, इस निमित्त लोगों ने सुबह से ही विभिन्न जलाशयों में स्नान करके पूजा पाठ की ।इस मौके पर सलगी एवं बड़की चापि सीमाना स्थित प्राचीन महादेव मंडा धाम में आज मेला लगा। लोगों ने एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाईयां दी, पतंग उड़ाई साथ ही तिलकुट,चूड़ा, गुड़,दही एवं खिचड़ी का प्रसाद पाया ।इस मौके पर महादेव मण्डा शिव धाम सलगी में पुरोहित कुनु नाथ बैद्य, रामेश्वर महतो,धीरेंद्र सिंह,मनोज दुबे,प्रदीप पाठक, लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, अमित कुमार साहू, मुकेश यादव,बंधु महतो,राजेश कुमार अग्रवाल,शिव कुमार,केदार महतो,सुरेश महतो, लीलमनी देवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### गम्हरबाद से जयनगर आकर पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र किया भेंट




**जयनगर :** प्रखंड ककरचोली पंचायत अंतर्गत ग्राम गम्हरबाद से सैकड़ो धर्म प्रेमी ढोल बाजा, डीजे के साथ जयनगर दुर्गा मंदिर पहुंचकर अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं प्रपत्र प्राप्त किए। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मोदी, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश पांडेय के द्वारा अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं प्रपत्र गम्हरबाद से आए सनातन धर्म प्रेमियों को सुपुर्द किया। वहीं सनातन धर्म प्रेमियों ने जय श्री राम के जय घोष के साथ ग्राम गम्हरबाद में नगर भ्रमण करते हुए पूजित अक्षत घर-घर राम मंदिर का चित्र वितरण किए। जिसमें सैकड़ो के संख्या में सनातन धर्म के माताएं बहनों एवं भाइयों शामिल हुए। नगर भ्रमण में मुख्य रूप से पुजारी बबलू पांडेय, अभिषेक सिंह, शुभम सिंह, सुरेंद्र सिंह, विशाल सिंह, कामदेव सिंह, पंकज राणा, उमेश सिंह, सौरभ सिंह, धर्मेंद्र राणा,सचिन सिंह, बिंदु सिंह, सुदीप सिंह, पप्पु सोनी सहित सनातन धर्म के महिला-पुरुष मौजूद थे।

### कुशमई के युवक ने की मुंबई में आत्महत्या

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के ग्राम कुशमई निवासी ने मुंबई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण का अभी तक कुछ पता नही है ।घर के लोग भी परेशान हैं और अनाभिग्य हैं। सूत्रों के अनुसार मृतक गिरिडीह के गाँवां थाना क्षेत्र के पडरिया का रहने वाला था। लेकिन वर्षो से मृतक व उनके परिजन नाना स्व महावीर साव का घर नवलशाही थाना अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के ग्राम कुशमई में रहते हैं। मृतक की पहचान लोकन साव के पुत्र छोटू कुमार साव उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। वह मुंबई के हुल्लास नगर में मृतक बैग सिलाई का काम करता था।

## न्यूज फटाफट

### हरियाणा ने तमिल तलाइवाज को हराया



**जयपुर :** विनय के सुपर-10 और कप्तान जयदीप दहिया और राहुल सेठपाल के हाई-5 की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने पीकेएल के 10वें सीजन के 71वें मैच में तमिल थलाइवाज को 36-31 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में सचिन तंवर के शानदार प्रदर्शन से तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने 72वें और लीग इतिहास के 999वें मैच में दबंग दिल्ली केसी को 39-39 पर रोककर मुकाबला ड्रा करा दिया। कल यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में एक समय पटना यह मैच गंवाती हुई दिख रही थी लेकिन सचिन ने तीन रेड में पांच अंक लेते हुए पटना की वापसी कराई। अंतिम एक मिनट में दोनों टीमों ने कोई जोखिम नहीं लिया और मुकाबला टाई रहा। वहीं एक अन्य मुकाबले में विनय के सुपर-10 और कप्तान जयदीप दहिया और राहुल सेठपाल के हाई-5 की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने सवाई मानसिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में खेले गए पीकेएल के 10वें सीजन के 71वें मैच में तमिल थलाइवाज को 36-31 से हराया। इस जीत के बाद हरियाणा की टीम अब अंक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। हरियाणा के 12 मैचों में सातवीं जीत के बाद 39 अंक हो गए हैं। वहीं तमिल थलाइवाज की 12 मैचों में यह नौवीं हार है।

### झारखंड की संघमित्रा एवम अमित ने जीते कांस्य पदक



**गया :** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 15 जनवरी को गया (बिहार) में संपन्न 58वी राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने 02 कांस्य जीत, राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। जिसमे बालिका अंडर 20 आयु वर्ग के 06 किलो मीटर दौड़ में संघमित्रा महथा ने 21:14.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण बेबी (उत्तर प्रदेश) ने 20:50.0 से. एवम रजत सोनम (दिल्ली)21:10.0 सेकेंड के साथ जीता। वहीं बालक अंडर 16 आयु वर्ग में 02 किलो मीटर दौड़ में अमित कुमार महतो ने 5:42.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण सचिन रावत (दिल्ली) ने 5:37.0 से. एवम रजत अनिल कुमार (उत्तर प्रदेश) 5:39.0 सेकेंड के साथ जीता। इस उपलब्धि पर खेल निदेशक डॉ सुशांत गौरव,झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक,सचिव सी.डी.सिंह, एस.के.पांडेय, डॉ प्रभात शंकर,बिनोद कुमार सिंह,आलोक मिश्रा,आशीष झा,सुखैर भगत, फादर रामू,राकेश सिंह,बरूण कुमार,किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी,रविंद्र मुर्मू,बंधन टोप्पो,कोच योगेश यादव,आशू भटिया,प्रभात रंजन तिवारी, टीम मैनेजर सिकंदर महतो, सरोज कुमार,अजीत साहू,अजय नायक, रनवीर सिंह,प्रभाकर वर्मा, मुकुल टोप्पो ,अरविंद कुमार,अशोक कुमार , शशांक भूषण सिंह, प्रेम कुमार समेत संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी ।

**जीत**

### रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप-सी के रोमांचक मुकाबले में

# गुजरात ने कर्नाटक को छह रन से हराया

▶▶ स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने सात विकेट लिए

**एजेंसियां**



**अहमदाबाद :** स्पिनर सिद्धार्थ देसाई सात विकेट की बदौलत रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप-सी के रोमांचक मुकाबले में गुजरात ने कर्नाटक को छह रन से दिया है। चौथी पारी में कर्नाटक के सामने जीत के लिए महज 109 रनों का लक्ष्य था लेकिन गुजरात के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 103 रन पर समेट दिया।

हालांकि एक समय कर्नाटक की टीम ने बिना विकेट खोए 50 रन बना लिये। उसके बाद गुजरात के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने सात विकेट लेकर में कर्नाटक को ऑलआउट कर दिया। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गुजरात की टीम ने क्षितिज पटेल 95 रन और उमंग कुमार 72 रनों अर्धशतकीय पारी की बदौलत 264 रन बनाएं। कर्नाटक की ओर से वासुकी कौशिक ने चार विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा, रोहित कुमार, शुभांग हेगड़े और विजयकुमार को दो-दो विकेट मिले। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज आर समर्थ 72 रन और कप्तान मयंक अग्रवाल ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। अग्रवाल ने सिर्फ 124 गेंदों में 17 चौके और एक छक्के की मदद से 109 रन बनाये। वहीं देवदत्त पडिक्कल ने 42 और अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे ने 88 रन बनाये। कर्नाटक की टीम पहली पारी में 374 रन बनाये और उसे पहली पारी के आधार पर 110 रन की बढ़त मिली। गुजरात ने दूसरी पारी में 52 रन पर चार विकेट गंवा दिये इसके बाद मनन हिंगरजिया (56) और क्षितिज पटेल (26) ने पारी को संभाला। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की।

उमंग कुमार 56 रन बनाये। गुजरात की पूरी टीम सिर्फ 219 रन पर ऑल आउट हो गई और कर्नाटक को महज 109 रनों का लक्ष्य मिला।

इसके बाद गुजरात के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 103 रन पर समेटते हुए मुकाबला छह रन से जीत लिया। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई ने सात विकेट लिये। रिंकेश वाघेला को तीन विकेट मिले।

## बीसीसीआई ने सीनियर पुरुष टीम चयनकर्ता के आवेदन किये आमंत्रित

**एजेंसियां**



**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर पुरूष टीम की चयन समिति में एक चयनकर्ता पद के आवेदन आमंत्रित किये हैं। हालांकि बीसीसीआई की वेबसाइट पर जारी इस विज्ञप्ति से यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा। इस समय अजीत आगरकर चयन समिति के प्रमुख हैं। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य) से एक-एक चयनकर्ता चयन समिति में होने चाहिए। टेस्ट मैचों की संख्या के आधार पर सबसे अनुभवी चयनकर्ता को चयन समिति का अध्यक्ष बनाया जाता है। किसी भी चयनकर्ता का कार्यकाल पांच साल का होता है। इन पांच वर्षो की गणना जूनियर और सीनियर सभी चयन समितियों के कार्यकाल को मिलाकर होती है। वर्तमान चयन समिति में आगरकर के साथ सलिल अंकोला भी पश्चिम क्षेत्र से ही आते हैं। इसके अलावा इस समिति में शिवसुंदर दास (पूर्वी क्षेत्र), एस शरत (दक्षिण क्षेत्र) और सुब्रतो बनर्जी (मध्य क्षेत्र) से शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है बीसीसीआई उत्तर क्षेत्र से एक सदस्य चयन समिति में शामिल करना चाहता है। इसके लिए पश्चिम क्षेत्र के एक सदस्य को चयन समिति से निकलना होगा। चूंकि आगरकर इस चयन समिति के अध्यक्ष हैं, इसलिए यह संभव है कि अंकोला को नए सदस्य के लिए जगह बनानी होगी। आगरकर, अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नायक और जतिन परांजपे की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए उम्मीदवार थे, जिन्होंने जुलाई 2023 से अपना पद-भार संभाला था। इस पद के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 25 जनवरी है। इसके बाद बीसीसीआई आवेदनों को शॉर्टलिस्ट हुए उम्मीदवारों का साक्षात्कार करेगी।

## भारतीय खिलाड़ी महाकाल की आरती में हुए शामिल



**एजेंसियां**

**उज्जैन :** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार सुबह हुई भस्म आरती में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रवि बिश्नोई, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर और जितेश शर्मा शामिल हुए। चारों खिलाड़ियों ने नंदी हॉल से बैठकर बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए और बाबा का आशीर्वाद लिया। करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल होने के बाद चारों खिलाड़ी इंदौर के लिए रवाना हो गए। भस्म आरती के बाद जितेश शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं बाबा महाकाल का भक्त हूं और समय मिलने पर उनके दर्शन करने आ जाता हूं, यहां आकर मुझे अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है। रवि बिश्नोई ने कहा कि बाबा महाकाल के मंदिर और यहां होने वाली भस्म आरती के बारे में सुना तो था और आज पहली बार इसमें शामिल होने और दिव्य दर्शन करने का अवसर मिला है।

## खेल जगत अपडेट्स »


### ईशान किशन ने टीम इंडिया छोड़ने का बनाया मन



**नई दिल्ली :** भारतीय टीम अभी अफगानिस्तान के साथ तीन टी20 मैचों की सीरीज खेल रही है। सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली के मैदान पर खेला गया था। जहां टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीत हासिल की थी। जबकि सीरीज का दूसरा मुकाबला इंदौर के मैदान पर 14 जनवरी को खेला जाना है। बता दें कि, अफगानिस्तान के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।इसके लिए पहले दो टेस्ट के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। बता दें कि, अफगानिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को मौका नहीं मिला है। इसके बाद अब ऐसा माना जा रहा है कि वह क्रिकेट से दूरी बना सकते हैं और टीम इंडिया के लिए खेलते हुए नहीं दिखेंगे। ईशान किशन इस वजह से बना सकते हैं क्रिकेट से दूरी टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को अफगानिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में मौका नहीं दिया गया है। हालांकि, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ईशान किशन को मौका दिया गया था। लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। बता दें कि, ईशान किशन ने मेंटली स्ट्रांग होने के लिए भारतीय टीम से अपना नाम वापस लिया था।क्योंकि, वह टीम के साथ काफी लंबे समय से जुड़े हैं। लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का उतना मौका नहीं मिल रहा था। जिसके चलते ईशान किशन ने साउथ अफ्रीका दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं, ईशान किशन अभी कुछ और समय अपनी मेंटल हेल्थ को दे सकते हैं।

## द राजा साब में नजर आयेंगे प्रभास

**एजेंसियां**



**मुंबई :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म द राजा साब में काम करते नजर आयेंगे। प्रभास ने अपनी आने वाली नयी फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम द राजा साब है। 'द राजा साब' के पोस्टर में प्रभास टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल पहने सड़क पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, इस फेस्टिवल के सीजन पर 'द राजा साब' का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। फिल्म 'द राजा साब' का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। वहीं, 'द राजा साब' का म्यूजिक थमन एस तैयार करेंगे।

## हम नहीं सुधरेंगे का पोस्टर रिलीज




**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता संजय पाण्डेय और अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म हम नहीं सुधरेंगे के पोस्टर में संजय पाण्डेय रस्सी से जकड़े नजर आ रहे हैं वहीं उनके सामने चांदनी सिंह एकदम रिलैक्स मूड में महारानी जैसे अंदाज़ लेकर बैठी हुई हैं। फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में की गई है।इस फिल्म के निर्माता आनंद रूंगटा हैं। आनन्द रूंगटा के रूंगटा फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है। इस फिल्म के लेखक पिंकू दुबे, हैं। फिल्म हम नही सुधरेंगे के प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं ,जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। । फिल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता है, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फिल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, एवं प्रमोद चोखानी हैं।

## फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर वायु सेना अधिकारी बने देशभक्ति के जज्बे में डूबे नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ऋ तिक रोशन की आवाज से होती है, जिसमें वह कह रहे हैं कि फाइटर वह नहीं है, जो लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि फाइटर वह है, जो अपने दुश्मनों को ठोक देता है। अनिल कपूर बतौर कप्तान सर्वश्रेष्ठ वायु सेना अधिकारियों की एक टीम तैयार करते हैं, जिनमें ऋ तिक, दीपिका और करण शामिल हैं। फिर पुलवामा बम ब्लास्ट के बाद सभी फाइटर जंग के लिए तैयार होते हैं और जान की बाजी लगाते नजर आते हैं। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी का किरदार निभा रही हैं। अनिल कपूर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के किरदार में नजर आएंगे। 'फाइटर' का निर्माण वायकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म 'फाइटर' गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी।

## नौ को रिलीज होगी खेसारीलाल की फिल्म प्रेम की पुजारन




**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्रेम की पुजारन 09 फरवरी को रिलीज होगी। समरशी फिल्म्स मीडिया एंटरटेनमेंट प्रा. लि. के बैनर तले बनी फिल्म प्रेम की पुजारन में खेसारीलाल यादव, यामिनी सिंह और रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस करते नज़र आने वाले हैं। फिल्म के निर्माता समर राज हैं और निर्देशक पंकज सिन्हा हैं. यह फिल्म 09 फरवरी को रिलीज होगी। खेसारीलाल यादव ने कहा कि फिल्म प्रेम की पुजारन एक लाजवाब प्रेम कहानी है। यह फिल्म वेलेंटाइन के लिए युवाओं को खास तोहफा होगा। प्रेम की अनुभूति अपने आप में अनूठी होती है।

इस फिल्म में इसका एक नया एहसास देखने को मिलेगा। यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है और इसमें एक रोमांचकारी जर्नी देखने को मिलेगी। मैंने इस फिल्म में खूब मेहनत की है। यह फिल्म दर्शकों को भी खूब पसंद आयेगी। इसके गाने एक से बढ़ कर एक है। मैं आग्रह करूंगा कि सभी दर्शक अपने परिजनों के साथ यह फिल्म देखें, और अपना प्यार और स्नेह दें। फिल्म प्रेम की पुजारन के गीतकार - संगीतकार कृष्णा बेदर्दी हैं। कथा, पटकथा और संवाद मनोज के कुशवाहा के हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव, यामिनी सिंह, रक्षा गुप्ता,एम एम ऋषि, दीपक सिन्हा, विनोद मिश्रा, अजय सिन्हा मिंटो, महेश आचार्य, पप्पू यादव और रिंकू यादव मुख्य भूमिका में हैं। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। नृत्य कानू मुखर्जी, रामदेवन, मारधाड़ दिलीप यादव और वेशभूषा विद्या- विष्णु की है।

## अमिताभ ने अयोध्या में खरीदा प्लॉट

**एजेंसियां**

**अयोध्या :** अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' सेरेमनी से पहले 14.5 करोड़ रुपए का प्लॉट खरीदा है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्मे वेटरन एक्टर ने मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के 7 स्टार मिक्सड यूज इन्क्लेव द सरयू में यह इन्वेस्टमेंट किया है। 51 एकड़ में फैला है द सरयू मिंट की एक रिपोर्ट की मानें तो 51 एकड़ में फैले द सरयू में अमिताभ ने 10 हजार स्क्वायर फीट का प्लॉट खरीदा है। इस पर वो अपना घर बनवाएंगे। द सरयू का इनॉग्रेशन भी 22 जनवरी को ही होगा जिस दिन राम मंदिर की ह्यप्राण प्रतिष्ठा' सेरेमनी होनी है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटेड हैं बिग बी इस प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने को लेकर बात करते हुए अमिताभ ने कहा, मैं अयोध्या में द सरयू के साथ इस जर्नी को शुरू करने के लिए एक्साइटेड हूं।

## यश कुमार और अवधेश मिश्रा स्टारर फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई :** रामा प्रसाद प्रोडक्शन एवं चन्द्रवर्षा इंटरटेनमेंट प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म अर्धनारी 2 में यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। अर्धनारी 2 का ट्रेलर इंटर10 रंगीला पर रिलीज कर दिया गया है।इ स फिल्म में यश कुमार का डबल रोल है जबकि अवधेश मिश्रा थर्ड जेंडर की भूमिका में हैं। फिल्म अर्धनारी 2 के ट्रेलर को लेकर यश कुमार ने कहा कि यह फिल्म अपनी पहली फिल्म अर्धनारी की तरह ही कथ्य और कथानक से समृद्ध है। फिल्म का निर्माण कमर्शियली हुआ है जिसका उद्देश्य भोजपुरी के दर्शकों को अगाध मनोरंजन देने का है, लेकिन साथ ही साथ हमने एक बार फिर से एक संदेशात्मक सिनेमा को पर्दे पर उतरने की कोशिश की है, जिसका ट्रेलर आज रिलीज हुआ है। उम्मीद करता हूं कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर फिल्म का ट्रेलर आया है इसलिए हम मकर संक्रांति की भी तमाम दर्शकों को और भोजपुरी परिवार को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की तरफ इस साल भी हम दर्शकों का अनलिमिटेड मनोरंजन अपनी फिल्मों के माध्यम से करते रहेंगे। यह हमारा वादा है। इसकी शुरुआत हमने अर्धनारी 2 के साथ कर दी है। भोजपुरिया ज्वार के दशकों से आग्रह होगा कि आप भी अपना प्यार उसने पिछले बरस की भांति ही बनाए रखें। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार एवं एस. के. चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एस. के. चौहान का है। संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, शेखर मधुर, मुन्ना दुबे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### कार ट्राली से टकरायी, तीन की मौत

**चंडीगढ़** : पंजाब में जालंधर-अमृतसर हाइवे पर सोमवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पराली से लदी एक ट्राली से जा टकरायी, जिससे कार में सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार कार अमृतसर से आ रही थी। कार अनियंत्रित होकर ट्राली के पिछले भाग से टकरायी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सोलह करोड़ रु में बदलेगा कपासन स्टेशन का स्वरूप

**जयपुर** : राजस्थान के अजमेर मण्डल मे चित्तौड़गढ़ - उदयपुर खंड पर स्थित कपासन रेलवे स्टेशन पर 16.39 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य किये जायेंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार चौहान ने बताया कि देश में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें कपासन स्टेशन भी शामिल हैं। इनका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।

### सरकारी कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 16 फरवरी को

**चंडीगढ़** :केन्द्र सरकार के पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग के गठन से इन्कार के खिलाफ सरकारी कर्मचारी 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। हड़ताल की अन्य प्रमुख मांगों में ठेका संविदा कर्मियों को नियमित करने, खाली पदों को भर बेरोजगारों को रोजगार देने,ट्रेड यूनियन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, बिजली संशोधन विधेयक, श्रम संहिताओं की वापसी, आयकर छूट की सीमा बढ़ाने, पेंशन प्राप्तकर्ताओं की 65, 70 व 75 साल की उम्र में बेसिक पेंशन में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी करने,एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाने की मांगें रहेंगी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल** : मध्यप्रदेश में महिला-बाल विकास विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा और साहिसक कार्यो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिये जाने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार महिला-बाल विकास विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिये समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत एवं संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए छह राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### मथुरा में दो बसों में भिड़ंत, 40 घायल

**मथुरा** :उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के राया कट के पास सोमवार तड़के घने कोहरे के बीच दो बसों की टक्कर से करीब 40 यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भोर करीब तीन बजे राया कट के पास यह हादसा उस समय हुआ, जब नोएडा से धौलपुर जा रही बस इटावा से आ रही दूसरी बस से टकरा गयी। इस हादसे में 40 यात्रियों के घायल होने की सूचना है जिनमें से 31 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जिला अस्पताल में भर्ती एक यात्री राहुल (25) की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि राजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया है, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिड़ंत के बाद एक्सप्रेस वे पर जाम लग गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को हटाकर यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

**युद्ध** — इजरायल ने हमास के खात्मे तक हमले की बात को दोहराया

# युद्ध के एक सौ दिन पूरे पर समाप्ति के आसार नहीं



राष्ट्रीय खबर

**तेल अवीवः** इजरायल बनाम हमास युद्ध के 100 दिन पूरे होने पर इजराइल ने हमास पर सैन्य दबाव बढ़ाने की कसम खाई है। इजराइल की सेना ने कहा कि वह इस्लामवादी हमास पर सैन्य दबाव और बढ़ाना चाहती है क्योंकि युद्ध 100वें दिन तक पहुंच गया है। इसकी घोषणा इजरायली चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी ने की। हलेवी ने कहा, हमने युद्ध जारी रखने और हमास पर सैन्य दबाव बढ़ाने के लिए दक्षिणी कमान की योजनाओं को मंजूरी दे दी है। दबाव से हमास को खत्म किया जाएगा और बंधकों की वापसी होगी। यह दबाव, और केवल यही, कई बंधकों को वापस लौटाने में सफल रहा है। रविवार को गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्ध के 100 दिन पूरे हो गए। यह 7 अक्टूबर को हमास और अन्य चरमपंथी समूहों द्वारा इजराइल पर विनाशकारी आतंकवादी हमले से शुरू हुआ था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 अन्य को बंधक बना लिया गया था। इजराइल ने बड़े पैमाने पर हवाई हमलों और जमीनी हमले का जवाब दिया। नवंबर में युद्धविराम के दौरान, 240 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 105 बंधकों को रिहा किया गया था। हलेवी ने कहा कि यह केवल सैन्य दबाव के कारण था कि उनमें से कई बंधकों को रिहा कर दिया गया। हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार, गाजा पट्टी में अब तक 23,000 से अधिक लोग इजरायली सेना द्वारा मारे गए हैं। हलेवी ने कहा, हमास नेतृत्व युद्धविराम पर अपनी उम्मीदें लगाए बैठा है और आश्वस्त है कि यह क्षण निकट है। हलेवी ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के साथ लड़ाई को भी संबोधित किया। यह समूह हमास के साथ संबद्ध है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी लेबनान का क्षेत्र एक युद्ध क्षेत्र है, और यह तब तक ऐसा ही रहेगा, जब तक हिजबुल्लाह वहां से संचालित होता है। हिजबुल्लाह ने लेबनान के पूरे राज्य को युद्ध क्षेत्र में बदलने का जोखिम उठाया है। युद्ध पहले से ही सबसे लंबा और सबसे घातक है 1948 में इजरायल की स्थापना के बाद से इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच लड़ाई जारी है और लड़ाई खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। इजराइल ने ऑपरेशन को जमीनी हमले में विस्तारित करने से पहले गाजा में कई हफ्तों तक तीव्र हवाई हमले किए। उसका कहना है कि उसका लक्ष्य हमास को कुचलना और समूह के पास अभी भी मौजूद 100 से अधिक बंधकों को छुड़ाना है। इस हमले ने गाजा में अभूतपूर्व विनाश किया है। लेकिन तीन महीने से अधिक समय के बाद, हमास काफी हद तक बरकरार है और बंधक कैद में हैं। इजरायली सेना का कहना है कि युद्ध 2024 तक चलेगा।

## बसपा अकेले दम पर लड़ेगी लोकसभा चुनावः मायावती




राष्ट्रीय खबर

**लखनऊ** : 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने की अटकलों को विराम देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव दलित,पिछड़े,गरीब और अल्पसंख्यकों के साथ अकेले दम पर लड़ेगी। अपने 68वें जन्मदिवस के मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेन्स में सुश्री मायावती ने कहा कि गठबन्धन को लेकर पार्टी का मानना है कि इस मामले में अभी तक का अनुभव यही रहा है कि गठबन्धन करके चुनाव लड़ने से उनकी पार्टी को फायदा कम व नुकसान ज्यादा होता है तथा इससे पार्टी का वोट प्रतिशत भी कम हो जाता है और फिर बसपा से गठबन्धन करने वाली पार्टी को पूरा फायदा पहुँच जाता है। यही मुख्य वजह है कि देश में अधिकांशः पार्टियाँ बसपा से गठबन्धन करके चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि हमें बसपा के हित को भी देखना जरूरी है जिसे मद्देनजर रखते हुये अब बसपा के लिए पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अकेले ही चुनाव लड़ना ज्यादा बेहतर होगा। उन्होने कहा कि लोकसभा आमचुनाव में व देश के अन्य ओर राज्यों में भी, अकेले चुनाव लड़कर, खासकर वोट प्रतिशत के हिसाब से पार्टी की काफी अच्छी स्थिति रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अब हर चुनाव में ईवीएम में काफी धांधली व बेईमानी आदि हो रही है, ऐसी आमधारणा है, जिसकी वजह से बसपा को भी यूपी समेत पूरे देश में काफी कुछ नुकसान हो रहा है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री गंगा स्नान के लिए पहुंचे सागर द्वीप

राष्ट्रीय खबर



**सागर द्वीपः** मकर संक्रांति के अवसर पर पश्चिम बंगाल के गंगासागर में में एकत्र हुए हजारों तीर्थयात्रियों ने सोमवार को गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम में पवित्र स्नान किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भीषण ठंड और कोहरे के बावजूद हज़ारों तीर्थयात्री गंगा स्नान के लिए एकत्रित हुये। सैकड़ों साधुओं और संन्यासियों के पवित्र डुबकी लगाने के बाद आम भक्तों ने आधी रात के बाद से कई चरणों में स्नान किया। सूर्य देव को जल अर्पित करने के बाद भक्त सीधे कपिल मुनि आश्रम मंदिर की ओर चल दिए और अगरबत्ती, पारंपरिक नारियल और चीनी से बने नकुल दाने से पूजा की। पंचांग के अनुसार 'महा स्नान' का शुभ समय सोमवार को लगभग 12.13 बजे शुरू हुआ और अगले 24 घंटों तक जारी रहेगा। कोलकाता से लगभग 110 किलोमीटर दक्षिण में राज्य के सबसे सुदूर दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित गंगा सागर द्वीप के आसपास अब तक किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। राज्य सरकार ने तीर्थयात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।

## अभिजीत मुहूर्त में होगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रमः चंपत राय


राष्ट्रीय खबर



**अयोध्याः** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सोमवार को कहा कि 22 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य रामलला के मंदिर में विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम में मध्यान्ह अभिजीत मुहूर्त में होगा। श्री राय ने यहां श्रीराम मंदिर कार्यशाला रामघाट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी विक्रम संवत 2080 तदनुसार 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का पवित्र योग आ गया है। समस्त शास्त्रीय विधि का पालन करते हुए प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मध्य अभिजीत मुहूर्त में होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की विधि 16 जनवरी से प्रारम्भ होकर 21 जनवरी तक चलेगी। 16 जनवरी को प्रायश्चित एवं कर्म कुटी पूजन, 17 जनवरी को मूर्ति का परिसर प्रवेश, 18 जनवरी सायंकाल तीर्थ पूजन एवं जल यात्रा, जलाधिवास एवं गंधाधिवास, 19 जनवरी प्रातः औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास सााायंकाल धान्याधिवास 20 जनवरी प्रातः शर्कराधिवास, फलाधिवास, एवं सायंकाल पुष्पाधिवास 21 जनवरी प्रातः मध्याधिवास, सायंकाल शय्याधिवास, इस प्रकार द्वादश अधिवास होंगे, सामान्यतया प्राण-प्रतिष्ठा में सप्त अधिवास होते हैं।

## मोदी के मिशन के तहत किया जा रहा है रेलवे जंक्शनों का पुनर्निर्माणः वैष्णव

राष्ट्रीय खबर



**भुवनेश्वर** : रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन के तहत देशभर में रेलवे जंक्शनों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है और उन्हें वैश्विक स्तर का बनाया जा रहा है। श्री वैष्णव ने रविवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री रेलवे जंक्शनों का आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाना जाहते हैं और उनके मिशन के अनुसार देशभर के 1309 जंक्शनों का अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ओडिशा में 57 जंक्शन का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। रेल मंत्री ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा है कि बात चाहे ओडिशा की हो या केरल की, मध्य प्रदेश के जंक्शनों के पुनर्निर्माण की बात हो या बेंगलुरु की, हर जगह को सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहास धरोहरों को संजो को उन्हें वैश्विक स्तर का बनाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि धरोधरों का संजोना ही विकास है।'' वहीं अयोध्या धाम जंक्शन के बाद पुरी में यहां के प्रतीक और देश के चार धामों में से एक जगन्नाथ मंदिर की थीम पर रेलवे जंक्शन का पुनर्निर्माण करवे को लेकर जब उनसे पूछा गया कि सरकार की योजना देशभर में इस तरह के कितने रेलवे जंक्शन के पुनर्निर्माण करवाने की है, तो उन्होंने कोई आंकड़ा तो नहीं बताया, लेकिन इतना स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकार रेलवे जंक्शनों का पुनर्निर्माण सांस्कृति, धार्मिक और ऐतिहास धरोहरों पर ध्यान केंद्रित कर करवा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का मंशा यात्रियों के लिए जंक्शनों पर हर तरह की सुविधा मुहैया कराने की है।

**आकलन** — रूसी हमलों के दौरान अनेक मिसाइलों को निष्क्रिय किया

# इलेक्ट्रानिक युद्ध के परिणामों से यूक्रेन उत्साहित

राष्ट्रीय खबर



**कियेबः** इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के माध्यम से सक्रिय जवाबी उपायोंर की मदद से 20 से अधिक मिसाइलों को निष्क्रिय करना यूक्रेन की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि यूक्रेनी ईडब्ल्यू संपत्तियों को आमतौर पर रूसी ड्रोन को निष्क्रिय करने का श्रेय दिया जाता है, लेकिन मिसाइल प्रणालियों को नहीं। आईएसडब्ल्यू ने पहले आकलन किया है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का हमला अभियान और नए रूसी स्ट्राइक सिस्टम का मुकाबला करने के लिए यूक्रेनी अनुकूलन लंबी दूरी की विमानन और वायु रक्षा क्षमताओं के बीच व्यापक सामरिक और तकनीकी हमले-रक्षा दौड़ का हिस्सा है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने कहा कि 13 जनवरी को रूसी मिसाइल हमला उस हमले के समान था जो रूसी सेना ने 8 जनवरी और पिछले समय में किया था। युद्ध अध्ययन संस्थान का मानना है कि इहनात के शब्दों से संकेत मिलता है कि यूक्रेनी सेनाएं बार-बार होने वाले रूसी हमलों में पैटर्न को पहचान सकती हैं और तदनुसार, नवाचारों को पेश कर सकती हैं और उनके अनुकूल हो सकती हैं। रूस के संयुक्त हवाई हमले के दौरान 20 से अधिक रूसी मिसाइलें और ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे। 13 जनवरी की सुबह यूक्रेन क्योंकि उन्होंने उड़ान के बीच में विस्फोट किया, आबादी रहित क्षेत्रों में उतरे, या यूक्रेनी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से प्रभावी प्रतिक्रिया का सामना किया। रूसी सेनाओं ने संपूर्ण अग्रिम पंक्ति के साथ जारी स्थितिगत व्यस्तताओं के बीच क्रेमिन्ना और अवदीवका के पास पुष्टि की।

बड़े पैमाने पर चल रहे सैन्य सुधारों के हिस्से के रूप में रूसी सेनाएं संयुक्त हथियार जमीनी संरचनाओं के भीतर हवाई हमला ब्रिगेड का गठन कर सकती हैं। इस बीच रूसी अधिकारी इन क्षेत्रों को रूस में एकीकृत करने और कब्जे वाले क्षेत्रों में एक सक्रिय नागरिक समाज का माहौल बनाने के प्रयास में कब्जे वाले यूक्रेन में सामाजिक परियोजनाओं को वित्त पोषित करना जारी रखते हैं। यूक्रेन को शनिवार तड़के एक बड़े रूसी मिसाइल हमले का सामना करना पड़ा, जबकि उसकी हवाई सुरक्षा सामान्य से कहीं कम अनुपात में उन्हें मार गिराने में सक्षम थी। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने 37 मिसाइलें और तीन ड्रोन लॉन्च किए। सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा गया, आठ मिसाइलों को मार गिराया गया। वायु सेना के प्रवक्ता ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि यूक्रेन अब वायु रक्षा मिसाइलों की कमी से जूझ रहा है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि कम हिट दर का कारण यह या कोई अन्य कारक था। वायु सेना ने कहा कि रात भर इस्तेमाल की गई अधिकांश प्रकार की मिसाइलें बेहद तेज गति से चलने वाली बैलिस्टिक प्रकार की थीं। इन्हें मार गिराना कहीं अधिक कठिन है।

## न्यूज फटाफट

### चुनौतियों के लिए एकजुट रहेंगे ताइवान, अमेरिका : इंग-वेन

**वाशिंगटन** : ताइवान की निवर्तमान नेता त्साई इंग-वेन ने सोमवार को कहा कि उनका देश और अमेरिका भविष्य में विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होंगे। सुश्री इंग-वेन ने एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह घोषणा की। प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्टीफन हेडली और पूर्व उप विदेश मंत्री जेम्स स्टाइनबर्ग शामिल है। उन्होंने कहा, ''भविष्य में जिस तरह हमने मिलकर महामारी से लड़ाई लड़ी, उसी तरह हम विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे।'' उन्होंने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों की यात्रा से न केवल ताइवान के लोकतंत्र के लिए अमेरिका का समर्थन प्रदर्शित हुई है , बल्कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दृढ़ साझेदारी भी परिलक्षित हुई है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जलवायु स्थिरता, वैज्ञानिक विकास और शिक्षा को कवर करने के लिए साझेदारी का विस्तार होगा तथा द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा दिया जाना जारी रहेगा। ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के लाई चिंग-ते को शनिवार को 40.05 प्रतिशत वोट हासिल करने के बाद द्वीप के प्रमुख के चुनाव का विजेता घोषित किया गया।

### हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक पर हमला किया

**वाशिंगटन** : यूएसएस लैबून विध्वंसक यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) की ओर से लाल सागर में किए गए मिसाइल हमले की चपेट में आ गया हालांकि युद्धपोत से टकराने से पहले ही मिसाइल को रोक लिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोमवार को कहा कि 14 जनवरी को शाम लगभग 4:45 बजे (सना समय), एक एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल को यमन के ईरानी समर्थित हाउती उग्रवादी इलाकों से यूएसएस लाबून (डीडीजी 58) की ओर दागा गया, जो दक्षिणी लाल सागर में सक्रिय था। बयान में कहा गया है कि एक अमेरिकी लड़ाकू जेट ने यमन के तट पर अल हुदायदाह शहर के पास इस मिसाइल को नष्ट कर दिया। नवंबर 2023 में हाउती ने इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने के अपने इरादे की घोषणा की तथा अन्य देशों के जहाजों से अपने चालक दल को वापस बुलाने का आग्रह किया। हाउती ने तब तक अपने हमले जारी रखने का संकल्प लिया है जब तक कि इजरायल गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई समाप्त नहीं कर देता। गौरतलब है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 19 दिसंबर को लाल सागर को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन मिशन में भाग लेंगे।

### गाजा में 100 दिनों के संघर्ष में करीब नौ हजार 'आतंकवादी' मारे गयेःइजरायल

**यरूशलम** :इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया है कि हमास के खिलाफ 100 दिनों के सशस्त्र संघर्ष में गाजा पट्टी में नौ हजार से अधिक 'आतंकवादी' मारे गए। आईडीएफ ने रविवार को एक बयान जारी करके कहा,'' हमारे रक्षा बलों ने हमास के दो ब्रिगेड कमांडर, 19 बटालियन कमांडर और 50 से अधिक कंपनी कमांडरों का खात्मा कर दिया। हमारी सेना ने दुश्मन के क्षेत्र के लगभग 30 हजार लक्ष्यों पर हमले किये।'' बयान के अनुसार इस दौरान दक्षिणी लेबनान में लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष बढ़ने के साथ इजरायली सेना ने लगभग 170 'आतंकवादियों' को मार गिराया और लगभग 750 लक्ष्यों पर हमले किये। आईडीएफ ने पिछले साल सात अक्टूबर से वेस्ट बैंक में 40 से अधिक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया है। उसके अनुसार इस दौरान 2,650 से अधिक वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से करीब 1,300 हमास के कार्यकर्ता हैं।साथ ही,आतंकवादियों के कम से कम 14 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया । हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमले किये और उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन करके सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की।

### अमेरिका में एयर गुब्बारा फटने से से चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस** :अमेरिका के रेगिस्तानी राज्य एरिजोना में रविवार को एक एयर गुब्बारा फट गया जिससे चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एलॉय पुलिस विभाग के अनुसार यह हादसा स्थानीय समय सुबह लगभग सात बजकर 50 मिनट पर ग्रामीण रेगिस्तानी इलाके में हुआ। यह इलाका राज्य की राजधानी फीनिक्स से लगभग 105 किमी दक्षिण-पूर्व में है। स्थानीय 'केएनएक्सवी' समाचार चैनल के अनुसार हादसे के समय एयर गुब्बारे में आठ स्काइडाइवर, चार यात्री और एक पायलट सहित कुल 13 लोग थे। दुर्घटना से पहले स्काइडाइवर गुब्बार से बाहर निकल गए थे।प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि जोरदार धमाके से पहले गुब्बारा सीधा ऊपर और नीचे गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अन्य तीन घायलों की बाद में मृत्यु हो गई।एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

## आज का इतिहास

- 1556 : फ़लिप द्वितीय स्पेन के सम्राट बने।
- 1581 : ब्रिटिश संसद ने रोमन कैथोलिक मत को ग़ैर क़ानूनी घोषित किया।
- 1681 : महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में क्षत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
- 1761 : अंग्रेजों ने पांडिचेरी से फ़्राँसीसियों का अधिकार छीना।
- 1769 : कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
- 1943 : इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
- 1947 : विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1920 :'लीग ऑफ़ नेशंस' ने पेरिस में अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की।
- 1955 :पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
- 1969 : सोवियत अंतरिक्ष यानों 'सोयुज 4' और 'सोयुज 5' के बीच पहली बार अंतरिक्ष में सदस्यों का आदान-प्रदान हुआ।
- 1979 : 'शाह ऑफ़ ईरान' सपरिवार मिस्र पहुँचे।
- 1984 : रूस में रूसी वायुसेना के लिए बनाए गए सुखोई एसयू-27 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मृत्यु हो गई। इस हादसे की जांच पूरी होने तक रूसी रक्षा मंत्रालय ने सुखोई के पूरे बेड़े की उड़ान पर रोक लगा दी।
- 1991 : पहला खाड़ी युद्ध (अमेरिका की इराक के ख़िलाफ़ सैन्य कार्रवाई शुरू)।
- 1992 : भारत और ब्रिटेन के बीच प्रत्यर्पण संधि।
- 1995 : चेचेन्या के गृहयुद्ध को रोकने के लिए रूसी प्रधानमंत्री विक्टर चेर्नोमिर्दिन और चेचेन्या प्रतिनिधिमंडल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1996 : हब्बल अंतरिक्ष दूरबीन के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में 100 से अधिक नये आकाशगंगा को खोज निकालने का दावा किया।
- 1989 : सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की अपनी योजना की घोषणा की।
- 1999 : भारत के अनिल सूद विश्व बैंक के उपाध्यक्ष बने।
- 2000 : चीन सरकार ने दो वर्षीय तिब्बती बालक को 'साकार बुद्ध' के पुरावतार के रूप में मान्यता प्रदान की।
- 2003 : भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
- 2005 :अमेरिक के संघीय जांच ब्यूरो (एफ़बीआई) ने जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख अज़हर पर शिकजा कसने के लिए भारत से मदद मांगी।
- 2006 : समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
- 2009 : उत्तर प्रदेश को हराकर मुम्बई ने रिकॉर्ड 38वीं बार रणजी चैम्पियनशिप जीती।

## हनुमान व जामवंत ने निकाली रथ से आमंत्रण यात्रा

रांची:चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य राम मंदिर को लेकर आमंत्रण यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा रातू रोड के इंद्रपुरी स्थित शिव मंदिर बिड़ला मैदान से निकाल कर रातू रोड अपर बाजार मेन रोड, शहीद चौक, फिरायालाल चौक, महात्मा गांधी चौक होते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया। इस रथ में वीर हनुमान और जामवंत विराजमान थे।

जवाब

### ईडी ने दो दिन पहले सीएम हेमंत को पत्र लिखा था

# सीएम हेमंत को ईडी ने लिखा था पत्र, बंद लिफाफे में पहुंचा जवाब

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रांचीः मुख्यमंत्री को ईडी द्वारा आठवें समन मिलने के बाद सीएम कार्यालय से उसका जवाब ईडी ऑफिस में भेज दिया गया है। आठवें समन का जवाब मुख्यमंत्री कार्यालय से सचिवालय कर्मी ने ईडी कार्यालय में जमा कर दिया है। सोमवार को करीब 2:00 बजे सीएम कार्यालय से आए एक कर्मचारी ने ईडी कार्यालय में पहुंचकर एक लिफाफा जमा किया है। मुख्यमंत्री को ईडी कार्यालय की तरफ से आठ समन भेजे जाने के बाद कई तरह के सवाल उठ रहे थे। झारखंड में विपक्षी पार्टियों ने मुख्यमंत्री के जवाब नहीं देने पर सरकार और हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधते रहे।




बता दें कि मुख्यमंत्री को अवैध खनन और आय से अधिक संपत्ति मामले को लेकर ईडी ने मुख्यमंत्री को समन भेजा था। जिस पर मुख्यमंत्री ने पूर्व में मीडिया के सामने जवाब देते हुए कहा है कि वह अपने चल अचल संपत्ति से संबंधित सारे दस्तावेज पूर्व में ही जमा करवा चुके हैं। उसके बावजूद भी यदि उन्हें समन भेजा जाता है और तंग करने की कोशिश की जाती है। इससे यही प्रतीत होता है कि जनता के द्वारा चुनी गई सरकार को परेशान किया जा रहा है।

ईडी के द्वारा लगातार समन भेजे जाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी ने केंद्र एजेंसियों पर कई सवाल भी उठाया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से यह बयानबाजी भी की जाती रही है कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से राज्य की सरकारों को परेशान करना चाहती है।

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का लगातार समन मिलने के बाद झारखंड में राजनीतिक भूचाल भी देखने को मिला। गांडेय के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे को भी इस कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद समन का जवाब नहीं देने के बाद ईडी अब आगे कार्रवाई करेगी जिससे हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री पद भी जा सकता था।

## राममय होने लगी राजधानी: श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में धोनी को मिला न्योता

राष्ट्रीय खबर



**रांची :**अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों का उत्साह चरम पर होने लगा है। इन सब के बीच जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी पद्म भूषण महेंद्र सिंह धोनी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह सोमवार को उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे।महेंद्र सिंह धोनी को आमंत्रण पत्र देते हुए आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह ने इसमें शामिल होने का आग्रह किया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा भी धोनी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था। अब देखना होगा कि धोनी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं कि नहीं। गौरतलब है कि धोनी सहित रांची के 06 बड़ी हस्तियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा आमंत्रित किया गया है।रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में सांसद संजय सेठ ने कहा है कि न केवल इस अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए बल्कि मांस मदिरा की बिक्री भी प्रतिबंधित की जाए। उन्होंने कहा है कि 22 जनवरी 2024 भारतीय इतिहास के लिए वह दिन है जिसकी प्रतिक्षा सदियों से भारत के लोग कर रहे थे यह दिन लंबे संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है।अयोध्या में रामलला की पुनः प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए सौभाग्य की बात है क्योंकि झारखंड से भगवान श्री राम का भी अनन्य प्रेम रहा है। भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी की जन्मस्थली भी झारखंड ही है। संजय सेठ ने कहा कि यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है। संविधान और शासन व्यवस्था में हम जिस रामराज्य की संकल्पना की बातें करते हैं उसी राम की पुनः प्राण प्रतिष्ठा सदियों के बाद हो रही है। ऐसे में हम सभी के लिए यह गौरव की बात है।

## अवैध खनन मामला: ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे आर्किटेक्ट विनोद सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रांची :**साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रीड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह से सोमवार को ईडी ऑफिस में पूछताछ होनी थी। 11 बजे ही उन्हें ईडी ऑफिस पहुंचना था, लेकिन अबतक नहीं पहुंचे हैं। उनकी ओर से कोई सूचना भी ईडी को नहीं भेजी गई है। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था, हालांकि वे भी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके अलावा मंगलवार (16 जनवरी) को सीएम के प्रेस सलाहकार को भी ईडी ने पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा गया है। झारखंड कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी है, वह राज्य सरकार के अफसरों को किस आधार पर पूछताछ के लिए समन कर रही है।साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में ईडी ने बीते तीन जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। ईडी ने एक साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, मुख्यमंत्री के दोस्त विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिए निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं। बरामदगी के आधार पर ही ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है।




### सांसद संजय सेठ ने सीएम को लिखी चिट्ठी

**रांची :**रांची के सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है, साथ ही उस दिन राज्य में मांस और शराब की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। संजय सेठ ने कहा कि 22 जनवरी 2024 भारतीय इतिहास का वह दिन है जिसकी प्रतीक्षा सदियों से भारत का जनमानस कर रहा था। यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है। हम अपने आराध्य रामलला की पुनः प्रतिष्ठा अयोध्याधाम में कर रहे हैं। इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि झारखंड से भगवान श्रीराम का भी अनन्य प्रेम रहा है। भगवान राम के भक्त हनुमान की जन्मस्थली भी झारखंड ही है।

## 50 किलोमीटर लंबा होगा रांची का इनर रिंग रोड, दो पर काम हुआ शुरू, ट्रैफिक होगा सुगम



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रांची शहर को अंदर-अंदर सड़कों से जोड़ने के लिए 10 इनर रिंग रोड डेवलप किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने इन सड़को को चिह्नित कर कम से कम चार लेन बनाने की योजना तैयार की है, ताकि शहरी ट्रैफिक लोड काफी कम हो सके और आवागमन सुगम हो। लगभग 50 किमी रोड को इनर रिंग रोड के रूप में फिलहाल डेवलप करने की योजना बनायी गयी है। दस फेज में बनने वाले इन इनर रिंग रोड के दो फेज पंडरा से कांके झिरगा टोली, 5.176 किमी व खेलगांव से दुर्गा सोरेन चौक तक की 6.175 किमी रोड की मंजूरी दी गयी है।वर्तमान रिंग रोड लगभग 86 किमी है वहीं, प्रस्तावित आउटर रिंग रोड 195 किमी निर्माण कराये जाने की योजना है। पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि रांची इनर रिंग रोड के बनने से राजधानी का ट्रैफिक लोड काफी हद तक कम हो जायेगा। जल्द ही सारी परियोजनाओं की स्वीकृति व टेंडर इत्यादि की प्रक्रिया पूरी कर काम प्रारंभ किया जायेगा।


### भारत मौसम विज्ञान विभाग का 150वां स्थापना दिवस मना

**रांची:** 15 जनवरी 2024 को भारत मौसम विज्ञान विभाग के स्थापना के 150वें वर्ष पर मौसम केंद्र रांची में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में विमानपत्तन निदेशक आरआर मौर्य, क्षेत्रीय निदेशक अशोक लकड़ा, (नागर विमानन मंत्रालय) बीसीएएस, प्राध्यापक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय डॉ। रमेश कुमार उपस्थित हुए। वरिष्ठ वैज्ञानिक एई कुजूर ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान और चेतावनी के महत्व को बताया। सतीश चंद्र मंडल मौसम विज्ञानी-बी के द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से भारत मौसम विज्ञान विभाग के डेढ़ सौ वर्ष के गौरवशाली इतिहास को दर्शाया गया एवं मौसम केंद्र, रांची द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मौसम सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## राजधानी रांची में पिछले कुछ दिनों से जारी है लोड शेडिंग, लोग परेशान

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** पिछले कुछ दिनों से राजधानी में लोड शेडिंग की जा रही है। जिससे आम जनता को परेशान देखा जा रहा है। लोड शेडिंग सुबह के समय में किया जा रहा है। 13 जनवरी से रांची में लोड शेडिंग की जा रही है। जहां औसतन एक घंटे के बाद बिजली कटौती का सामना लोग कर रहे है। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो राजधानी में तकनीकी कारणों से बिजली काटी जा रही है। इसमें कुछ हिस्सों में मरम्मत कार्य किये जा रहे है। ग्रिड सब स्टेशन में मरम्मत कार्य के कारण बिजली कटौती हो रही है। वहीं, कुछ हिस्सों में पावर स्टेशन की ओर से ब्रेक लेने के कारण बिजली काटौती की जा रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की मानें तो इस दौरान राजधानी में लगभग 80 से 100 मेगावाट बिजली की लोड शेडिंग की गयी।विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो 13 से 15 जनवरी की सुबह तक नामकुम, लोआडीह, तुपूदाना, हिनू, चुटिया, बहुबाजार, कांटा टोली, डंगरा टोली, मेन रोड, कोकर समेत अन्य हिस्सों में बिजली कटौती की गयी। ठंड के मौसम में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। जहां एक ओर गीजर, वाटर हीटर, रूम हीटर समेत अन्य उपकरण बिजली पर निर्भर है। वहीं बिजली कट जाने से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। इन उपकरणों का इस्तेमाल मुश्किल हो जाता है। वहीं, स्कूल भी खुल जाने के कारण बच्चों को विशेष परेशानी हो रही है।



मौसम

### शीतलहर की चपेट में झारखंड

## चतरा का तापमान 1.2 डिग्री, राजधानी का 6.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

राष्ट्रीय खबर

**रांची :**राज्य में ठंड का प्रकोप एक बार फिर से देखा जा रहा है। राज्यवासियों को सर्द हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। केंद्र के अनुसार 15 जनवरी को राज्य में शीतलहर का असर देखा जायेगा। शीतलहर का असर 16 जनवरी को भी देखा जायेगा। इस दौरान सुबह और शाम के वक्त घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं, 17 और 18 जनवरी को बादल छाये रहेंगे। इस दौरान हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना भी व्यक्त की गयी है।विभाग की मानें तो इस दौरान राज्य के पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश होगी। कुछ जिलों में इस दौरान दिन के समय में भी कोहरा छाया रहेगा। ऐसे में पलामू, लातेहार, गढ़वा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, रांची समेत अन्य जिलों में बारिश की संभावना है।तापमान की बात करें तो आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। इस दौरान तापमान में कमी और हवाओं मे नमी महसूस की जायेगी। इसके बाद 18 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। हालांकि 20 जनवरी के बाद राज्य में फिर से मौसम में बदलाव की जानकारी दी गयी है। जिससे ठंड में वृद्धि दर्ज की जायेगी। 18 जनवरी तक राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज की जायेगी।पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज किया गया। चतरा का तापमान 1.2 डिग्री दर्ज किया गया। गुमला और पलामू का तापमान 3.3 रहा। जबकि धनबाद, लातेहार, लोहरदगा का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस तक रहा। राजधानी रांची की बात करें तो सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाया रहेगा। वहीं17 और 18 जनवरी को राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। साथ ही हल्के दर्जे की बारिश भी दर्ज की जायेगी।



